

23:07:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय खबर
# हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 200 | epaper.rashtriyakhabar.com | श्रावण (अधिक), शुक्लपक्ष पंचमी, विक्रम संवत 2080

## विदुर नीति

निश्चित्य यः प्रक्रमते नान्तर्वसति कर्मणः।
अवन्ध्यकालो वश्यात्मा स वै पंडित उच्यते॥

**भावार्थ** : जो व्यक्ति पहले भली प्रकार विचार कर निश्चय कर लेने पर कार्य आरंभ करता है, एक बार आरंभ कर दिये जाने पर फिर बीच में नहीं छोड़ता, समय को नष्ट नहीं करता और स्वयं को वश में रखता है वही पंडित कहलाता है।

**रांची पारा अपडेट**

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 29.00 °c | 24.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 18 .35 बजे
सूर्योदय (कल) ›› 05 .14 बजे

## आक्रोश › मणिपुर के माहौल का असर मिजोरम पर भी दिखा

# मैइती समुदाय को मिजोरम छोड़ने की चेतावनी दी गयी

- नोंगपोक सेकमाई थाना के करीब की घटना
- पुलिस पर मूक दर्शक बने रहने का आरोप
- सर्वश्रेष्ठ पुलिस स्टेशन के पास शर्मनाक घटना

**भूपेन गोस्वामी**





**गुवाहाटी:** वर्ष 2020 में मणिपुर के थौबल जिला के नोंगपोक सेकमाई पुलिस स्टेशन को देश का सर्वश्रेष्ठ पुलिस स्टेशन का खिताब मिला था। अब इसी पुलिस स्टेशन से महज 850 मीटर की दूरी पर बी फैनम गांव के पास हुई। उस थाना के एक किलोमीटर के अंदर मणिपुर की दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर सड़क पर घुमाया गया और उनके साथ सामूहिक बलात्कार किया गया। 2020 में, नोंगपोक सेकमाई पुलिस स्टेशन को केंद्र द्वारा देश का सर्वश्रेष्ठ पुलिस स्टेशन चुना गया था। केंद्र सरकार द्वारा हर साल देश के सर्वश्रेष्ठ पुलिस स्टेशनों का चयन किया जाता है। वह चयन विभिन्न संकेतकों पर आधारित है। गृह मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, महिलाओं के खिलाफ अपराध और समाज के कमजोर वर्गों पर अत्याचार को रोकने में पुलिस स्टेशन की भूमिका के आधार पर सबसे सक्षम पुलिस स्टेशन को सर्वश्रेष्ठ खिताब दिया जाता है। तदनुसार, 2020 में, नोंगपोक सेकमाई पुलिस स्टेशन को केंद्र द्वारा देश का सर्वश्रेष्ठ पुलिस स्टेशन चुना गया था। संयोग से, बुधवार को सोशल मीडिया पर फैले मणिपुर के एक वीडियो पर देशभर में तीखी प्रतिक्रिया हुई है। वीडियो में दो महिलाओं को सिरफिरे लोगों की भीड़ ने निर्वस्त्र कर दिया।

**दूसरी तरफ शुक्रवार को जारी एक अधिसूचना के मुताबिक**

दूसरी तरफ शुक्रवार को जारी एक अधिसूचना के मुताबिक, मणिपुर में महिलाओं के खिलाफ हिंसा की घटना सामने आने के बाद मिजो युवा गुस्से में हैं। मैइती समुदाय को सुरक्षा के हित में राज्य छोड़ने के लिए कहा गया है। मणिपुर की घटना का असर पड़ोसी राज्य मिजोरम पर भी पड़ा। अब लगभग तीन महीने से, मणिपुर कुकी और मेइतेई लोगों के बीच सांप्रदायिक संघर्ष की गर्मी में है। इस बार पामरा नाम के संगठन ने मिजोरम में रहने वाले मेइतियों को राज्य छोड़ने के लिए बुलाया। हालांकि, संगठन की ओर से जारी बयान में मेईतियों के राज्य छोड़ने के अनुरोध की जानकारी दी गई है। साथ ही यह भी बताया गया है कि मैइती समुदाय के लोग ही आगे किसी भी अत्याचार के लिए खुद जिम्मेदार होंगे। इस बयान के बाद ही मिजोरम सरकार ने अपने इलाके में मैइती समुदाय की सुरक्षा बढ़ाने का फैसला किया।

आरोप है कि दोनों महिलाओं में से एक के साथ सामूहिक बलात्कार किया गया। मणिपुर पुलिस का दावा है कि तस्वीर 4 मई को

›› पेज 2 भी देखें

## हब्बल टेलीस्कोप ने बताया की डिमोर्फोस के टुकड़े चारों तरफ हैं

# उल्कापिंड का रास्ता बदले के मिशन के सफल होने की पुष्टि

**राष्ट्रीय खबर**



**वाशिंगटन:** भविष्य में धरती की तरफ आते किसी उल्कापिंड को किसी अंतरिक्ष यान की टक्कर से हटाया जा सकता है। इस तकनीक को समझने के लिए जो डार्ट मिशन आजमाया गया था। वह सफल रहा है। हबल स्पेस टेलीस्कोप ने क्षुद्रग्रह डिमोर्फोस के चारों ओर पत्थरों का एक झुंड देखा है, जिसे नासा के डार्ट अंतरिक्ष यान ने जानबूझकर चक्कर मारा था। डबल क्षुद्रग्रह पुनर्निर्देशन परीक्षण (डार्ट) अंतरिक्ष यान, जिसका वजन लगभग 1,200 पाउंड (544 किलोग्राम) है, अंतरिक्ष चट्टान के वेग को बदलने के लिए 26 सितंबर, 2022 को 13,000 मील प्रति घंटे (20,921 किलोमीटर प्रति घंटे) की गति से डिमोर्फोस से टकराया।

परिणामों से पता चला कि इस गतिज प्रभाव तकनीक का उपयोग क्षुद्रग्रहों को विक्षेपित करने के लिए कैसे किया जा सकता है जो पृथ्वी के साथ टकराव के रास्ते पर हो सकते हैं। न तो डिमोर्फोस और न ही डिडिमोस, यह जिस बड़े क्षुद्रग्रह की परिक्रमा करता है, वह पृथ्वी के लिए खतरा पैदा करता है। डार्ट प्रभाव सफल रहा, जिससे डिडिमोस के चारों ओर डिमोर्फोस की कक्षीय अवधि 33 मिनट तक बदल गई। ग्रह रक्षा का यह पहला परीक्षण, जो पृथ्वी से 7 मिलियन मील (11.3 मिलियन किलोमीटर) दूर हुआ, ने 1,000 टन से अधिक सामग्री भी अंतरिक्ष में छोड़ी। हबल द्वारा उपलब्ध कराये गये डेटा के अनुसार, उस सामग्री में से कुछ में 37 बोल्डर शामिल हैं, जिनका आकार 3 फीट से 22 फीट (0.9 मीटर से 6.7 मीटर) व्यास तक है। इस टक्कर के बाद डिमोर्फोस की सतह से चट्टानें हिलने की संभावना है, जो लगभग 0.5 मील प्रति घंटे (0.8 किलोमीटर प्रति घंटे) या एक विशाल कछुए की चलने की गति से क्षुद्रग्रह से दूर जा रही हैं। यह एक शानदार अवलोकन है - मेरी अपेक्षा से कहीं बेहतर। हम देखते हैं कि पत्थरों का एक बादल द्रव्यमान और ऊर्जा को प्रभाव लक्ष्य से दूर ले जा रहा है। एक बयान में कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, लॉस एंजिल्स के एक प्रतिष्ठित प्रोफेसर, ग्रह

›› पेज 2 भी देखें

## उत्तरी चीन में बाढ़ के लिए चेतावनी

**बीजिंग:** चीन के बाढ़ नियंत्रण और सूखा राहत मुख्यालय ने देश के उत्तरी हिस्सों में भारी बारिश के अनुमान के मद्देनजर शनिवार को लेवल चार की आपातकालीन बाढ़ नियंत्रण चेतावनी जारी की। आपातकालीन चेतावनी इनर मंगोलिया, लियाओनिंग, जिलिन और हेइलोंगजियांग जैसे क्षेत्रों में लागू है। इनमें से कुछ क्षेत्रों में आज और कल भारी बारिश होने की आशंका है।बाढ़ राहत कार्यों का मार्गदर्शन करने के लिए एक टीम लियाओनिंग प्रांत भेजी गई है। मुख्यालय ने स्थानीय अधिकारियों को निगरानी और पूर्वानुमान कार्य बढ़ाने, जोखिम वाले लोगों को समय पर स्थानांतरित करने और बाढ़ की रोकथाम तथा बचाव कार्य की तैयारी करने का निर्देश दिया है। चीन में चार स्तरीय बाढ़ नियंत्रण आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली है, जिसमें स्तर-एक सबसे गंभीर चेतावनी है।

## यूनान में तापमान 45 डिग्री पहुंच सकता है: वैज्ञानिक

**एथेंस:** यूरोपीय देश यूनान में इस सप्ताह के आखिर में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ने के आसार है। मौसम वैज्ञानिकों ने यह चेतावनी जारी की है। उन्होंने कहा कि इस दौरान लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। इसके मद्देनजर लोगों को घर पर रहने की सलाह दी गई है और एथेंस के प्राचीन एक्रोपोलिस सहित देश के सभी पर्यटक स्थल अगले दो दिनों लिए बंद कर दिया गया है। देश के शीर्ष मौसम वैज्ञानिक का मानना है कि यूनान में इस वर्ष की गर्मी 50 वर्षों का रिकॉर्ड टूट सकता है। इस बीच अग्निशमन कर्मी कई जंगलों में लगी आग को काबू पाने में लगे हुए हैं। आपात स्थिति और नागरिक सुरक्षा अधिकारी ने देश भर में नई आग लगने के बड़े खतरे की चेतावनी दी हैं। पश्चिमी अटिका - एथेंस के ठीक पश्चिम में - दक्षिणी पेलोपोनिस में लैकोनिया और रोड्स द्वीप सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में से एक है।

## आईएएस अधिकारी ईडी की रिमांड पर

**रायपुर:** रायपुर के प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) के विशेष न्यायालय ने कथित रूप से कोयला वसूली मामले में गिरफ्तार छत्तीसगढ़ की भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की अधिकारी रानू साहू को तीन दिन के लिए ईडी को रिमांड पर सौंप दिया है। ईड़ी की टीम ने कल उनके राजधानी स्थित शासकीय आवास पर छापे की कार्रवाई की थी,उनसे लगातार पूछताछ के बाद आज गिरफ्तार कर ईडी के विशेष अदालत में पेश किया था,और उन्हे रिमांड पर दिए जाने की मांग की थी।तीन दिन के बाद उन्हे फिर ईडी विशेष न्यायलय में पेश करेंगी। ईडी ने कुछ माह पूर्व रायगढ़ के कलेक्टर रहते उनके शासकीय आवास पर छापा मारा था,और लम्बी पूछताछ की थी,तभी से उनकी गिरफ्तारी के कयास लगाए रहे थे।वह ईडी द्वारा गिरफ्तार की जाने वाली राज्य की दूसरी आईएएस अधिकारी है।

## महाकाल के दरबार पहुंचे लगभग 60 हजार लोग

**उज्जैन:** मध्यप्रदेश के उज्जैन में कल देर रात तेज बारिश के बावजूद आज तड़के श्रावण पुरुषोत्तम मास के पहले शनिवार भस्मार्ती में हजारों लोग पहुंचे और दोपहर तक लगभग 60 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने श्री महाकाल के दर्शन किए। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक संदीप कुमार सोनी ने बताया कि मंदिर में कल रात वर्षा के कारण कुछ स्थानों पर पानी भरने से समस्या हुई थी, जिसे तत्काल प्रभाव से निकाला जा चुका है। मंदिर में दर्शन व्यवस्था सुचारू रूप से चल रही है। तड़के तीन बजे भस्मार्ती के बाद से ही लगातार दर्शनार्थी श्री महाकालेश्वर भगवान के दर्शन कर रहे हैं। दोपहर लगभग 11 बजे तक मंदिर में लगभग 60 हज़ार दर्शनार्थियों ने श्री महाकालेश्वर भगवान के दर्शन किये।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

## दस कुकी विधायकों और महिलाओं ने की अलग राज्य की मांग

# एन बीरेन सिंह की सरकार संकट में

- महिला संगठनों ने की विशाल रैली आयोजित
- अपने अधिकारों की रक्षा के लिए लड़ेंगे कुकी
- मैतेई समुदाय के सीएम के इस्तीफे की मांग

**उत्तर पूर्व संवाददाता**



**गुवाहाटी:** मणिपुर में एन बीरेन सिंह के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार को मणिपुर में संकट से निपटने के लिए व्यापक आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। पिछले दो महीनों में जातीय हिंसा में कम से कम 200 लोग मारे गए हैं। मणिपुर की कुकी जनजातियों के शीर्ष संगठन कुकी इनपी मणिपुर (केआईएम) ने स्पष्ट रूप से कहा है कि एक अलग प्रशासन की। उसकी मांग का मतलब भारतीय संविधान के अनुच्छेद 3 के तहत एक नया राज्य है। दस कुकीआदिवासी विधायकों ने कहा कि पहाड़ी आदिवासियों के खिलाफ की गई हिंसा ने मणिपुर राज्य में अलगाव की भावना प्रबल हुई है।कुकी संगठन, महिलाएं अलग राज्य की मांग कर रही हैं। विधायकों ने मणिपुर में बहुसंख्यक मैतेई समुदाय के लोगों को राज्य में आदिवासियों के खिलाफ बेरोकटोक हिंसा के लिए जिम्मेदार ठहराया। हिंसा के दौरान उनके घर नष्ट हो गए और अब उनके पास लौटने की कोई जगह नहीं बची है। हालात इतने बेकाबू हो चुके हैं कि 10 आदिवासी कुकी विधायकों ने अलग राज्य की मांग कर दी है। 10 आदिवासी कुकी विधायकों और कुकी महिला ने कहा है कि वे अब इंफाल घाटी में मैतेई लोगों के साथ नहीं रह सकते हैं। कुकी के 10 आदिवासी विधायकों ने मौजूदा अशांति के लिए मुख्यमंत्री और भाजपा नेता एन बीरेन सिंह के नेतृत्व वाले राज्य प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया है। मणिपुर हिंसा में कम से कम 200 कुकी लोगों की जान गई है और एक लाख से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं।

›› पेज 2 भी देखें

## मणिपुर की हिंसा पर सदन में आकर जवाब दें मोदी : कांग्रेस





**नयी दिल्ली:** कांग्रेस ने कहा है कि मणिपुर को लेकर मोदी सरकार राजनीति कर रही है और इस मुद्दे पर विपक्ष के सवालों से भाग रही है इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संसद में मणिपुर को लेकर जवाब देने से बच रहे हैं। कांग्रेस नेता श्रीमती रंजीत रंजन ने शनिवार को यहां पत्रकारों से कहा कि लगभग तीन महीने से मणिपुर जल रहा है। महिलाओं के साथ अत्याचार हो रहे हैं और शर्मनाक घटनाएं वहां हुई है लेकिन श्री मोदी ने संसद की बजाय संसद के बहार इस मुद्दे पर बयान दिया है और उसमें भी राजस्थान तथा छत्तीसगढ़ जैसे कांग्रेस शासित राज्यों का नाम लेकर राजनीति की है। सरकार सदन के भीतर नहीं बल्कि बाहर बोलती है और अब बाल विकास तथा महिला कल्याण मंत्री ने इस पर बयान दिया है। केंद्रीय मंत्री को घेरते हुए उन्होंने कहा,जब भी मोदी सरकार डरती है, अपने मंत्रियों को बिल से बाहर निकालती है। ये एक भगोड़ी सरकार है जो विपक्ष से डरती है, सदन में आने से डरती है और सवालों से बचती है। हम चाहते हैं कि श्री मोदी सदन में आएं और मणिपुर में हो रही हिंसा पर चर्चा हो। उन्होंने कहा,मणिपुर के मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि वायरल वीडियो में जिस तरह महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार हुआ है, वैसी राज्य में सैकड़ों घटनाएं हुई हैं और कई प्राथमिकी दर्ज हैं। क्या इसकी जानकारी प्रधानमंत्री को नहीं होगी। जहां हिंसा हो रही है, वह अंतरराष्ट्रीय सीमा वाला इलाका है, तो क्या सरकार को सदन में इस बारे में जवाब नहीं देना चाहिए। इस बीच राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा, मुझे अफसोस है कि मणिपुर जल रहा है। कितने लोग मारे गये हैं, किसी को पता नहीं है। मणिपुर के मुख्यमंत्री कह रहे– वहां ऐसी सैकड़ों घटनाएं हुई हैं। मोदी जी खुद मणिपुर नहीं जाते लेकिन मीटिंग बुला सकते थे। रोज पता कर सकते थे, कंट्रोल कैसे होगा इस पर बात हो सकती थी।

## राष्ट्रीय रोजगार मेला में सत्तर हजार लोगों को नियुक्ति पत्र बांटा

# भारत को एक विकसित देश बनाने का संकल्प लें: मोदी

- विकास में युवाओं की सक्रिय भागीदारी हो
- एक साथ 44 स्थानों पर आयोजित हुआ मेला
- अब बैंक एनपीए के बदले मुनाफा कमा रहे हैं

**राष्ट्रीय खबर**



**नयी दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि लोगों ने अगले 25 वर्षों तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से राष्ट्रीय रोजगार मेले के तहत लगभग 70 हजार नवनियुक्तों को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद कहा, रोजगार मेला युवाओं को सशक्त बनाने और देश की प्रगति में उनकी सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करने का एक अच्छा प्रयास है। श्री मोदी ने कहा, वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के हमारे प्रयासों में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। देशभर में 44 स्थानों पर रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। इस पहल का समर्थन करने वाले केंद्र सरकार के विभागों के साथ-साथ राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों में भर्तियां हो रही हैं। उन्होंने कहा, जब देश विकास के पथ पर काम कर रहा है और आजादी का अमृत महोत्सव के दौरान सरकारी कर्मचारी के रूप में काम करने का अवसर मिलना एक बड़ा सम्मान है। उन्होंने कहा हालांकि बैंकिंग क्षेत्र में नियुक्ति पत्र अधिक बांटे जाते हैं, लिहाजा युवा कर्मचारियों की भूमिका और जिम्मेदारी भी बढ़ गई है। प्रधानमंत्री ने कहा, आज भारत उन देशों में से एक है जहां बैंकिंग सेक्टर सबसे मजबूत माना जाता है, लेकिन नौ साल पहले ऐसी स्थिति नहीं थी। उन्होंने कहा कि जिन सरकारी बैंकों की चर्चा एनपीए के कारण हजारों करोड़ के घाटे के लिए होती थी, आज उन सरकारी बैंकों की चर्चा रिकॉर्ड मुनाफे के लिए हो रही है। श्री मोदी ने कहा कि देशभर में करीब 50 करोड़ जनधन खाते खोले गए हैं और ये बैंक के हर कर्मचारी के लिए बहुत गर्व की बात है। उन्होंने फोन बैंकिंग घोटाले पर भी प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री ने कहा, पिछली सरकार के दौरान यह सबसे बड़े

›› पेज 2 भी देखें

## टेक्नलॉजी › इंसान को गंभीर चोट के खतरों से बचाने की नई तकनीक

# नये किस्म का तरल सुरक्षा तह बचायेगा लोगों को

- बनाया गया अमेरिकी फुटबाल खिलाड़ियों के ले
- कार चालकों को भी यह उतनी ही सुरक्षा देगा
- चिकित्सा जगत में भी इसका बेहतर उपयोग

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** आम तौर पर दुर्घटना में अक्सर ही इंसानों को चोट लगती है। कई बार ऐसी चोटें गंभीर और जानलेवा भी हो जाती है। लेकिन इस बार खास तौर पर अमेरिकी फुटबॉल खिलाड़ियों को ध्यान में रखकर विकसित तकनीक दूसरों के भी काम आयेगी। अमेरिका में फुटबॉल खिलाड़ी अनजाने में मस्तिष्क की स्थायी क्षति का शिकार हो रहे थे क्योंकि उनके पूरे पेशेवर करियर में सिर पर चोट लगने की घटनाएं बढ़ रही थीं, जिससे सिर की बेहतर सुरक्षा के लिए डिजाइन तैयार करने की होड़ मच गई। इन आविष्कारों में से एक नैनोफोम है, जो फुटबॉल हेलमेट के अंदर की सामग्री है।

जू ने कहा, हमने पाया कि नियमित पानी के बजाय आयनित पानी के साथ तरल नैनोफोम कुशन

**नैनोफोम को नॉन-वेटिंग आयनीकृत तरल के साथ एकीकृत करता है**

वर्जीनिया विश्वविद्यालय में मैकेनिकल और एयरोस्पेस इंजीनियरिंग के एसोसिएट प्रोफेसर बाओक्सिंग जू और उनकी शोध टीम को इसे बनाने का श्रेय मिला है। यह नव आविष्कृत डिजाइन नैनोफोम को नॉन-वेटिंग आयनीकृत तरल के साथ एकीकृत करता है, जो कि पानी का एक रूप है जिसे जू और उनकी शोध टीम अब जानती है कि एक तरल कुशन बनाने के लिए नैनोफोम के साथ पूरी तरह से मिश्रित होता है। यह बहुमुखी और प्रतिक्रियाशील सामग्री एथलीटों को बेहतर सुरक्षा प्रदान करेगी और पहनने योग्य चिकित्सा उपकरणों का उपयोग करने वाले कार सवारों और अस्पताल के रोगियों की सुरक्षा में उपयोग के लिए आशाजनक है। इस विधि का कई स्तरों पर परीक्षण किया गया है। टीम का शोध हाल ही में एडवांस्ड मटेरियल्स में प्रकाशित हुआ था। अधिकतम सुरक्षा के लिए, हेलमेट की आंतरिक और बाहरी परतों के बीच लगा सुरक्षात्मक फोम न केवल एक बल्कि कई चोट सहने में सक्षम होना चाहिए। सामग्री को इतना गद्दीदार होना चाहिए कि सिर को जमीन पर रखने के लिए एक नरम जगह बनाई जा सके, लेकिन इतना लचीला होना चाहिए कि वह वापस उछल सके और अगले झटके के लिए तैयार हो सके। और सामग्री को लचीला होना चाहिए लेकिन कठोर नहीं, क्योंकि कठोर भी सिर को नुकसान पहुंचाता है। इन सभी चीजों को एक ही सामग्री से करना काफी कठिन काम था।

›› पेज 2 भी देखें

# अर्जेंटीना सहित दूसरे कई देश ब्रह्मोस भी खरीदने को इच्छुक

**राष्ट्रीय खबर**





**नईदिल्ली:** अर्जेंटीना के रक्षा मंत्री जॉर्ज तायाना और रक्षा एवं अंतर्राष्ट्रीय मामलों के सचिव फ्रांसिस्को कैफिएरो भारत के दौरे पर हैं। भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात के अलावा, अर्जेंटीना की टीम ने एलसीए तेजस और ब्रह्मोस खरीदने के लिए भारतीय रक्षा फर्मों का दौरा किया। कथित तौर पर टीम ने 20 जुलाई को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड का दौरा किया।

एचएएल की एक टीम अर्जेंटीना वायु सेना के साथ अपने लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर (एलसीएच) की बिक्री पर चर्चा करने के लिए जून में अर्जेंटीना में थी। इसके अलावा, भारत निर्मित एलसीए तेजस फाइटर जेट पर भी चर्चा की गई। अगर सब कुछ ठीक रहा तो अर्जेंटीना को एलसीए तेजस की बिक्री एक ऐतिहासिक सौदा होगा। जो भारत के रक्षा उद्योग को पूरी तरह से बदल देगा।

अर्जेंटीना की ओर से हिंदुस्तान

›› पेज 2 भी देखें

**शहर >> अपडेट**

### केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड का निर्णय सराहनीय:बाबूलाल मरांडी

**रांची:** नई शिक्षा नीति से झारखंड की जनजाति और क्षेत्रीय भाषाओं को मिलेगा लाभ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा 12वीं तक की शिक्षा को क्षेत्रीय ,स्थानीय भाषाओं में देने की पहल का स्वागत किया। कहा कि विद्यार्थियों के भाषाई विविधता,सांस्कृतिक समझ और शैक्षणिक सफलता को बढ़ावा देने की दिशा में बहुभाषी शिक्षा का महत्वपूर्ण दृष्टिकोण में व्यापक रूप से मान्यता प्रदान करते हुए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा 12वीं तक की शिक्षा को मातृभाषा,क्षेत्रीय भाषा ,स्थानीय भाषा को शिक्षा का माध्यम बनाने के निर्णय का स्वागत।

**आग्रह** मणिपुर की शांति के लिए सीएम ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लिखा पत्र

# जारी हिंसा पर रोक लगाने को लेकर पहल करने का किया आग्रह

● मुख्यमंत्री ने कहा है कि मणिपुर में बिगड़ती स्थिति से व्यथित और चिंतित हूं

● खिलाड़ियों ने भी मणिपुर में शांति बहाल करने के लिए केंद्र सरकार से अपील की है

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** मणिपुर की आदिवासी महिलाओं पर बर्बरता दिखाने वाले एक लीक वीडियो को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पत्र लिख कर वहां शांति और सदभाव के लिए मार्मिक आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि मणिपुर में बिगड़ती स्थिति से व्यथित और चिंतित हूं। मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार हिंसा की वजह से पहले ही सैकड़ों निर्दोष लोगों की जानें चली गई है। साथ ही संपत्ति और सार्वजनिक बुनियादी ढांचों का नुकसान हुआ है। क्षेत्रों में रहने वाले कई जातीय समूहों के बीच असुरक्षा की भावना उत्पन्न हुई है। पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री ने कहा कि मणिपुर दो महीने से ज्यादा समय से जल रहा है। जानकारी के अनुसार, मणिपुर में बच्चों सहित 40 हजार से अधिक लोग विस्थापित हो गए हैं और अस्थायी शिविरों में रह रहे हैं। कुछ निहित स्वार्थों की वजह से मौन समर्थन के साथ, यह जातीय हिंसा बेरोकटोक जारी है, जो दुःखद है। कई अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों ने भी मणिपुर में शांति बहाल करने के लिए केंद्र सरकार से अपील की है। मुख्यमंत्री ने कहा इस घटना ने पूरे देश को अंदर तक झकझोर कर रख दिया है। भारत के संविधान में देशवासियों को प्राप्त सम्मान के अधिकार को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया है। ऐसा प्रतित होता है कि मणिपुर में शांति, एकता और न्याय समाप्त होने के कगार पर है। राष्ट्रपति से मुख्यमंत्री ने पत्र में आग्रह किया है कि मणिपुर और देश के सामने संकट की इस घड़ी में हम आपको आशा और प्रेरणा के अंतिम स्रोत के रूप में देखते हैं जो इस कठिन समय में मणिपुर के लोगों को रोशनी दिखा सकतीं हैं।

## आभा सिन्हा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर साधा निशाना

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी की प्रवक्ता आभा सिन्हा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा और उन पर मणिपुर के लोगों की दुर्दशा पर राजनीति करने का आरोप लगाया और मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को तत्काल हटाने और पूर्वोत्तर राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की। उन्होंने ने कहा कि मोदी सरकार संसद में इस मुद्दे पर चर्चा नहीं चाहती क्योंकि वे अक्षमता, हिंसा के लिए षड्यंत्रकारी उकसावे, रैंक की उदासीनता और लापरवाही के दोषी हैं और सबसे ऊपर - दूसरी तरफ देखकर मणिपुर के लोगों पर जघन्य अमानवीय अपराध करने के दोषी हैं, जबकि मणिपुर 80 दिनों तक जलता रहा। प्रधानमंत्री की व्यक्तिगत पहुंच और नेतृत्व की कमी आश्चर्यजनक या चैंकाने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि कहा मणिपुर के लोग प्रधानमंत्री से हस्तक्षेप की गुहार लगा रहे हैं, लेकिन उन्होंने लोगों को सिर्फ पीठ दिखाई है। मोदी अपनी सरकार की अक्षमता का दोष भारत के 140 करोड़ लोगों पर डालने की कोशिश की, जो देश की जनता के साथ धोखा नहीं तो और क्या है।

आठवीं अनुसूची में शामिल की मांग, अमित शाह से मिले आजसू पार्टी के सांसद

## कुड़माली भाषा के साथ अन्याय केंद्रीय गृह मंत्री लें संज्ञान : चंदप्रकाश

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** आजसू पार्टी के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से मिलकर कुड़माली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की वकालत की है। सांसद ने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री इस बात से अवगत कराया कि कुड़माली भाषा झारखंड, बिहार, बंगाल और ओडिसा राज्य के कुड़मी द्वारा बोला जाता है। आगामी जनगणना में कुड़माली के स्थान पर पूर्ववत कुड़माली को ही रखा गया है। जबकि कुड़माली को अन्य के तहत रखा जा रहा है जो भाषा राज्य के द्वितीय राजभाषा के रूप में दर्ज है। जिस भाषा का पठन-पाठन राज्य के पांच एवं पश्चिम बंगाल के समेत कुल 6 विश्वविद्यालयों में होता है। उन्होंने कहा कि यह बेहद ही पक्षपात पूर्ण अन्याय पूर्ण है। करीब 2 करोड़ से अधिक कुड़माली भाषा भाषी के लिए बेहद ही निराशाजनक है। यह उन लाखों कुड़माली छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। यह इंडो-आर्यन भाषा परिवार से संबंधित है और इसकी अपनी लिपि है जिसे कुर्मी कुदाली कहा जाता है। जो देवनागरी लिपि का एक संशोधित संस्करण है। लंबे समय से कुड़मी समुदाय की मांग रही है कि कुड़माली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया जाए। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री को उन्होंने मांगों से संबंधित एक ज्ञापन भी सौंपा।

## रघुवर दास ने हेमंत सोरेन को दिलायी रुबिका पहाड़िन और अंकिता हत्याकांड की याद

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** मणिपुर में जारी हिंसा के बीच स्थानीय महिला के साथ अभद्र आचरण के जारी वीडियो प्रकरण पर झारखंड में सियासत तेज हो गयी है। सीएम हेमंत सोरेन ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को शनिवार को चिट्ठी लिख कर इसमें पहल करने की मांग की। इसके बाद पूर्व सीएम और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने हेमंत सोरेन पर जोरदार हमला बोला है। सोशल मीडिया के जरिये अपनी बात रखते उन्हें रुबिका पहाड़िन और अंकिता हत्याकांड की याद दिलायी है। कहा है कि मणिपुर की घटना पर चिंता जतानेवाले सीएम को अपने राज्य को देखना चाहिए। यहां रुबिका पहाड़िन के दिलदार ने टुकड़े-टुकड़े कर दिये। अंकिता को शाहरुख ने जिंदा जला दिया। इन दोनों घटनाओं के अलावा रघुवर दास ने दुमका में आदिवासी बच्ची के साथ दुष्कर्म कर और हत्या कर पेड़ से लटकाये जाने, साहिबगंज में घर से उठा कर आदिवासी बच्ची से दुष्कर्म, आश्रम में साध्वी से दुष्कर्म, गुमला-रांची में नाबालिग बच्चियों के साथ दुष्कर्म जैसी घटनाओं की भी चर्चा की है। पूछा है कि आखिर हेमंत सोरेन ऐसी घटनाओं पर चुप्पी क्यों साधे रखे हैं। झारखंड की बेटियों की चीत्कार सीएम को सुनायी क्यों नहीं देती है। अपने पत्र में मणिपुर के साथ कम से कम पश्चिम बंगाल के मालदा और बिहार के बेगूसराय की घटना का जिक्र भी कर लेते। रघुवर ने जानना चाहा है कि क्या हेमंत इन घटनाओं का समर्थन करते हैं। ऐसे गंभीर और संजीदा मुद्दे पर राजनीति करने से पहले कुछ तो उन्हें शर्म करनी चाहिए।

## संकल्प दिवस कल

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय संयोजक सह पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने सोमवार को को दिन के 11:00 बजे संकल्प दिवस का आयोजन त्रिमूर्ति चौक मेकन कॉलोनी डोरंडा मे किया जायेगा तथा डोमिसाइल आंदोलन के वीर शहीद संतोष कुंकल ,विनय तिग्गा, कैलाश कुजूर को भावभीनी श्रद्धापूर्वक श्रदांजली अर्पित किया जायेगा । उक्त संकल्प दिवस सह माल्यार्पण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय मुख्य संयोजक सह बोरियों के विधायक श्री लोबिन हेंब्रम होंगें । झारखंड बचाओ मोर्चा के संयोजको द्वारा भी माल्यार्पण कर वीर शहीदों को नमन किया जाएगा तथा खतियान आधारित स्थानीय नीति, नियोजन नीति की जब तक घोषणा नही होता है तब तक संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया जाएगा । श्री नायक ने झारखंड बचाओ मोर्चा के तमाम साथियों से अपील एवं आग्रह किया है कि वह उक्त कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा की संख्या में उपस्थित होकर संकल्प दिवस सह माल्यार्पण कार्यक्रम को सफल बनाने की दिशा में काम करें

**बयानबाजी** मणिपुर की घटना को लेकर झारखंड की राजनीति में बयानबाजी शुरू

## मणिपुर की घटना बेहद चिंतनीय घटना है राजनीति से ऊपर उठकर पूरे देश को इसके लिए चिंता करनी चाहिए : डॉ रामेश्वर उरांव

▶▶ जिस तरह की घटनाएं वहां हुई है, वह काफी गंभीर है

▶▶ पूरे देश में आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई हो रही है

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** मणिपुर की घटना को लेकर झारखंड की राजनीति में बयानबाजी शुरू है। एक ओर कांग्रेस के मंत्री इस मुद्दे पर राजनीति से उठकर चिंता जताने की बात कहते हैं। तो वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के राज्यसभा सांसद इस घटना के लिए केंद्र सरकार को जिम्मेवार मान रहे हैं। झारखंड सरकार के मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने लोहरदगा में कहा है कि मणिपुर की घटना बेहद चिंतनीय घटना है। उनका व्यक्तिगत विचार है कि राजनीति से ऊपर उठकर पूरे देश को इसके लिए चिंता करनी चाहिए। जिस तरह की घटनाएं वहां हुई है, वह काफी गंभीर है। स्थिति को नियंत्रित करने को लेकर ठोस प्रयास होना चाहिए था। मंत्री रामेश्वर उरांव एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए लोहरदगा आए हुए थे। इस दौरान उन्होंने जिला परिसदन में पत्रकारों से बात की।

लोहरदगा में बीते दिन आईएसआईएस के आतंकी फैजान अंसारी की गिरफ्तारी के मामले में मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि यह अच्छी बात है कि एनआईए इंटेलिजेंस के आधार पर आतंकी को पकड़ रही है। पूरे देश में आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई हो रही है।

लोहरदगा में फैजान की गिरफ्तारी को लोहरदगा और झारखंड से जोड़ना उचित नहीं है। उन्होंने कहा है कि गुप्त सूचना के आधार पर जिस तरह की कार्रवाई हुई है। उसके लिए एनआईए को बधाई मिलनी चाहिए। यह पूरे देश का मामला है और इसमें एनआईए की ओर से कार्रवाई हुई है। वहीं मणिपुर की घटना को लेकर मंत्री ने कहा कि स्थिति को नियंत्रित करने को लेकर ठोस प्रयास होना चाहिए था। हालांकि गृह मंत्री ने वहां पर कैंप किया। कुछ हद तक स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया गया, लेकिन और भी ठोस प्रयास किया जाना चाहिए था। वहां की घटना ने सभी को चिंतित कर दिया है। वहीं हाल के समय में प्रदर्शन को लेकर मंत्री ने कहा कि लोकतंत्र की यही खूबसूरती है कि लोग अपनी बातों को रखने के लिए प्रदर्शन करते हैं। हालांकि प्रदर्शन हिंसक नहीं होना चाहिए। लोकतंत्र में हिंसा का कोई भी स्थान नहीं है। रामेश्वर उरांव के अलावा लोहरदगा पहुंचे हुए राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने केंद्र सरकार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी पर जमकर हमला बोला है। मणिपुर में हिंसा की घटना, बाबूलाल मरांडी द्वारा राज्य सरकार के खिलाफ दिए जा रहे बयान और विपक्षी दलों के नए गठबंधन के मुद्दे पर राज्यसभा सांसद में महत्वपूर्ण बातें कही है। राज्यसभा सांसद ने भाजपा को साफ तौर पर चेताया है कि आने वाला समय उन्हें सबक सिखाएगा। मणिपुर में हिंसा की घटना और हाल के समय में हुई घटनाओं के लिए राज्यसभा सांसद और कांग्रेस के दिग्गज नेता धीरज प्रसाद साहू ने सीधे-सीधे केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। राज्यसभा सांसद ने कहा कि मणिपुर की घटना को रोका जा सकता था, लेकिन जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मणिपुर की घटना को गंभीरता से लेते हुए हिंसा रोकने की कोशिश करनी चाहिए थी, उस वक्त प्रधानमंत्री विदेश घूम रहे थे। इस मामले में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का बयान बेहद शर्मनाक रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि मणिपुर की घटना देश को झकझोर कर रख दिया है। बाबूलाल मरांडी द्वारा हेमंत सोरेन सरकार पर दिए जा रहे बयानों को लेकर राज्यसभा सांसद ने कहा कि बाबूलाल मरांडी के साथ उनके भी अच्छे संबंध रहे हैं। वह एक बड़े नेता के रूप में जाने जाते हैं। उन्हें अपनी पार्टी के नेताओं और पार्टी को भी सलाह देनी चाहिए। उन्हें अपनी पार्टी के अंदर भी झांक कर देखना चाहिए। जिस तरह से भाजपा काम कर रही है, उसके बाद जनता भाजपा का सच जान चुकी है। वहीं उन्होंने यूपीए के नए गठबंधन और नए नाम को लेकर कहा कि भाजपा के खिलाफ सभी दल एकजुट हो चुके हैं। आने वाला वक्त भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकेगा।

## पेज एक का शेष

### मैइती समुदाय को मिजोरम .. ..

ली गई थी। दो पीड़ितों में से एक पहले ही 4 मई को हुए भयावह अनुभव के बारे में बता चुका है। उन्होंने दावा किया कि बदमाशों ने उन्हें जान से मारने की धमकी देकर उस दिन सार्वजनिक रूप से कपड़े उतारने के लिए मजबूर किया। उस घटना में, पीड़िता ने 18 मई को सैकुल पुलिस स्टेशन में जीरो एफआईआर दर्ज की और हत्या और बलात्कार सहित कई आरोप लगाए। 800 से 1,000 अज्ञात सशस्त्र अपराधियों के खिलाफ आरोप लगाए गए। लेकिन सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने तक पुलिस ने कथित तौर पर कोई कार्रवाई नहीं की।

संगठन की ओर से शुक्रवार को जारी बयान में कहा गया है कि मणिपुर में महिलाओं के खिलाफ हिंसा की घटना सामने आने के बाद मिजो युवा गुस्से में हैं। इसलिए उन्हें अपनी सुरक्षा के लिए मैइती समुदाय को राज्य छोड़ने के लिए कहा गया है। बयान में कहा गया है कि उसके बाद, अगर कुछ भी अप्रिय होता है, तो मैइती लोग जिम्मेदार होंगे। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के साथ टेलीफोन पर बातचीत में मिजोरम के मुख्यमंत्री जोरमथांगा ने राज्य में रहने वाले मैतेई लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया था। संयोग से, मैतेई लोगों का एक वर्ग जो मुख्य रूप से असम और मणिपुर में रहता है, मिजोरम में भी रहता है।

### उल्कापिंड का रास्ता बदले .. .. ..

वैज्ञानिक डेविड जेविट ने कहा, बोल्डर की संख्या, आकार और आकार उनके प्रभाव से डिमोर्फोस की सतह से टकराने के अनुरूप हैं। यह हमें पहली बार बताता है कि क्या होता है जब आप किसी क्षुद्रग्रह से टकराते हैं और सामग्री को सबसे बड़े आकार में बाहर आते देखते हैं। ये चट्टानें हमारे सौर मंडल के अंदर अब तक खींची गई सबसे धुंधली चीजों में से एक हैं। जेविट और उनके सहयोगियों ने डार्ट प्रभाव के दौरान और उसके बाद डिमोर्फोस में परिवर्तनों को ट्रैक करने के लिए हबल का उपयोग किया है, लेकिन एक अन्य मिशन और भी करीब से नजर रखेगा। यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी का हेरा मिशन 2024 में लॉन्च होने वाला है। अंतरिक्ष यान, दो क्यूबसैट के साथ, 2026 के अंत में क्षुद्रग्रह प्रणाली में पहुंचने की उम्मीद है। हेरा एक प्रभावी ग्रह रक्षा रणनीति स्थापित करने के उद्देश्य से दोनों क्षुद्रग्रहों का अध्ययन करेगी, डिमोर्फोस के भौतिक गुणों को मापेगी, और डार्ट प्रभाव क्रेटर और चंद्रमा की कक्षा की जांच करेगी। जेविट ने कहा, हेरा के आने पर बोल्डर बादल अभी भी छंट रहा होगा। यह मधुमक्खियों के बहुत धीरे-धीरे फैलने वाले झुंड की तरह है जो अंततः सूर्य के चारों ओर बाइनरी जोड़ी की कक्षा में फैल जाएगा।

### एन बीरेन सिंह की सरकार .. ..

कांगपोकपी जिला मुख्यालय में 21-22 जुलाई को कुकी महिला मानवाधिकार संगठन (केडब्ल्यूओएचआर) द्वारा आयोजित एक विशाल रैली और धरना-प्रदर्शन में कांगपोकपी जिले में छह हजार से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। कुकी-जो महिलाओं और बच्चों के घोर मानवाधिकार उल्लंघन के खिलाफ विशाल रैली और धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया था। महिला प्रदर्शनकारियों ने ब्रिगेडियर एम थॉमस ग्राउंड से राष्ट्रीय राजमार्ग -2 के साथ एक रैली आयोजित की और उपायुक्त कांगपोकपी के कार्यालय की ओर बढ़ी, जहां केडब्ल्यूओएचआर के नेताओं ने डीसी कांगपोकपी को प्रधानमंत्री के लिए एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने के बाद प्रदर्शनकारी ब्रिगेडियर एम थॉमस मैदान लौट आए और आज शाम चार बजे तक धरना दिया। केडब्ल्यूओएचआर के अध्यक्ष हहत तुथांग ने कहा कि निर्भया बलात्कार मामले के बाद, 2013 में सुप्रीम कोर्ट ने सांप्रदायिक या सांप्रदायिक हिंसा के दौरान किए गए बलात्कार को बलात्कार के उग्र रूपों के रूप में परिभाषित किया और दोषियों को मौत की सजा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मणिपुर गंभीर स्थिति में है और स्थिति से निपटने में राज्य सरकार की मिलीभगत और अक्षमता है।

### भारत को एक विकसित देश .. ..

घोटालों में से एक था, जिससे बैंकिंग सेक्टर की रीढ़ टूट गई थी। उन्होंने कहा, 2014 में सरकार ने देश में सरकारी बैंकों के प्रबंधन को मजबूत किया और दिवालियापन संहिता कानून बनाया, ताकि अगर कोई बैंक बंद हो जाए तो उसे कम से कम नुकसान की संभावना हो। रोजगार मेला रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। उम्मीद है कि यह मेला आगे रोजगार सृजन के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा और युवाओं को उनके सशक्तिकरण और राष्ट्रीय विकास में भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा। नवनियुक्त नियुक्तियों को कर्मयोगी प्रारंभ के माध्यम से खुद को प्रशिक्षित करने का अवसर भी मिल रहा है, जहां 580 से अधिक ई-लर्निंग पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं।

### नये किस्म का तरल सुरक्षा .. ..

बनाने से सामग्री के प्रदर्शन में महत्वपूर्ण अंतर आया। डिजाइन में आयनित पानी का उपयोग करना एक सफलता है क्योंकि हमने एक असामान्य तरल-आयन समन्वय नेटवर्क का पता लगाया है जिससे अधिक परिष्कृत सामग्री बनाना संभव हो गया है। तरल नैनोफोम कुशन हेलमेट के अंदरूनी हिस्से को प्रभाव बल को संपीड़ित और फैलाने की अनुमति देता है, जिससे सिर पर संचारित बल कम हो जाता है और चोट का खतरा कम हो जाता है। यह प्रभाव के बाद अपने मूल आकार को पुनः प्राप्त कर लेता है, जिससे दोबारा चोट लगने पर भी इसकी गुणवत्ता बनी रहती है। अमेरिका के फुटबॉल खेल के दौरान एथलीट के सिर की सुरक्षा में हेलमेट की निरंतर प्रभावशीलता सुनिश्चित होती है।

जू ने कहा, यह सामग्री अधिक लचीली है और पहनने के लिए बहुत अधिक आरामदायक है। जिस तरह से सामग्री में आयन क्लस्टर और नेटवर्क निर्मित होते हैं, उसके कारण सामग्री बाहरी झटके पर गतिशील रूप से प्रतिक्रिया करती है। मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी में सिविल इंजीनियरिंग के सहयोगी प्रोफेसर वेइयी लू ने कहा, तरल कुशन को हल्के, छोटे और सुरक्षित सुरक्षात्मक उपकरणों के रूप में डिजाइन किया जा सकता है। इसके अलावा, तरल नैनोफोम लाइनर का कम वजन और आकार भविष्य के हेलमेट के कठोर आवरण के डिजाइन में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा। यह टकराव और प्रभावों से जुड़े कम समय की खिड़की में उच्च-बल के झटके को प्रभावी ढंग से अवशोषित और नष्ट नहीं कर सकता है। उतारने पर, यानी, प्रभाव के बाद, इसकी गैर-गीली प्रकृति के कारण, तरल नैनोफोम कुशन अपने मूल रूप में वापस आ सकता है। वही तरल गुण जो इस नए नैनोफोम को एथलेटिक गियर के लिए सुरक्षित बनाते हैं, अन्य स्थानों पर भी संभावित उपयोग की पेशकश करते हैं जहां टकराव होते हैं, जैसे कारें, जिनकी सुरक्षा और सामग्री सुरक्षात्मक प्रणालियों पर विद्युत प्रणोदन और स्वचालित वाहनों के उभरते युग को अपनाने के लिए पुनर्विचार किया जा रहा है।

### अर्जेंटीना सहित दूसरे कई देश .. ..

एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को 16 तेजस लड़ाकू विमान बेचने की औपचारिक पेशकश की उम्मीद है। हालाँकि, नई बात यह है कि ब्रह्मोस मिसाइलों में अर्जेंटीना की विशेष रुचि है। भारतीय वायु सेना के तेजस ने 15 फरवरी, 2022 को सिंगापुर एयर शो के उद्घाटन समारोह में प्रदर्शन किया। अर्जेंटीना के रक्षा मंत्री तायाना ने ट्वीट किया, मैं अपने सहयोगी राजनाथ सिंह के साथ द्विपक्षीय बैठकें करने और इस देश के विभिन्न रक्षा उद्योगों का दौरा करने के लिए भारत की अपनी यात्रा शुरू कर रहा हूं। आज मैं मिसाइल कंपनी ब्रह्मोस में था, जो जहाजों, विमानों और जमीनी वाहनों के लिए मिसाइलें बनाती है। फ्रांसिस्को कैफिएरो ने कहा, ब्रह्मोस एयरोस्पेस में एक उपयोगी कामकाजी बैठक में, मैंने मंत्री जॉर्ज तायाना के साथ भारत और हमारे देश के बीच द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करना जारी रखा। ब्रह्मोस मिसाइलों और रॉकेटों का विकास 1998 से चल रहा है। यह एक सुपरसोनिक मिसाइल है। हम रणनीतिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो दोनों देशों के लिए फायदेमंद होगा। फिलीपींस द्वारा चीन के खिलाफ अपनी रक्षा के लिए ब्राह्म खरीदने के बाद, कई दक्षिण पूर्व एशियाई और लैटिन अमेरिकी देशों ने इस विशेष मिसाइल को खरीदने में रुचि दिखाई है।

# नागपुरी फिल्म के निर्माता-निर्देशक राजीव सिन्हा अपने कलाकारों संग मिले सीएम से, राज्य में फिल्म निर्माण की संभावनाओं व समस्याओं पर रखी बात

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** मुख्यमंत्री के समक्ष नागपुरी फिल्म के निमार्ता एवं निर्देशक राजीव सिन्हा एवं अन्य कलाकारों ने झारखंड में फिल्म निर्माण से संबंधित संभावनाओं और समस्याओं पर अपनी बातें रखीं। मौके पर नागपुरी फिल्म 'नासूर'की टीम ने मुख्यमंत्री को नागपुरी फिल्म 'नासूर' की पटकथा के संबंध में जानकारी दी, कहा: नासूर फिल्म डायन-बिसाही पर आधारित एक नागपुरी फीचर फिल्म है। वर्तमान समय में भी झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में डायन-बिसाही के नाम पर निर्दोष महिलाओं को प्रताड़ित किया जाता है। कभी-कभी उनकी हत्या तक कर दी जाती है। यह समस्या नासूर की तरह आज भी जिंदा है। अखबारों में आए दिन इस प्रकार की खबरें भी प्रकाशित होती रहती हैं। नागपुरी फिल्म नासूर उपरोक्त समस्या को ही उजागर करती है। नासूर समाज को जागरूक करने वाली एवं प्रेरणादायी फिल्म है।फिल्म के निमार्ता एवं निर्देशक राजीव सिन्हा ने मुख्यमंत्री के समक्ष कहा कि इस फिल्म का निर्माण झारखंड के ही कलाकारों एवं टेक्नीशियन को लेकर बेहद ही सीमित संसाधनों में किया गया है। बहुत मशक्कत के बाद यह फिल्म रांची के जेडी सिनेमा हॉल में लगायी गयी और लगातार 3 सप्ताह तक चली।

इस फिल्म को दर्शकों ने बहुत सराहा, बेहद पसंद किया और अपना प्यार भी दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि वर्तमान समय में झारखंड के अन्य जिलों में सिनेमा हॉल काफी संख्या में बंद हो चुके हैं जिसकी वजह से इस फिल्म का प्रदर्शन संभव नहीं हो पा रहा है। उन्होंने राज्य सरकार की ओर से ऐसी कोई व्यवस्था करने का अनुरोध किया जिससे इस फिल्म का प्रदर्शन झारखंड के गांव-गांव तक हो सके तथा समाज में व्याप्त डायन-बिसाही जैसी कुरीति से समाज को जागरूक किया जा सके। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने नागपुरी फिल्म 'नासूर' की पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं तथा इस संबंध में राज्य सरकार की ओर से यथोचित मदद करने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर सांसद विजय हांसदा भी उपस्थित थे।

## शहर >> अपडेट

### मेटास एडवेंटिस्ट स्कूल दोनों वर्ग में बना विजेता

रांची: सीआईएससीई बोर्ड (भारतीय स्कूल प्रमाणपत्र परीक्षा परिषद) के तत्वावधान में रांची जोन योग प्रतियोगिता-2023 का आयोजन सैमलोंग के कार्मेल स्कूल में किया गया। जिसमें रांची के सभी आईसीएसई बोर्ड के अंतर्गत आने वाले स्कूलों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में मेटास एडवेंटिस्ट स्कूल के छात्रों ने विभिन्न वर्गों में आयोजित योग प्रतियोगिता में 21 मेडल जीता। साथ ही महिला और पुरुष दोनों वर्गों में भी ओवरआल विजेता रहा। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ एसडीडी नायडू ने सीआईएससीई काउंसिल को योग को विषय के रूप में शामिल करने पर धन्यवाद दिया। साथ ही साथ बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

अदालत

परीक्षा जल्द कराने का निर्देश

# नर्सिंग, एएनएम और जीएनएम कोर्स में एडमिशन पर लगी रोक हटी

- स्वास्थ्य विभाग को जल्द से जल्द परीक्षा आयोजित करने का निर्देश दिया
- स्थानीय निवासी अभ्यर्थियों भी आवेदन दे सकते हैं

राष्ट्रीय खबर




**रांची:** झारखंड हाईकोर्ट ने स्वास्थ्य विभाग के शपथ पत्र के आलोक में एएनएम जीएनएम, बीएससी नर्सिंग (बेसिक) बीएससी नर्सिंग (पोस्ट बेसिक) के विज्ञापन पर लगी रोक को हटा दिया है। साथ ही स्वास्थ्य विभाग को जल्द से जल्द परीक्षा आयोजित करने का निर्देश दिया है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से शपथ पत्र में बताया गया है कि की अधिसूचना में झारखंड के निवासियों को आवेदन भरने की अनिवार्यता को विलोपित करते हुए भारत के नागरिक आवेदन दे सकते हैं। इसे एलाऊ किया है। कोर्ट ने निर्देश दिया है कि एएनएम जीएनएम, बीएससी नर्सिंग (बेसिक) बीएससी नर्सिंग (पोस्ट बेसिक) के परीक्षा जो कि झारखंड कंबाइंड के जरिए किया जा रहा है उसे पुनः संशोधित विज्ञापन के साथ जल्द से जल्द करा लिया जाए।

पूर्व में झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा के द्वारा जो विज्ञापन निकाला गया था उसमें सिर्फ झारखंड के स्थानीय निवासी को आवेदन भरने की अनिवार्यता थी। जिस पर हाईकोर्ट ने सुनवाई करते हुए विज्ञापन पर ही रोक लगा दिया था। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता कृष्ण कुमार ने पैरवी की।

बता दें कि पहले विज्ञापन में भारत के नागरिक के साथ-साथ झारखंड के निवासी होने पर आवेदन देने की बाध्यता थी, ऐसे में अब झारखंड के निवासी होना शब्द को विलोपित कर दिया गया है। यानी झारखंड के स्थानीय निवासी अभ्यर्थियों भी आवेदन दे सकते हैं। दरअसल, प्रार्थी ने झारखंड के स्थानीय निवासी को आवेदन देने को चुनौती दी थी। बता दें कि कुलक्षेचंद्र, चंद्र कुमार सुप्रभा कुमारी पुष्पा कुमारी विनय कुमार सिंह एवं अन्य की ओर से याचिका दायर की गई थी। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की कोर्ट में हुई।

## अपार्टमेंट के हौद में गिरने से आठ साल की मासूम बच्ची की मौत

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** रांची के बरियातू थाना क्षेत्र स्थित श्री रामकृष्ण एनक्लेव अपार्टमेंट में एक दर्दनाक हादसा हुआ है। कार वॉशिंग के लिए बनाए गए हौद के पानी में डूबने की वजह से बच्ची की मौत हो गई है। वहीं बच्ची को बचाने के प्रयास में उसकी मां भी घायल हो गईं हैं। बताया जाता है कि सॉफ्टवेयर इंजीनियर पीके सिंह अपार्टमेंट में तीन माह पहले ही शिफ्ट हुए थे। गुरुवार रात को पीके सिंह की बच्ची हौद के पानी में डूबी थी, लेकिन पुलिस को शनिवार को जानकारी मिली। वहीं घटना के संबंध में रामकृष्ण अपार्टमेंट के सेक्रेटरी आरएन झा ने बताया कि फ्लैट नंबर 302 में रहने वाले पीके सिंह की आठ वर्षीय बच्ची अपार्टमेंट के पिछले वाले हिस्से में साइकिल चला रही थी। जिस स्थान पर बच्ची साइकिल चला रही थी, वहां काफी ढलान है। बच्ची जब ढलान से नीचे आने लगी तो साइकिल का ब्रेक नहीं लगा पायी। इस कारण तेज गति से वह हौद की दीवार से जा टकराई और हौद के अंदर गिर गई।

## 171 चिकित्सकों की होगी नियुक्ति



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड राज्य ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन को योग्य मेडिकल प्रोफेशनल्स की जरूरत है। कॉन्ट्रैक्ट बेसिस पर उसकी ओर से 171 डॉक्टरों को रखा जाना है। इसके लिए उसकी ओर से विज्ञापन जारी कर 14 अगस्त तक योग्य कैंडिडेट से आवेदन भी मांगे गये हैं। स्पेशलिस्ट मेडिकल अफसर के लिए 123 पदों पर नियुक्ति होगी। इसके अलावा रेडियोलॉजिस्ट के 19, मेडिकल अफसर के 28 और हेमेटोलॉजिस्ट के एक पद पर नियुक्ति की जानी है। इन सभी पदों के लिए उम्र सीमा 70 वर्ष तय की गयी है।रेडियोलॉजिस्ट और हेमेटोलॉजिस्ट को प्रतिमाह डेढ़ लाख रुपये मिलेंगे। इसके संबंधित कोर्स में एमबीबीएस और पीजी डिग्री या डिप्लोमा कैंडिडेट के पास होना चाहिये। इसके अलावा स्पेशलिस्ट मेडिकल अफसर को हर माह 1 लाख 5 हजार रुपये दिए जाएंगे। इसके लिए कैंडिडेट के पास गाइनेलॉजी, सर्जन, ऑर्थेपेडिक्स, मेडिसीन, डमेटॉलॉजी वगैरह में एमबीबीएस और पीजी डिग्री या डिप्लोमा होना जरूरी होगा। मेडिकल अफसर के लिए चयनित कैंडिडेट को हर माह 63 हजार रुपये दिए जाएंगे। उसके पास किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से एमबीबीएस की डिग्री होनी चाहिए। इच्छुक कैंडिडेट अपना आवेदन ऑनलाईन जमा कर सकते हैं। इसी से विस्तृत जानकारी भी ली जा सकती है।

# लंबित मांगों को लेकर राज्यभर के डीआरडीए कर्मी सामूहिक अवकाश पर रहे



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** राज्य भर के डीआरडीए कर्मियों और पदाधिकारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर शनिवार को एक दिवसीय सामूहिक अवकाश रखा। ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के आवास के समक्ष धरना भी दिया। झारखंड राज जिला ग्रामीण विकास अभिकरण सेवा संघ के बैनर तले राज्य भर के डीआरडीए कर्मियों पदाधिकारियों ने सामूहिक अवकाश रखा। संघ के प्रदेश सचिव मानिक चंद्र प्रजापति ने बताया कि डीआरडीए कर्मियों की नियुक्ति सेवा सत्यम करते अब नियमावली 2009 के तहत सभी जिला के डीआरडीए में की गई है। डीआरडीए कर्मियों पदाधिकारियों द्वारा ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन एवं अन्य कार्य का निष्पादन किया जा रहा है। लेकिन डियर अंतर्गत कार्यरत कर्मियों पदाधिकारियों को लगभग 406 महीना से लंबित मासिक वेतन का भुगतान नहीं किया गया है।

ग्रामीण विकास भारत मंत्रालय भारत सरकार के निदेर्शानुसार डीआरडीए कर्मियों को राज्य के किसी कार्यालय विभिन्न सरकारी पदों में समायोजन के संबंध में राज्य सरकार से अनुरोध भी किया गया है। लेकिन अभी तक राज्य सरकार के द्वारा समायोजन नहीं किया जा सका है। ऐसे में अपने विभिन्न मांगों के रखने एवं विचार करने के लिए ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार द्वारा 22 जुलाई तक समय दिया गया था लेकिन इस अवधि तक उनकी मांग पूरी नहीं हो पायी है। मांगें पूरी नहीं होने की वजह से डीआरडीए कर्मी आज सामूहिक अवकाश पर रहे और रांची में ग्रामीण विकास मंत्री से मुलाकात भी की।

## राज्यपाल के परिवार के सदस्यों ने हुंडरु फॉल का आनंद लिया

- सभी ने हुंडरु फॉल के मनोरम दृश्य एवं प्राकृतिक का खूब लुप्त उठाया

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के परिवार के सदस्य हुंडरु फॉल पहुंच कर प्राकृतिक का आनंद लिये। राज्यपाल का बेटा-बहू एवं बेटी-दामाद और नाती सहित सपरिवार के अन्य सदस्य दोपहर को हुंडरु फॉल आये। यहां की खुबसूरती देख खुश हुए। सभी ने हुंडरु फॉल के मनोरम दृश्य एवं प्राकृतिक का खूब लुप्त उठाया। सुरक्षा व्यवस्था में सिकिदीरी थाना प्रभारी सत्य प्रकाश रवि अपने दल बल के साथ तैनात थे। इस मौके पर अनगड़ा प्रखंड विकास पदाधिकारी उतम प्रसाद, कनीय अभियंता गौतम कुमार, कुच्चू मुखिया सहदेव बेदिया, राजकिशोर बेदिया, बालेश्वर बेदिया, मुचीराम महतो, अशोक मुंडा, पर्यटक मित्र विष्णु कुमार बेदिया, मनोज कुमार बेदिया, मेघनाथ बेदिया, हरिचरण बेदिया, राजेश बेदिया, जीतवहन भोगता, नागेश्वर बेदिया, रंजन बेदिया एवं बुधराम बेदिया आदि उपस्थित थे।

### रांची नगर निगम ने एलपी पब्लिक स्कूल में बांटे 200 पौधे

रांची :शनिवार को रांची नगर निगम द्वारा किशोरगंज स्थित एलपी पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं के बीच 200 वृक्षों का वितरण किया गया। साथ ही विवेकानंद यूथ क्वेक फाऊंडेशन एवं रिलेशनस के संयुक्त तत्वावधान में मिशन लाइफ के तहत पर्यावरण संरक्षण एव उर्जा संरक्षण पर सेमिनार भी आयोजित किया गया। इसमें लगभग 200 स्टूडेंट्स ने पर्यावरण संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। सेमिनार का संचालन फाउंडेशन के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल ने किया।

पड़ताल

बाल विवाह के आंकड़े जुटा रही सीआईडी, सुप्रीम कोर्ट ने मांगी है जानकारी

# पूरे राज्य में 3 साल में बाल विवाह के आंकड़े जुटाए जा रहे हैं

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** झारखंड सरकार के महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण विभाग के द्वारा पूरे राज्य में 3 साल में बाल विवाह के आंकड़े जुटाए जा रहे हैं। सरकार के आदेश पर झारखंड सीआईडी की टीम सभी जिलों से आंकड़े इकट्ठा कर रही है।सरकार के महिला बाल विकास व समाज कल्याण विभाग के द्वारा राज्यभर में तीन साल में बाल विवाह के आंकड़े तैयार किए जा रहे हैं। सरकार के आदेश पर सीआईडी ने सभी जिलों से इससे जुड़े आंकड़े मांगे हैं।

सीआईडी ने सभी जिलों को पत्र भेजकर तीन साल में हुए बाल विवाह के दर्ज मामले, तीन साल में सामने आए वैसे मामले जब बाल विवाह को रोका गया हो, इसके साथ ही बाल विवाह के मामलों में दर्ज केस की जानकारी मांगी गई है।भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालयों ने सुप्रीम कोर्ट के एक वाद में हलफनामा दायर करने के लिए सभी राज्यों से बाल विवाह से जुड़े आंकड़े मांगे थे। मंत्रालय ने सभी राज्यों के महिला, बाल विकास व समाज कल्याण विभाग के प्रधान सचिव, सचिव स्तर के अधिकारियों को पत्र लिखकर 21 अप्रैल 2023 को आंकड़े मांगे।इसको लेकर बाद में दो बार 2 मई और 6 जून को भी आंकड़ों के संबंध में रिमाइंडर भी भेज गए थे। इसके बावजूद तथ्यात्मक आंकड़े कई राज्यों के द्वारा नहीं भेजे गए। मंत्रालय ने फिर से 18 जुलाई को पत्र लिखकर नए सिरे से आंकड़ों की मांग की है। पत्र में लिखा गया है कि राज्यों से मिले आंकड़े सही से नहीं भेजे गए हैं। इसलिए तीन बिंदुओं पर आंकड़े यथाशीघ्र भेजने के लिए मंत्रालय ने पत्राचार किया।

## न्यूज फटाफट

### सेंट्रल यूनिवर्सिटी में 27 कोर्सों की 726 सीटों पर एडमिशन जल्द

रांची: कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट, सीयूईटी पीजी का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। इसके साथ ही देशभर की सेंट्रल यूनिवर्सिटी और स्टेट यूनिवर्सिटी में नामांकन की प्रक्रिया जल्द शुरू हो जायेगी। सेंट्रल यूनिवर्सिटी झारखंड में पीजी विषयों में नामांकन के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 31 जुलाई से शुरू होगा। इसके तहत 27 पीजी कोर्स के 726 सीटों पर नामांकन लिया जाएगा। इसमें सीयूईटी के स्कोर के आधार पर संस्थान द्वारा मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी। इसके बाद काउंसिलिंग की प्रक्रिया शुरू होगी। बताते चलें सीयूईटी पीजी के स्कोर के तहत देशभर के 197 यूनिवर्सिटी के पीजी कोर्स में नामांकन ले सकेंगे। इसमें 39 सेंट्रल यूनिवर्सिटी, 45 स्टेट गवर्नमेंट यूनिवर्सिटी, 10 गवर्नमेंट इंस्टीट्यूट और 103 अन्य प्राइवेट व डीम्ड यूनिवर्सिटी शामिल है। सीयूईटी पीजी की परीक्षा इस साल दो फेज में आयोजित की गई थी। पहला फेज 5 जून से 17 जून तक और दूसरा फेज 22 जून से 6 जुलाई के बीच आयोजित हुई थी, जिसमें झारखंड से 36,251 छात्रों ने विभिन्न विषयों के लिए परीक्षा में शामिल हुए थे। रांची यूनिवर्सिटी, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी सहित अन्य स्टेट यूनिवर्सिटी के पीजी कोर्सों में नामांकन के लिए छात्रों को अभी इंतजार करना होगा। क्योंकि अभी तक किसी यूनिवर्सिटी में फाइनल सेमेस्टर का रिजल्ट जारी नहीं हो पाया है। वहीं कई यूनिवर्सिटी में अभी तक यूजी फाइनल सेमेस्टर की परीक्षा भी आयोजित नहीं हो पाई है। ऐसे में नामांकन प्रक्रिया में देरी तो होगी ही, साथ ही नए सत्र के शुरू होने में भी देरी होगी। संत जेवियर्स कॉलेज रांची के 12 पीजी कोर्स में नामांकन के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। इसमें आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित है। जिसमें ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इसमें सभी विषयों को मिलाकर लगभग 600 सीटें हैं।

### पंजाबी हिन्दू बिरादरी का भजन संध्या 30 को



ज्योति चावला बबीता खन्ना विजया अजमानी

रांची: पंजाबी हिंदू बिरादरी का महिला मंच कार्यक्रमों की शुरूआत सुमधुर भजन-कीर्तन से प्रारंभ करेगी।आगामी 30 जुलाई,रविवार को संध्या 4 से 6 बजे तक पंजाबी भवन में भजन संध्या कार्यक्रम आयोजित किया गया है।इसके अलावा यथाशीघ्र अमृतवाणी पाठ एवं अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। ये सर्वसम्मत निर्णय शनिवार को महिला मंच की पंजाबी भवन में संपन्न पहली बैठक में लिया गया।बैठक की अध्यक्षता नव-मनोनीत अध्यक्ष ज्योति चावला ने की। बिरादरी के अध्यक्ष सुधीर उग्गल ने वर्ष 2023-25 के लिए उन्हें इस पद पर मनोनीत किया है। सन 1976-78 में बिरादरी के महासचिव रहे स्वर्गीय टीसी। कथूरिया की सुपुत्री और संत साबरमती स्कूल की संचालिका रहीं ज्योति की स्कूली शिक्षा लॉरेटो कॉन्वेंट से हुई है और बीएससी वूमेंस कॉलेज,रांची से।वे अपनी कक्षा में हमेशा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होती थीं। बिरादरी में पहली बार महिला मंच का विधिवत रूप से गठन किया गया है और वॉट्स ऐप समूह भी बनाया गया है।इसमें न सिर्फ. रांची,बल्कि पूरे झारखंड से महिलाओं को शामिल किया गया है।जिसमें महज चंद दिनों में लगभग 100 महिलाएं जुड़ गईं हैं। बैठक में विजया अजमानी,उपाध्यक्ष और बबीता खन्ना,महासचिव एवं कार्यकारिणी सदस्याओं में सीमा उग्गल,मीनू मेहरा,सुमन मिनोचा,अनिता सखूजा,वीणा माकन,पुनम माकन आदि उपस्थित थीं।

### मोहर्रम कमेटी कांके की बैठक में सौहार्द से जुलूस निकालने का निर्णय

रांची: सेंट्रल मोहर्रम कमेटी कांके क्षेत्र की बैठक मो समनूर मंसूरी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कांके क्षेत्र के विभिन्न अखाड़ा के खलीफा, सदर, सेक्रेटरी एवं क्षेत्र के सामाजिक एवं राजनीतिक लोग शामिल हुए। बैठक में मोहर्रम का जुलूस निकालने को लेकर अपनेअपने विचार रखे। सभी लोगों को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। मौके पर अध्यक्ष मो समनुर मंसूरी ने लोगों से अपील किया कि मोहर्रम का जुलूस एकता एवं भाईचारगी के साथ निकाले। साथ सभी जगहों के अखाड़ा बाद नमाज जोहर 2 बजे तक अपने अपने क्षेत्रों से हर हाल में निकाले। वही जुलूस में किसी प्रकार का नशा का सेवन करने वाले को सामिल ना करें। संचालन कमिटी के सचिव मो फुरकान और धन्यवाद ज्ञापन अब्दुल इमरान ने किया। बैठक में सदर हाजी अब्दुल रहमान, हाजी हैदर अली, हाजी साहिल समीम, मो फुरकान, अब्दुल इमरान, मो मोबीन, हिफजूल रहमान, मो सहजाद, जिब्राइल अंसारी, मो सरफराज, मो जावेद खान, माहिर खान, जमील अख्तर, मोसिम खान, अलीमुद्दीन अंसारी, साहिल आलम, गुलजार आलम, बारीक कुरैशी, मो नसीम, शेख सहीउद्दीन, मो अमीन, नुरूल होदा, मो मेराज (छोटू), सज्जाद अंसारी, मेहंदी अंसारी, वसीम अंसारी, साहिल अंसारी, मो महबूब, अब्दुल हकीम,,मो शमशाद, सरताज अंसारी, फिरदोस आलम, महमूद अंसारी, मनौव्वर बाबा, मो नुरैन, जियारत अंसारी, मो नौशाद, सिकंदर रजा, एकरामुल अंसारी, मो मेराज, रिजवान हुसैन, नसीम मंसूरी, नफीस अख्तर तथा अशफाक आलम आदि शामिल थे।

### एबीवीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पुतला दहन

रांची: राजस्थान के जोधपुर में एबीवीपी के कार्यकर्ताओं द्वारा नाबालिग के साथ गैंपरेप के विरोध में एनएसयूआई ने प्रदर्शन और पुतला दहन किया। एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आमिर हाशमी की उपस्थिति और रांची जिला एनएसयूआई कार्यकर्ताओं द्वारा रांची विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार नारेबाजी और प्रदर्शन किया गया। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने एबीवीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. राजशरण शाही का पुतला दहन किया गया। एनएसयूआई के नेताओं ने कहा कि जोधपुर में एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने नाबालिग के साथ गैंगरेप कर महिलाओं के प्रति अपनी मानशिकता का परिचय दिया है। झारखंड एनएसयूआई के अध्यक्ष आमिर हाशमी ने कहा जब से भाजपा सत्ता में है छात्राएं एवं महिलाओं के साथ दुष्कर्म का मामला बढ़ गया है। गुनहगारों के सिर पर भाजपा का हाथ है। ऐसे लोगों को भाजपा सम्मान करती हैं। उन्होंने मांग किया कि ऐसी दरिंदगी करने वाले गुनहगारों को फांसी की सजा होनी चाहिए। जिलाध्यक्ष अमन अहमद ने कहा कि छात्र हितैषी होने का ढोंग करने वाली अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) का असली चेहरा जोधपुर में सामने आ गया है। हर बार शिक्षा के मंदिर को कलंकित करने का काम करने वाले छात्र संगठन के छात्र नेताओं ने नाबालिग के साथ बलात्कार कर छात्राओं में डर भय का माहौल बना दिया है। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन सरकार से मांग करती है कि जल्द से जल्द बलात्कारियों को फांसी की सजा दी जाए ताकि देश की पीड़ित बहन-बेटियों को इंसाफ मिल सके। प्रदर्शन और पुतला दहन कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष अनिकेत राज, प्रदेश सचिव रोहित पांडे, मो. हुसैन अंसारी, पवन कुमार, आयुष अग्रवाल, सिद्धार्थ राज, जैद अंसारी, तालिब हुसैन और इकबाल अख्तर आदि छात्र नेता शामिल थे।

### पठन-पाठन योग्य माहौल बनाने की बारीकियों पर किया गया चर्चा

रांची :कोरोना काल में स्कूली शिक्षा काफी हद तक प्रभावित हुई। करीब 2 साल तक स्कूल नहीं जाने के कारण बच्चों में स्कूल से संबंधित गतिविधियों एवं पढ़ाई में कम रुचि देखी गई। इन बातों को संज्ञान में लेते हुए सीबीएसई ने हैप्पी क्लासरूम शुरूआत करने की पहल की है जिसमें छात्रों को स्कूली माहौल में तनाव मुक्त बनाया जाए।

## शहर >> अपडेट

### ग्रामीण एसपी ने कांडों का लिया जायजा

बुढ़मू : रांची के ग्रामीण एसपी नौशाद आलम बुढ़मू थाना पहुंचे और बुढ़मू थाना प्रभारी से मिलकर क्षेत्र के विभिन्न कांडों का जायजा लिया। जानकारी के अनुसार ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने थाना प्रभारी को क्षेत्र के ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने को कहा।, और सूचित करने को कहा। मौके पर खलारी डीएसपी अनिमेष नैथानी एवं मांडर इंस्पेक्टर और मांडर थाना प्रभारी उपस्थित थे।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### मणिपुर घटना के खिलाफ मणिपुर मुख्यमंत्री का पुतला दहन

**चास:** चंदनकियारी प्रखंड के बरमसिया स्थित दुबे काटा मोड़ में एसयुसीआई कम्युनिस्ट बरमसिया लोकल कमेटी की ओर से मणिपुर घटना के खिलाफ जोरदार आक्रोश प्रदर्शन करते हुए मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह का पुतला दहन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुदामा एवं संचालन हरिपद महतो ने किया। इस मौके पर एसयुसीआई कम्युनिस्ट के जिला सदस्य कुमुद महतो ने कहा कि प्रधानमंत्री ने ढाई महीने तक वहां शांति कायम करने के लिए एक अपील तक नहीं की है। ऐसी शर्मनाक घटनाएं वहां पर हुई है कि सारे आम महिलाओं को नंगा करके हजारों लोगों के साथ उनका जुलूस निकाला गया। हमारी मांग है कि बीरेन सरकार को तुरंत बर्खास्त किया जाए और खुद प्रधानमंत्री को भी संग इस्तीफा देकर अपने देश से माफी मांग लेना चाहिए। मौके पर किष्ट महतो, भूटू महतो, बंकिम महतो लाल टू गोप, रामू महतो, सुदाम मांझी, विनोद महतो, अरविंद महतो, पितांबर मांझी, मानिक गोप, पांचू महतो, दिलीप गोप, सुधीर योगी, निवास महतो, प्रशांत प्रमाणिक, पंचम दास आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### कांट्रेक्टर एसोसिएशन की साप्ताहिक बैठक

**चास:** बोकारो स्टील प्लांट के कैंपस में शनिवार को कांट्रेक्टर एसोसिएशन की साप्ताहिक बैठक हुई। अध्यक्षता जगदीश चौधरी एवं संचालन अवधेश कुमार सिंह ने की। बैठक में संगठन के द्वारा प्रबंधन को आवेदन पत्र देने का निर्णय लिया गया। पहली चिट्ठी पेनाल्टी क्लॉज के खिलाफ दूसरी चिट्ठी कवच के द्वारा एक तरफा निर्णय के खिलाफ और तीसरी चिट्ठी पास सेक्सन में व्याप्त असुविधा के संदर्भ में देने का निर्णय हुआ। इस बैठक में कांट्रेक्टर्स एसोसिएशन का विस्तार किया गया। चुने गए पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी अरुण शर्मा और संतोष कुमार, संगठन मंत्री अशोक सिंह, सह संगठन मंत्री रंजन यादव, सचिव अरविंद सिंह और रामनाथ यादव, सह कोषाध्यक्ष अनील श्रीवास्तव, कार्यालय मंत्री मो. खुर्शीद आलम आदि शामिल है।

**मिलन समारोह**

## आजसू के प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता मिलन समारोह में बोले सुदेश

# झारखंड में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर

- बीडीओ सीओ को जमीन नापने में मजा आता है
- आज गांव के लोगों का जमीन खतरा में है जमीन ही उनका पहचान है



राष्ट्रीय खबर

**नामकुम:** नामकुम प्रखंड सिदरौल स्थित ब्लेस बैंक्विट हॉल में आजसू पार्टी प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व आजसू पार्टी जिला वरीय उपाध्यक्ष प्रकाश लकड़ा ने किया व संचालन जिला प्रवक्ता रोशन मुंडा ने किया। मुख्य अतिथि आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने वर्तमान समय में राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार राज्य में शिक्षक की कमी प्रखंड व अंचल में व्याप्त भ्रष्टाचार सरकार की वादाखिलाफी को लेकर कार्यकर्ता सम्मेलन में अपना विचार रखें उन्होंने बताया सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की घोर कमी है सिर्फ बच्चे खिचड़ी खाने जातें हैं कॉलम पूरा करने का काम चल रहा है गांव के ज्यादातर बच्चे दसवां के बाद पड़ना छोड़ देतें हैं। आज गांव के लोगों का जमीन खतरा में है जमीन ही उनका पहचान है आज जमीन खत्म हो जाता है तो आनेवाले वंशज को क्या जवाब देंगें जमीन एस टी ऐसी ओबीसी का जा रहा है। आज के समय में सी एन टी भूमि को सादा पट्टा बनाकर बेचा जा रहा है झारखंड में सादा पट्टा वाला परम्परा शुरू हो गया है। वर्तमान समय में अंचलाधिकारी और प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को गांव जाकर जनता का हाल नहीं पूछना है इन सबों को जमीन नापने से फुर्सत नहीं मिल रहा है। बीडिओ सीओ को जमीन नापने में मजा आता है मननरेगा के तहत कितना पैसा का उगाही करना है उसका पूरा हिसाब याद रहता है गलत परम्परा समाज में जहर घोलने का काम कर रहा है समाज आज किस ओर जा रहा है विचार करने वाली बात है। मौके पर जीप सदस्य अनगड़ा राजेन्द्र शाही मुंडा आजसू पार्टी वरिष्ठ नेता जितेन्द्र सिंह खिजरी विधानसभा पूर्व प्रत्यासी पारसनाथ उरांव पूर्व जीप सदस्य नामकुम फूलकुमारी देवी प्रकाश चौधरी जिला उपाध्यक्ष राजू नायक जिला सचिव जिला वरीय उपाध्यक्ष जलनाथ चौधरी मुकेश नायक कुदरत शेख राँची जिला सचिव मुकेश नायक प्रदीप जयसवाल संजीव कुमार सिंह काशीनाथ महतो राजेंद्र कांत महतो जॉन तिग्गा समेत सैंकड़ों लोग मौजूद रहें।

## हाथी प्रभावित को जल्द मिले मुआवजा: अजय



राष्ट्रीय खबर

**चांडिल :** ईचागढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में जंगली हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार की रात टीकर पंचायत अंतर्गत वनकाटी गांव में स्थानीय निवासी रबनी गोराई के घर को जंगली हाथियों ने क्षतिग्रस्त कर डाला। सिर्फ यही नहीं, उनके घर में रखा तकरीबन एक क्विंटल धान और एक क्विंटल चावल भी हाथी डकार गए। साथ ही उनके खेत में लगे धान के बिचड़ों को भी हाथियों ने रौंद डाला। घटना की खबर पाते ही शनिवार को अहले सुबह कांग्रेस नेता अजय कुमार साहू और टीकर ग्राम प्रधान माणिक घोष पीड़ित के घर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। तत्काल अपने प्रयासों से वन विभाग के अधिकारियों को घटनास्थल पर बुलाकर हाथियों की वजह से हुए नुकसान की जानकारी दी। वन विभाग के अधिकारियों ने रबनी गोराई को विभाग की ओर से क्षतिपूर्ति का आश्वासन दिया। मौके पर कांग्रेस नेता शअजय साहू ने कहा कि जंगली हाथियों की समस्या पूरे ईचागढ़ में दिनों-दिन विकराल रूप धारण करती जा रही है। जंगली हाथियों से जानमाल की भी क्षति हुई है।

## मणिपुर में आदिवासियों महिलाओं के साथ हुए दुर्व्यवहार का किया विरोध

# सेंगेल ने किया मणिपुर सरकार का पुतला दहन



राष्ट्रीय खबर

**बोकारो:** भर्रा बस्ती में आदिवासी सेंगेल अभियान ने मणिपुर में दो आदिवासियों महिलाओं के साथ हुए दुर्व्यवहार के विरोध में मणिपुर सरकार एन विजेंद्र सिंह का पुतला दहन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व बोकारो जोनल संयोजक जयराम सोरेन ने किया। इस दौरान प्रदेश संयोजक सुगदा किस्कू ने कहा कि मणिपुर में 4 मई की वीडियो द्वारा जो कुछ देश के सामने अभी आया है। वह दिल को दहलाने, पीड़ादायक एवं मानवता को शर्मसार करता है। इसके लिए और अबतक जारी हिंसा के लिए राज्य सरकार को दोषी मानना गलत नहीं होगा। अतएव हमारी मांग है मणिपुर सरकार को अविलंब बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए।

मणिपुर हिंसा के पूरे प्रकरण को सुप्रीम कोर्ट के सिटिंग जज या सुप्रीम कोर्ट के निगरानी में सीबीआई से जांच की जाए। वहीं जिलाध्यक्ष सुखदेव मुर्मू ने कहा कि मणिपुर हिंसा के पीछे असली आदिवासियों के अस्तित्व, पहचान और हिस्सेदारी का मामला छिपा हुआ है। इस देश को गंभीरता से समझने की जरूरत है। अन्यथा आदिवासियों का नरसंहार निश्चित है। आदिवासियों को प्रदत संवैधानिक आरक्षण के बगैर उन्हें न्याय, सुरक्षा और समानता नहीं मिल सकती है। मगर यदि कतिपय ऊंची जातियां और बड़ी संख्या वाली जातियां खुद अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा हड़प कर आदिवासी आरक्षण के कवच में घुसपैठ करेंगे तो असली आदिवासियों का नरसंहार निश्चित है।

पुतला दहन कार्यक्रम में छात्र मोर्चा के अध्यक्ष कोमल किस्कू, महिला मोर्चा चास प्रखंड महासचिव सविता मरांडी, निगम सेंगेल अध्यक्ष लवली किस्कू, जलेश्वर किस्कू, कृष्णा किस्कू, राजकुमार किस्कू, सरिता किस्कू, नेहा मुर्मू, सोनी किस्कू, खुशबू किस्कू, पार्वती किस्कू, मीना किस्कू, लक्ष्मी मुर्मू, साधमती किस्कू, लक्ष्मी किस्कू, रिंकी हेंब्रम, राज हांसदा, विशाल किस्कू, सोनी टुडू आदि महिला-पुरुष मौजूद थे।

# वामपंथी पार्टियों ने किया मणिपुर व केंद्र सरकार का पुतला दहन



राष्ट्रीय खबर

**बोकारो:** वामपंथी पार्टियों की ओर से नया मोड़, बिरसा चौक पर मणिपुर में दो कूकी आदिवासी महिलाओं को भीड़ द्वारा निर्वस्त्र परेड किए जाने के विरोध में मणिपुर सरकार व केंद्र सरकार का पुतला दहन किया गया। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि पिछले ढाई महीनों से मणिपुर जातिय हिंसा से जल रहा है और केंद्र की मोदी सरकार मौन धारण कर बैठी है। सैकड़ों निर्दोष लोगों के मारे जाने, सरेआम महिलाओं की इज्जत के साथ खिलवाड़ करने के बाद भी वेशर्म भाजपा शासित मणिपुर सरकार को अभी तक बर्खास्त नहीं किया गया है। घटना के 77 दिन बाद वीडियो पूरे देश में वायरल होने के बाद प्रशासन हरकत में आती है। मणिपुर की घटना देश के लोकतंत्र और कानून व्यवस्था की खुली चुनौती है। आज पूरा देश मर्माहत है और इस घटना की जितनी भी निंदा की जाय कम है। भीड़ को सांप्रदायिक और जातीय रंग देने के कारण ही आज भीड़ गुंडातंत्र में तब्दील हो गई है। हम यह केंद्र सरकार से मांग करते हैं कि मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बिरेन सिंह को अविलंब बर्खास्त करते हुए वहां तत्काल प्रभाव से राष्ट्रपति शासन लागू किया जाय। तुरंत शांति बहाल किया जाय। प्रतिवाद सभा को सीपीएम के बीडी प्रसाद, राज कुमार गोराई, कुमार सत्येंद्र, आरएन सिंह, सीपीआई के सत्येंद्र कुमार, आईडी सिंह, रामाश्रय प्रसाद, मासस के भीम रजक, एसयूसीआई के गीता शर्मा, मोहन चौधरी ने संबोधित किया। अध्यक्षता आरएस शर्मा ने किया। मौके पर शंकर पोद्दार, धनंजय शर्मा, आरकेपी वर्मा, संजय कुमार, अबु नंबर, कुमार सत्येंद्र, शशिकांत सिन्हा, उमेश महतो, देव कुमार आदि उपस्थित थे।

## जघन्य, कुकृत्य एवं अपराधों पर तत्काल हो कड़ी सजा: धर्मवीर

राष्ट्रीय खबर

**बोकारो:** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह श्री करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्र भक्त समाज के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मवीर सिंह ने मणिपुर की घटना पर अपनी कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि मणिपुर के कूकी आदिवासी हो या मैती जनजाति, या पश्चिम बंगाल हो, केरला हो या भारत का कोई भी राज्य हो मेरा स्पष्ट चिंतन है कि जो भी लोग चाहे वो किसी भी जाति, धर्म, वर्ग, संप्रदाय से संबंधित हो अगर महिलाओं पर, बच्चों पर, असहाय लोगों पर अन्याय, अत्याचार, व्यभिचार करते हुए मर्दानगी दिखाते है। वह पूर्णतः नपुंसक, नकारा एवं कायर होते है।

ऐसे लोगों को सरेआम चौराहे पर नंगा कर लाठियों से इतना पीटा जाए कि उन्हें दूसरों की पीड़ा समझ में आए। कहा कि ऐसे लोगों के चलते भारत के करोड़ों लोगों को शर्मशार होना पड़ता है। सरकार किसी की हो ऐसे जघन्य कुकृत्य को कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। इस मामले में दोषी को सख्त से सख्त सजा होनी चाहिए।

## न्यूज फटाफट

### गांधी, जेपी विरासत पर यूपी सरकार का जबरन कब्जा घोर निंदनीय

**बोकारो:** गांधी विचार के प्रचार प्रसार के लिए लालबहादुर शास्त्री, राजेंद्र प्रसाद तथा बाबू जगजीवन राम के सहयोग से आचार्य संत विनोबा द्वारा तथा जेपी द्वारा 1960 की स्थापित संस्था सर्व सेवा संघ प्रकाशन, कार्यालय, आवास, गांधी विद्या संस्थान को वाराणसी प्रशासन द्वारा हजारों पुलिस के साथ जबरन कब्जा किया जाना गांधी तथा जेपी विरासत पर भाजपा सरकार का प्रायोजित हमला है। सर्व सेवा संघ अखिल भारत सर्वोदय मंडल, जिला बोकारो ने यूपी की भाजपा सरकार की साजिश की घोर निंदा की है। सर्वोदय मंडल ने सभी राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों तथा गांधी विचार से जुडे लोगों से इसके खिलाफ प्रतिकार भाजपा सरकार के मंसूबों को बेनकाब करने का आग्रह किया। निंदा व प्रतिकार करने वालों में सर्वोदय मंडल बोकारो के जिलाध्यक्ष अदीप कुमार, मंत्री महावीर कुमार, मनोज भारतीय, अरुण किशोर, रमाकांत वर्मा सहित लोकसेवा व सदस्य शामिल हैं।

### अंतर सदन बास्केटबॉल प्रतियोगिता में अग्नि सदन बना विजेता



**बोकारो:** चिन्मय विद्यालय के क्रीड़ा प्रांगण में 11वीं एवं 12वीं के लिए अंतर सदन बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें फाइनल मुकाबले में अग्नि सदन ने वायु सदन को 19–18 से हराकर विजेता बना। इससे पूर्व खेले गए मैच में अग्नि सदन ने पृथ्वी सदन को 21–16 से एवं वायु सदन ने जल सदन को 17–12 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मैच प्रारंभ होने के पूर्व विद्यालय के प्राचार्य सूरज शर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर दोनों टीमों को शुभकामनाएं दी। अग्नि सदन के खिलाड़ियों चेतन प्रकाश, अभिनव, भानु, पवन, कनिष्क, सौरभ, कृष ने शानदार तालमेल एवं तकनीक का परिचय देते हुए अपनी टीम को जीत दिलाई। वायु की ओर से आदित्या, अभय, कृष, दिव्यांश, आनंद, अरिन एवं प्रिंस ने शानदार प्रदर्शन किया। वहीं अग्नि सदन के चेतन प्रकाश शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द टूनार्मेंट घोषित किया गया। इस मैच में संजीव सिंह, प्रांजल सैकिया, प्रत्यूष सिंह, ललिता ने निर्णायक की सफल भूमिका निभाई। इस दौरान वरीय शिक्षक हरिहर पांडेय, डॉ गौतम कुमार नाग, देवदीप चक्रवर्ती, निशांत सिंह, प्रवीण कुमार एवं नितेश पांडेय ने उपस्थित होकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

### कांग्रेस व झामुमो ने प्रधानमंत्री एवं मणिपुर के मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया

**चास:** कांग्रेस एवं झामुमो संयुक्त रूप से चंदनकियारी प्रखंड के अमलाबाद में जनसभा कर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह का पुतला दहन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झामुमो नेता किरण चंद्र बाउरी ने बताया कि जब से देश में भाजपा सत्ता में आया तब से ही आदिवासी एवं दलितों पर भाजपा के लोग ज्यादा अत्याचार करना शुरू कर दिया है। अधिकार छीनने से लेकर अपमानित करने का मानसिकता से भाजपा वाले काम कर रहे हैं। जिसका विरोध हम सबको मिलकर करना होगा। मौके पर सोनोत संथाल समाज कोर कमेटी प्रखंड अध्यक्ष रूपचंद मुर्मू ने कहा कि सत्ता के नशे में चूर अहंकारी दलित आदिवासी विरोधी भाजपा कार्यकर्ता द्वारा आदिवासी युवक पर पेशाब करने एवं मणिपुर मे महिला को निर्वस्त्र करना की घटना ने पूरे देश के दलित आदिवासी को शर्मसार किया। यह घटना भाजपा शासन में दलित आदिवासी पर हो रहे अत्याचार का उदाहरण है। ऐसी घटना का घोर निंदा करते हैं। मौके पर किरण चंद्र बाउरी, प्रखंड 20 सूत्री सदस्य बिरिंची महाथा, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष शिस्टिधर राजवार, प्रखंड 20 सूत्री सदस्य सह झारखंड आंदोलनकारी महेश्वर राजवार, कांग्रेस जिला महासचिव राम पद दास, झामूमो जिला संयुक्त सचिव माणिक राजवार, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष जलेश्वर दास, प्रखंड 20 सूत्री सदस्य कासिम काजी, आदिवाशी सोनोत संथाल समाज कोर कमेटी अध्यक्ष रूपचंद् मुर्मु, चास 20 सूत्री सदस्य उपेंद्र हांसदा, प्रखंड 20 सूत्री सदस्य अशोक दोसंधी, कांग्रेस सेवा दल प्रखंड अध्यक्ष तूफान साहनी, कांग्रेस एससी सेल प्रखंड अध्यक्ष बनमाली बाउरी, झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष महेंद्र बाउरी, कलीम अंसारी, सागर पांडे आदि मौजूद थे।

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



नाम–विनोद उराँव, उम्र–26 वर्ष, रंग–साँवला, ऊँचाई – 4 फीट, 8 ईंच, पहनावा–सफेद शर्ट और काला रंग का जिन्स पहने हुए है।

उपरोक्त लापता पुरुष विनोद उराँव पे0–भवानी उराँव सा0–कंजीय मरई टोली थाना–मांडर जिला–राँची जो दिनांक–02.07.23 को धनबाद से अपने घर मांडर आने वाले थे लेकिन आज तक अपने घर वापस नही पहुँचे जिसके संबंध में माण्डर थाना सनहा सं0–28/23, दिनांक–06.07.23, दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता पुरुष कही मिलते/दिखते है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, खलारी राँची। –94317 42777

थाना प्रभारी, माण्डर राँची। –94317 06187

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 303052 (Police)23-24*D

## आंदोलन

## जय झारखंड मजदूर समाज ने किया आंदोलन का शंखनाद

# ठेका कर्मियों का उत्पादन में 90 फीसदी योगदान: चौधरी

- प्लांट के चिमनी का धुंआ बंद करने का भी औकात रखता है
- चक्का जाम का विधिवत नोटिस देकर अनिश्चित कालीन हड़ताल किया जायगा



राष्ट्रीय खबर

**बोकारो:** बोकारो स्टील संयंत्र के अंदर एसएमएस व सीसीएम विभाग से जय झारखंड मजदूर समाज की ओर से आंदोलन का शंखनाद किया गया। इस दौरान सैंकड़ों की संख्या में ठेका मजदूर उपस्थित थे। यूनियन के महामंत्री बीके चौधरी ने प्रबंधन एवं एनजेसीएस नेताओं को समय रहते कुम्भकर्णी निंद्रा से जगकर मजदूरों के बढ़ते आक्रोश को देखने का सलाह दी। श्री चौधरी कहा कि ठेकाकर्मियों के वेतन बढ़ोतरी एवं अन्य मांगों के पूर्ति के लिए बने एनजेसीएस सब कमेटी के पिछले दिनों दिल्ली में हुए हर बैठक की तरह पांचवा बैठक भी बेनतिजा निकला जो काफी चिंतित करने वाला है। कहा कि प्रबंधन मजदूरों के धैर्य का ज्यादा इम्तिहान लेने का भूल न करें क्योंकि जिन मजदूरों का सेल के उत्पादन एवं मुनाफा मे 90 प्रतिशत योगदान रहता है। वह प्लांट के चिमनी का धुंआ बंद करने का भी औकात रखता है। उन्होंने कहा कि 13 सूत्री मांगों को अगर जल्द से जल्द पूरा नही किया गया तो सभी विभागों में जनजागरण चलाये जाने के बाद चक्का जाम का विधिवत नोटिस देकर अनिश्चित कालीन हड़ताल किया जायगा। अध्यक्षता विभागीय अध्यक्ष जेएल चौधरी व शाखा सचिव एडब्लूए अंसारी एवं संचालन संयुक्त महामंत्री एसके सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एनके सिंह, अनिल कुमार दिलीप कुमार, उपेंद्र कुमार, कुमार ऋषिराज, अमोद कुमार, एमएल मोदी, डीएन महली, संतोष कुमार गुप्ता, नवर मिंआ, सुरेंद्र, सुनिल, रितवरन, राम मांझी, मकमूल, संजिव, रामविलास, बुद्धदेव मांझी, प्रदिप गोप, सरोज, भूषण, मंझू महतो, हिरालाल, रमेश, संतोष, हेमलाल, महेंद्र, अर्जुन, भानू रजवार, सुरेश, राजू, सूनील मिश्रा, चौतू, गोविंद, राहुल, रणधीर, दयाल मांझी, शिवनाथ कुमार, मेहबूब अंसारी, एके मंडल, एके सिंह, बिनोद आदि उपस्थित थे।

**e- Procurement Cell**
**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER, CIRCLE NO-2, RANCHI**
**COMBINED OFFICE BUILDING, BUILDING CONSTURCTION DEPARTMENT**
**JHARKHAND, RANCHI**

**VERY SHORT TERM E- QUOTATION INVITATION NOTICE**

E-Quatation Reference No.-**(01)BCD/CIR-2/RANCHI/ BCD DIV-2/2023-24 Date:-22-07-2023.**

Sealed Quotations are invited for the work **Annual Operation and Comprehensive Maintenance of 3Nos TR Air Cooled Screw Chillers with Associated equipment like AHUS,Pumps installed at Trauma Centre,Rims,Ranchi.** for all Materials from Reputed Shop Keepers, Manufacturers, Suppliers, Retailers, Distributors, Timber Merchants, Registered B.C.D. Contractors and others for following items. They should quote their rates for unit mentioned in the table. If they do not deals all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty. All Rates should be exclusive of Labour Cess.

**Terms and Condition**

1. The quotationer shall furnish Pan,GST registration no.
2. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.

नोट :– (1) वेबसाईट में ई–कोटेशन प्रकाशन की तिथि : 28.07.2023 के अपराह्न 3:00 बजे।
(2) वेबसाईट में ई–कोटेशन अपलोड की अंतिम तिथि : 05.08.2023 के पूर्वाह्न 12:00 बजे तक।
(3) ई–कोटेशन अपलोडेड का हार्ड कॉपी जमा करने तिथि : 05.08.2023 के पूर्वाह्न 3:00 बजे तक।
(4) ई–कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय 05.08.2023 अपराह्न 3:30 बजे।
(5) ई–कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल अधीक्षण अभियंता का कार्यालय भवन अंचल सं0–2,रांची,कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग, भवन निर्माण विभाग, ज्लाईन टैंक रोड, रांची।
(6) ई–कोटेशन प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 : 0651-3512691
(7) कोटेशनदाता को यू–वीन रजिस्ट्रेशन की फोटोकॉपी अपलोड करना अनिवार्य है।

नोट : जो कोटेशनदाता ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल अधीक्षण अभियंता का कार्यालय भवन अंचल सं0–2,रांची,कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग, भवन निर्माण विभाग, ज्लाईन टैंक रोड, रांची के कार्यालय मे हार्ड कॉपी जमा करेंगे उन्ही का रेट खोला जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer
Building Construction Department,
Building Division No.-1, Ranchi

PR 303062 (Building Dept Circle - 2) 23-24 (D)

## शहर >> अपडेट

### पीएफ सह पेंशन अदालत का हुआ आयोजन

**भुरकुंडा :** कोयलांचल के रीवर साइड स्थित ऑफिसर क्लब भुरकुंडा में कोयला खान भविष्य निधि त्रिपक्षीय समन्वय समिति की बैठक एवं पेंशन अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें बरका-सयाल क्षेत्र से संबंधित सीसीएल कर्मियों के सीएमपीएफ एवं पेंशन संबंधी मुद्दों पर सुनवाई की गई। बैठक में महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह ,सहायक आयुक्त सीएमपीएफ एस के प्रसाद, महाप्रबंधक (पेंशन) युपी नारायण मुख्य तौर पर उपस्थित रहे।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### मुहर्रम पर्व को लेकर किया गया शांति समिति की बैठक

**बेरमो:** बेरमो थाना परिसर में मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया ।आयोजित शांति समिति के बैठक में थाना क्षेत्र के सभी सदस्य शामिल हुए। वंही बैठक की बेरमो प्रखंड विकास पदाधिकारी मघु कुमारी व अंचलाधिकारी मनोज कुमार के अध्यक्षता में किया गया।

### खंडहर में तब्दील हुआ प्राथमिक स्वास्थय केंद्र सिजुआ का भवन

**चंद्रपुरा :** लगभग एक लाख आबादी वाले चंद्रपुरा प्रखंड के लोगों की इलाज करने के लिए, 2014 में 2 करोड़ 97 लाख रुपए की लागत से बनाई गई। सिजुआ पंचायत के घुटवे में प्राथमिक स्वास्थ केंद्र सिजुआ का यह नया विशाल भवन। जो खंडहर का रूप ले लिया है। 8 वर्षों के लंबे समय से विरान पड़ी इस स्वास्थ केंद्र के सभी कीमती सामान खिड़की, दरवाजे, टाइल्स, वायरिंग को चोरों ने उड़ा लिया है। मंत्री, सांसद, विधायक, एवं स्वास्थ विभाग सब तमाशबीन क्यों बने हुए हैं, किसी को इसकी फिक्र क्यों नहीं है। क्यों नहीं लिया जा रहा है इसकी सुध। क्यों देख रहे हैं करोड़ों के इस भवन को नष्ट होते हुए। कब होगा यह स्वास्थ केंद्र चालू। और कब मिलेगा जनताओं को इसकी लाभ।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### पंचायत समिति सदस्यों की बैठक संपन्न हुई

**बेरमो :** बेरमो प्रखंड पंचायत समिति सदस्यों की बैठक शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार में हुई। अध्यक्षता बेरमो प्रखंड प्रमुख गिरिजा देवी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से बेरमो बीडीओ मधु कुमारी मौजूद थे। बैठक में पूर्व में लिए गए प्रस्ताव की समीक्षा के बाद कई अन्य प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक के दौरान डीभीसी एवं सीसीएल के प्रतिनिधियों की उपस्थिति नहीं रहने पर क्षेभ व्यक्त किया गया। साथ ही इन्हें स्पष्टीकरण पत्र जारी करने एवं इसको लेकर बोकारो उपायुक्त को पत्राचार करने का निर्णय लिया गया। वहीं जरीडीह बस्ती स्थित मध्य विद्यालय के जर्जर भवन की जानकारी शिक्षा विभाग से लेते हुए विद्यालय में डीएमएफटी मद से भवन निर्माण हेतु डीडीसी को पत्राचार करने की बात बीडीओ ने कही। साथ ही बीईओ को भी पत्राचार करने का आग्रह किया गया।

### बिजली और पानी की मांग को लेकर विस्थापित है आंदोलनरत

**बेरमो / खेतको :** बेरमो कोयलांचल के बीएण्डके प्रक्षेत्र अन्तर्गत चलकरी गांव के लोग विस्थापित होने के वर्षों बाद भी मुल भूत सुविधा जैसे बिजली और पानी से वंचित है। ज्ञात हो कि डीआर एंड आरडी योजना के तहत यह गांव का अधिकांश हिस्सा सीसीएल बीएंडके द्वारा अधिग्रहित किया जा चुका है जिसमे लगभग 5 सौ से 6 सौ रैयतो को नियोजन भी दिया गया मगर आज तक यहां सीसीएल बीएंडके द्वारा माइनिंग शुरू नही किया जा सका। मगर विस्थापित हुए ग्रामीण आज भी मुलभूत सुविधा प्राप्त होने की बाट जोह रहे। आखिरकार परेशान व हताश ग्रामीण की अधिकारों को दिलाने का बिड़ा उठाते हुए जिला परिषद सदस्य माला कुमारी ने आंदोलन का बिगुल फुंकते हुए 8 अगस्त को बीएंडके जीएम कार्यालय के मुख्य द्वार पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन की चेतावनी दे डाली है।

## प्रदर्शन

### बेरमो को जिला बनाने की मांग ने फिर पकड़ा जोर

# धरना-प्रदर्शन के बाद अब पदयात्रा करेंगे



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो :** बेरमो अनुमंडल को जिला बनाने की मांग बीस वर्षो के बाद फिर जोर पकड़ने लगी है। इस बार तेनुघाट के अधिवक्ताओं ने आम लोगों के सहयोग से इस मांग को आंदोलन का रुप दे दिया है। बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति के बैनर तले अनुमंडल के गोमिया, पेटरवार, जरीडीह, बेरमो और नावाडीह प्रखण्ड मुख्यालय में धरना-प्रर्दशन किए जा रहा। इसमें तेनुघाट अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष कामेश्वर मिश्रा, महासचिव वकील प्रसाद महतो, समिति के संयोजक संतोष नायक, कुलदीप प्रजापति, जिला परिषद के अध्यक्ष सुनीता देवी, जिप सदस्य, अमूमन सभी प्रखंडों के प्रमुख, मुखिया, पंसस, वार्ड सदस्य व बुद्धिजीवी शामिल हैं। सैकड़ों लोग पदयात्रा कर जाएंगे रांची, सीएम को देंगे ज्ञापन-बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति ने 26 जुलाई से पदयात्रा का रांची जाने निर्णय लिया है। ये पदयात्री रांची में विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौपेंगे। पदयात्रा में 111 लोग अपने सहयोगी और समर्थकों के साथ रांची जाएंगे। 6 दिसम्बर 1972 को बना बेरमो अनुमंडल-अविभाजित बिहार के समय 6 दिसम्बर 1972 को बेरमो अनुमंडल बना था। दो साल गिरिडीह में ही अनुमंडल का कार्य चलता रहा।

1974 में अनुमंडल का मुख्यालय तेनुघाट के सिंचाई विभाग के खाली पड़े कार्यालय में शिफ्ट हुआ। बेरमो अनुमंडल की आबादी 2011 के जनगणना के अनुसार 11 लाख 7 हजार 672 है। जो वर्तमान समय में लगभग 15 लाख होगी। इस अनुमंडल में 14 थाना और 4 ओपी तथा 7 प्रखण्ड है। प्रखण्ड में बेरमो, गोमिया, पेटरवार, कसमार, नावाडीह, चन्द्रपुरा और जरीडीह शामिल है। 7 प्रखंड में 157 पंचायत हैं। एक फुसरो नगर परिषद क्षेत्र है, जिसमें 28 वार्ड है। 426 राजस्व ग्राम है, जिसमें 20 बेचिरागी तथा 50 हल्का है। इसका क्षेत्रफल 719 वर्गमील और 472830 एकड़ में फैला है।

**खनिज संपदा से भरा है यह औद्योगिक क्षेत्र-**

यह क्षेत्र खनिज संपदा से भरा हुआ है। यहां कई उद्योग हैं। चार विद्युत केन्द्र जिसमें डीवीसी के दो बोकारो थर्मल व चन्द्रपुरा, जबकि राज्य सरकार का तेनुघाट थर्मल पावर स्टेशन ललपनिया और एक केप्टीव पावर प्लांट कथारा में है जो अभी बंद पडा है। यहां सीसीएल के तीन क्षेत्र ढोरी, बीएण्डके और कथारा है, जिसमें दर्जनों कोलियरी संचालित है। सीसीएल और बीसीसीएल के चार कोल वाशरी क्रमशः स्वांग, कथारा, करगली और दुग्दा वाशरी विद्यमान है। एशिया का प्रथम बारूद का कारखाना गोमिया में अवस्थित है, जबकि तेनुघाट में मिटटी का सबसे बड़ा बांध है। डीवीसी का एक और बांध कोनारडेम में है। बेरमो अनुमंडल के मुख्याल तेनुघाट में सिचाई विभाग की हजारों एकड भूमि है। तेनुघाट में अनुमंडल मुख्यालय सहित व्यवहार न्यालयल, उपकारा, जवाहर नवोदय विद्यालय अवस्थित है। इसके अलावा इस अनुमंडल में पांच डिग्री कॉलेज, 9 इन्टर कॉलेज सहित ओरिका कंपनी, सीसीएल और डीवीसी द्वारा बेहतरीन प्लस टू स्कूल संचालित है।

**जिला बनाने की मांग क्यों-**

झारखण्ड में कई जिले सृजित हुए हैं, जो बेरमो की अपेक्षा कम अहर्ता रखते हैं। यहां के कई इलाके उग्रवाद से प्रभावित हैं।

## जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने को लेकर उत्क्रमित मध्य विद्यालय में हुई बैठक



राष्ट्रीय खबर

**गिद्दी:** राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय चपरी में ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य गौरी शंकर पंडित ने किया। इस अवसर पर बताया गया कि सरकार के द्वारा बच्चों का जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र जो जीरो से 5 वर्ष तक आंगनबाड़ी के माध्यम से बनाने का निर्देश दिया गया है। इसके लिए अभियान की शुरूआत कर दी गई है। जिसका लाभ स्कूली बच्चों के अभिभावक जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बना कर उठा सकते हैं। मौके पर विद्यालय प्राचार्य गौरी शंकर पंडित, आंगनबाड़ी सेविका मीना देवी, समाजसेवी धनेलाल बेदिया, मोहम्मद नसीम, स्वास्थ्य सहिया रीता देवी, जेएसएलपीएस के शीला देवी आदि अभिभावक गण उपस्थित थे।

## बजरंग दल के कार्यकर्ता ने सभी पंचायतों में समिति बनाने का लिया संकल्प



राष्ट्रीय खबर

**बरलंगा :** विश्व हिंदू परिषद बरलंगा खंड का बैठक नीम टोला दुर्गा मंदिर में शशी गुप्ता की अध्यक्षता में की गई, बैठक में मुख्य रूप से जिला मंत्री छोटू वर्मा, जिला सह मंत्री तरूण वर्मा, जिला मिलन केंद्र प्रमुख महेंद्र ठाकुर उपस्थित हुए। जिला मंत्री ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा की विश्व हिंदू परिषद पूरे विश्व के कई देशों में इसकी समितियां है और अब इसे और गति देने की आवश्यकता है जिसके लिए हमें प्रखंड के सभी पंचायतों व ग्राम स्तर तक ले जाने की आवश्यकता है इसी निमित्त आज गोला प्रखंड के बरलंगा खंड का समिति का पुनर्गठन हुआ जिसमें संतोष बरलंगागा खंड सह मंत्री, शशि गुप्ता बजरंग दल संयोजक, अमर कुमार सह संयोजक, सुजीत कुमार सत्संग प्रमुख, सूरज रजक मिलन केंद्र प्रमुख इत्यादि। इन सबों को विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल का भिन्न भिन्न प्रकार के दायित्व का बोध कराया गया गया। बैठक में तय हुआ कि 15 जुलाई से 10 अगस्त तक संगठन विस्तार का कार्य ग्राम स्तर तक चलेगा। जिसमें सभी प्रखंड के पदाधिकारियों को 2 पंचायतों का पालक बनाकर उस पंचायत के समिति का विस्तार करने का कार्य सौंपा गया। इसके अलावा 14 अगस्त को अखिल भारतीय कार्यक्रम के निमित्त अखंड भारत संकल्प दिवस तथा कृष्ण जन्माष्टमी के दिन विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस गांव गांव में मनाया जाएगा। इस बैठक में गौतम महतो, सूरज कुमार गुप्ता, राजू कुमार रजक, कृष्ण मुरारी गुप्ता, शेखर गुप्ता आदि मौजूद थे।

## एसडीपीओ के कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस का हुआ आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो /तेनुघाट कोर्ट :** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सतीश चंद्र झा ने शुक्रवार को एक प्रेस वार्ता कर पत्रकारों को बताया कि 13 जुलाई की मध्य रात्रि को नावाडीह थाना अंतर्गत चिरुड़ीह में नव निर्मित आईटीआई कॉलेज के पास रंगदारी की मांग करते हुए फायरिंग भी किया गया था । और जान मारने की धमकी देने तथा आसपास के लोगों में भय का माहौल बनाया गया था । जिसके आलोक में 14 सितम्बर को विभूति शर्मा के दिए गए आवेदन पर मामला दर्ज किया गया । उसके बाद तुरंत अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी तेनुघाट के निदेर्शानुसार एक टीम गठन किया गया था । जिस टीम में बेरमो अंचल निरीक्षक नूतन मोदी, थाना प्रभारी मनीष कुमार, पेक नारायणपुर थाना प्रभारी सुमन कुमार, नावाडीह थाना के पुलिस अवर निरीक्षक सरवन कुमार, पेक नारायणपुर थाना के पुलिस अवर निरीक्षक मुन्ना कुमार राणा, नावाडीह थाना के सहायक अवर निरीक्षक धीरेंद्र देव मनीषी सहित अन्य सशस्त्र बल मौजूद थे । इसके बाद गुप्त सूचना के आधार पर प्राथमिकी अभियुक्त कुतुबुद्दीन अंसारी को अवैध हथियार के साथ फुलवाडाही बस्ती के पास देखने की सूचना प्राप्त हुई । गुप्त सूचना के आधार पर गठित टीम के द्वारा स्थल पर पहुंचकर कुतुबुद्दीन अंसारी को गिरफ्तार किया गया । तलाशी के दौरान उसके कमर के पास ट्राउजर में खोसा हुआ एक लोहे का बना 0.32 एम एम देसी पिस्टल एवं ट्राउजर के दाहिने पैकेट से पिस्तौल की मैगजीन जिसमें दो चक्र जिंदा कारतूस बरामद किया गया । गिरफ्तारी के पश्चात अभियुक्त के निशानदेही पर भोलगढ़ा सरकारी विद्यालय जुनुडीह के पास से फायरिंग किया हुआ खोखा बरामद करवाया गया तथा उसके द्वारा सहयोगी के रूप में नावाडीह थाना अंतर्गत जुनुडिह निवासी खातिर राय उर्फ मंसूर राय की होने की बात बताया गया। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त कुतुबुद्दीन अंसारी ने अपना अपराध स्वीकार किया ।

## सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के कार्यों की समीक्षा हुई



राष्ट्रीय खबर

**रामगढ़ :** समाहरणालय रामगढ़ के ब्लॉक बी स्थित सभाकक्ष में उप विकास आयुक्त रामगढ़ रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना एवं प्रधानमंत्री शुक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना को लेकर बैठक का आयोजन किया है। बैठक के दौरान सर्वप्रथम टोप्पो ने योजना के तहत प्राप्त आवेदनों का जायजा लिया एवं लंबित आवेदनों को जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध ज्यादा से ज्यादा आवेदन सृजित कर आम लोगों को योजना से लाभान्वित करने का निर्देश सभी बैंक के प्रतिनिधियों को दिया। वही उन्होंने स्वीकृत, लंबित एवं खारिज किये गए आवेदनों से संबंधित प्रतिवेदन जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान श्री टोप्पो ने जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी एवं डीपीएम जेएसएलपीएस को उनके विभाग में शुक्ष्म खाद्य उद्योग से जुड़े लोगों की सूची जिला उद्योग केन्द्र रामगढ़ को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने संबंधित सभी विभागों को आपस मे समन्वय स्थापित करते हुए ज्यादा से ज्यादा आवेदन सृजित कर लोगो को योजना से लाभान्वित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान एलडीएम रामगढ़, एसएमपीओ रामगढ़, विभिन्न बैंको के प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## आवेदन

### परियोजना प्रबंधन ने भेजा सीटीओ के लिए 35 पन्नों का आवेदन

# 2 महीनों के अंतराल में सिरका को मिल सकता है सीटीओ

राष्ट्रीय खबर



**गिद्दी:** अरगड्डा प्रक्षेत्र के सिरका परियोजना प्रबंधन द्वारा कोलियरी में सीटीओ लाने के लिए पहल शुरू कर दी गई है। इस बावत प्रबंधन ने 35 पन्नो का नियमावली, निर्देशित पत्र सीटीओ परमिशन के लिए भेजा है। इसके साथ ही करीब 200 छाया प्रति राज्य, जिला व केंद्रीय विभागों को उपलब्ध कराने की दिशा में पहल कर दिया गया है। इसे लेकर परियोजना के पीओ श्रीकांत शर्मा ने बताया कि विभागीय निदेर्शानुसार हम लोगों ने सीटीओ के लिए जरूरी कागजातो को अन्य विभागों की ओर आगे बढ़ा दिया है। आगामी 2 महीनों के अंतराल में सीटीओ सिरका परियोजना को मिलने की उम्मीद पूरी तरह से जग चुकी है। डीटीओ और सीएमडी का हुआ था कोलियरी भ्रमण बताते चलें की बीते 12 जुलाई को सीसीएल डीटी रामबाबू ने खुली खदान का दौरा कर सिरका के अधिकारियों से संसाधनों को ठीक कर जल्द कोयला उत्पादन के लिए निर्देशित दिया गया था।

वहीं 15 जुलाई को सीसीएल के मुखिया सीएमडी डॉ। बी। वीरा रेड्डी ने सिरका परियोजना खुली खदान का निरीक्षण के बाद सिरका को ईसी मिल जाने और जल्द सीटीओ मिलने के रास्ता साफ होने के बारे में बताया गया था। साथ ही काजूबागान अरगड्डा प्रोजेक्ट क्लीयरेंस के बारे में भी जानकारी दी गई थी। 4 वर्षों से बंद है सिरका खुली खदान से कोयला का उत्पादन बीते 4 वर्ष मार्च 2019 से सिरका परियोजना खुली खदान से कोयला का उत्पादन सीटीओ खत्म होने के बाद नहीं हो सका है। सीटीओ मिलने से कई बेरोजगारों को लोकल सेल के माध्यम से रोजगार मिलने के आसार है। जबकि इससे क्षेत्र की रौनक बढ़ जाएगी।

### प्राकृतिक चिकित्सा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**पतरातू :** पतरातू पतंजलि योग समिति सह भारत स्वाभिमान के तत्वधान में रामगढ़ जिला के द्वारा दिव्य सेवाग्राम सौंदा बस्ती पतरातू में प्राकृतिक चिकित्सा प्रशिक्षण एवं संयोग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 20 जुलाई से 27 जुलाई तक किया गया है। जिसमें प्राकृतिक चिकित्सा के द्वारा इलाज किया जाएगा। मुख्य प्रशिक्षक राम किशोर प्रसाद, राज्य प्रभारी राम जीवन पांडे, जिला प्रभारी प्रमोद लाल की अध्यक्षता में यह शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें जल नेती, आई वास, एनिमा,एक्युप्रेशर, सिरोधरा, स्टीम बाथ, गर्म स्नान, मिट्टी पट्टी, कुंजल क्रिया आदि अनेक प्राकृतिक तरीके से रोगियों का इलाज किया जा रहा है। साथ ही सुबह और शाम योग प्राणायाम का कार्यक्रम किया जाता है। वहीं इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला के संरक्षक ओम प्रकाश मोदी, प्रखंड प्रभारी रोहित सिंह, गुरुजी, आदित्य प्रसाद, बादल कुमार, दीक्षित, राज कुमार श्रीवास्तव, एकलव्य और भुवन आदि लोग उपस्थित हुए और प्रशिक्षण का लाभ ले रहे हैं।

### वार्ड सदस्यों की हुई बैठक



**गोला :** गोला पंचायत की मुखिया बुलटी देवी की अध्यक्षता में गोला के सचिवालय में वार्ड सदस्य और गोला पंचायत के ग्रामीणों के साथ बैठक किया गया ।बैठक का संचालन उपमुखिया जितेंद्र साहु ने किया ।सर्वप्रथम गोला पंचायत के नवनियुक्त सचिव पुनम साहू का परिचय करवाया। इसके बाद झारखंड सरकार के निदेर्शानुसार गोला पंचायत में सिद्धू कान्हु खेल क्लब का गठन किया गया। जिसमें 18 से लेकर 40 साल के युवा लोगों के बीच में सर्वसम्मति से अध्यक्ष राजन चन्द्र पोद्दार, सचिव विकास मणि पाठक, उपाध्यक्ष टेकलाल महतो को बनाया गया। कार्यकारणी सदस्य के रुप में अभिषेक कुमार, श्याम कुमार, टिकेश्वर कुमार, राजेश कुमार, विकास कुमार, राकेश कुमार, अनिल दास, अमित पोद्दार, नितीश ठाकुर, रोहित पोद्दार, सिंकदर भगत, राज मिश्रा, आलोक मिश्रा आदि को बनाया गया। पंचायत सचिव पुनम साहु ने कहा की पंचायत स्तर का गठन किया गया है इसके बाद प्रखंड स्तर तक गठन होना है, फिर जिला स्तर तक गठन किया जाएगा ।आज जिस कमिटी का गठन किया गया है आप सभी को मेहनत कर के खेल को और आगे बढ़ाने के लिए और मेहनत करना है। खेल कुद से शरीर का विकास होता है, स्वास्थ्य भी तंदुरुस्त रहता है। मेरी शुभकामना आपके साथ है। सब को मिल जुलकर गोला पंचायत को आगे बढ़ाना है। इस बैठक में मुख्य रूप से गोला पंचायत समिति के सदस्य रंजु देवी, वार्ड सदस्यगण बंदना देवी, रुपेश पोद्दार, सोनी मुंडा, रेणुबाला देवी, श्री देवी, जितेंद्र कुशवाहा आदि शामिल हुए।

### मानव जीवन की रक्षा के लिए जरूरी है पौधरोपण : मुखिया

**चितरपुर :** रामगढ़ प्रखंड के कुंदरूकला पंचायत में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से मौजूद मुखिया किशुनराम मुंडा व पूर्व मुखिया शीला देवी द्वारा दर्जनों फलदार व छायादार पौधे लगाए गए। मौके पर मुखिया ने कहा कि मानव जीवन की रक्षा के लिए पौधरोपण जरूरी है। क्योंकि ग्लोबल वार्मिंग के कारण पूरा विश्व मे प्रदूषण बढ़ते जा रहा है। इसलिए सभी लोगों को पौधरोपण करना जरूरी है। पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन मुखिया किशुन राम मुंडा के पिता सह समाजसेवी स्व नारायण पहान की पांचवी पुण्यतिथि पर आयोजित किया गया था। इस दौरान आम, जामुन, कटहल, करम, कदम ,अशोक, सागवान, गुलमोहर सहित कई प्रजाति के दर्जनों पौधे लगाए गए। मौके पर उप मुखिया मोहराय महतो, बर्डमैन पन्नालाल महतो, डेगलाल मुंडा, सुरेश मुंडा, जगदेव महतो, संदीप प्रसाद, प्रदीप नायक, अरविंद कुमार, संजय मुंडा, अजय महतो सहित कई मौजूद थे।

### मुदस्सर हुसैन उर्फ बुल्लू बेरमो विधानसभा यूथ कांग्रेस का सचिव बने



**बेरमो :** बेरमो विधानसभा युवा कांग्रेस की एक बैठक रहीमगंज में की गई। जिसकी अध्यक्षता यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष अफसर अंसारी जी कर रहे थे। इस बैठक में रहीमगंज के निवासी मुदस्सर हुसैन उर्फ बुल्लू अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ युथ कांग्रेस में शामिल हुए एवं उन्हें बेरमो विधानसभा का सचिव नियुक्त किया गया। इस बैठक में युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष ओम झा ,अंजू कुमारी, बेरमो प्रखंड अध्यक्ष विजय एवं मुख्य कांग्रेस के बेरमो प्रखंड अध्यक्ष छेदी नोनिया, सलीम जावेद ,परवेज अख्तर ,रईस आलम एवं अन्य सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

### सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ लें : सुधा देवी

**चितरपुर :** चितरपुर प्रखंड मुख्यालय के सभागार में जिला गव्य विकास द्वारा मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अंतर्गत गव्य विकास कार्यक्रम को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ जिप अध्यक्ष सुधा देवी व विशिष्ट अतिथि चितरपुर प्रमुख द्रौपती देवी, विधायक प्रतिनिधि अमृलाल मुंडा, 20 सूत्री अध्यक्ष जकाउल्लाह, डीटीओ गिरीश कुमार मौजूद थे। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि सरकार द्वारा ग्रामीणों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। ग्रामीण इन योजनाओं का लाभ लेकर स्वावलंबी बने। वहीं कार्यशाला का संचालन कर रहे प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ राजेश कुमार ने कहा कि गव्य विकास कार्यक्रम के तहत 75 से 90 प्रतिशत अनुदान पर दो दुधारू गाय / भैस लाभुकों को उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावे उन्होंने कामधेनु डेयरी फार्मिंग, पशुआहार एवं चारा विकास योजना, प्रगतिशील डेयरी कृषक सहायता योजना व तकनीकी इनपुट सामग्रियों का वितरण योजना के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दिया। जिसके माध्यम से लाभुको को 75 से 90 प्रतिशत अनुदान पर इन योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बन सकते हैं। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनिल महतो, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी रविंद्र महतो, प्रमुख प्रतिनिधि अभिषेक कुमार, भुचुंगडीह मुखिया सुनीता देवी, बरोबिंग मुखिया बसंती देवी, पंसस आशु कुमारी, लीला देवी, बीना देवी, शम्भू कुमार, प्रदीप कुमार, वरुण कुमार, बिनोद कुमार सहित कई मौजूद थे।

# रात भर का है मेहमान अंधेरा.. ...



रजत कुमार गुप्ता

मान सकते हैं कि सत्ता की लालच बहुत कुकर्म कराती है पर यह सत्ता स्थायी तो नहीं है। आज नहीं तो कल सत्ता होने के बाद भी सत्ता पर आसीन आदमी नहीं रहेगा, यह भी शाश्वत सत्य है। वैसे इस भारतीय सोच को शायद आज भी बहुत सारे लोग समझ नहीं पाये हैं कि आम भारतीय बहुत लंबे काल तक हिंसक गतिविधियों को सहन नहीं करता और प्रतिक्रिया में उससे भी अधिक हिंसक गतिविधियों को अंजाम देता है। पंजाब के आतंकवाद की आग कहां तक फैली थी, इसका अनुभव तो हमें है। अब नये सिरे से उत्तर पूर्व में जो हिंसा भड़का है, उसका असर भी इतनी जल्दी तो खत्म नहीं होगा लेकिन हम मिल जुलकर प्रयास तो कर सकते हैं।



मणिपुर की हालत कुछ ऐसी है कि चारों तरफ अंधेरा ही अंधेरा दिखाई दे रहे हैं। दरअसल जब सत्ता ही हिंसा को बढ़ावा दे और सामाजिक विभेद के जरिए अपनी गोटी सेट करे तो इस किस्म के हादसों का क्या बुरा असर होता है, यह तो हम सूडान में जारी गृहयुद्ध या म्यामांर में सैन्य शासन के खिलाफ उठ खड़े हुए नागरिक समूहों से समझ और सीख सकते हैं। दरअसल आम आदमी जो कुछ बड़ी आसानी से समझ सकता है, वह राजनीति की कुर्सी पर बैठे लोग क्यों नहीं समझ पाते, यह सोचने वाली बात है। मान सकते हैं कि सत्ता की लालच बहुत कुकर्म कराती है पर यह सत्ता स्थायी तो नहीं है। आज नहीं तो कल सत्ता होने के बाद भी सत्ता पर आसीन आदमी नहीं रहेगा, यह भी शाश्वत सत्य है। वैसे इस भारतीय सोच को शायद आज भी बहुत सारे लोग समझ नहीं पाये हैं कि आम भारतीय बहुत लंबे काल तक हिंसक गतिविधियों को सहन नहीं करता और प्रतिक्रिया में उससे भी अधिक हिंसक गतिविधियों को अंजाम देता है। पंजाब के आतंकवाद की आग कहां तक फैली थी, इसका अनुभव तो हमें है। अब नये सिरे से उत्तर पूर्व में जो हिंसा भड़का है, उसका असर भी इतनी जल्दी तो खत्म नहीं होगा लेकिन हम मिल जुलकर प्रयास तो कर सकते हैं। हर मुद्दे को राजनीतिक चश्मे से देखना एक बड़ी भूल है। पहली बार ऐसा साफ साफ प्रतीत हो रहा है कि नरेंद्र मोदी ने सत्ता संभालने वक्त जो कुछ भी कहा था, वह पूरा सच नहीं था। एक पुरानी कहावत है कि सत्ता आदमी को भ्रष्ट बनाती है और असीम सत्ता आदमी को तानाशाह बना देती है। बेझिझक कहें तो इतने दिनों की हिंसा के बाद सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी जानकर नरेंद्र मोदी ने सिर्फ मीडिया के सामने जो कुछ कहा, वह इस बात का संकेत है कि वह इतनी हिंसा के बाद भी अपनी फैसले से पीछे नहीं हटना चाहते। दूसरी तरफ उनके मणिपुर के मुख्यमंत्री एन वीरेन सिंह अब राज्य के एक बड़े वर्ग का भरोसा ही खो चुके हैं और मैतेई समुदाय के पक्षपाती के तौर पर पहचाने जा रहे हैं। श्री मोदी ने मणिपुर की घटना पर दुख व्यक्त करते हुए भी अपने लोगों को यह इशारा दे दिया कि बंगाल और राजस्थान की हिंसा का मुद्दा भी उठाना है। बस और क्या टेप रिकार्डर की तरह बजने वाले लोग चालू हो गये।

इसी बात पर एक बहुत पुरानी ब्लैक एंड ह्वाइट फिल्म का गीत याद आ रहा है। इस गीत को लिखा था साहिर लुधियानवी ने और संगीत में ढाला था ओपी नैय्यर ने। गीत के बोल कुछ इस तरह हैं।

***रात भर का है मेहमान अंधेरा किस के रोके रूका है सवेरा***
***रात भर का है मेहमान अंधेरा किस के रोके रूका है सवेरा***
***रात भर का है मेहमान अंधेरा***
***रात जितनी भी संगीन होगी सुबह उतनी ही रंगीन होगी***
***रात जितनी भी संगीन होगी सुबह उतनी ही रंगीन होगी***
***गम न कर गर, है बदल घनेरा किस से रोके रूका है सवेरा***
***रात भर का है मेहमान अंधेरा***
***लब पे शिकवा न ले अश्क पी ले जिस तरह भी हो खुछ देर जी ले***
***लब पे शिकवा न ल अश्क पी ले जिस तरह भी हो खुछ देर जी ले***
***अब उखड़ने को है गम का डेरा किस के रोके रूका है सवेरा***
***रात भर का है मेहमान अंधेरा***
***आ कोई मिलके तदबीर सोचे सुख के सपनो की तासीर सोचे***
***आ कोई मिलके तदबीर सोचे सुख के सपनो की तासीर सोचे***
***जो तेरा है वो ही गम है मेरा किस के रोके रूका है सवेरा***
***रात भर का है मेहमान अंधेरा***

इस राजनीतिक उठापटक से अलग एक उम्मीद शीर्ष अदालत से हैं, जो अब भी केंद्र सरकार के आगे पूरी तरह नतमस्तक होने को तैयार नहीं है। यह साफ हो चुका है। सवाल यह नहीं है कि इन संस्थाओं पर दबाव क्यों है, सवाल यह महत्वपूर्ण है कि इन संस्थाओं ने हथियार क्यों डाले हैं। अब उदाहरण के लिए ईडी को ही ले लें। उसके बार बार सेवाविस्तार पाने वाले मुखिया 31 जुलाई को अदालत के आदेश पर हट जाएंगे। उसके बाद कौन आयेगा और कैसा आचरण करेगा, यह देखने वाली बात होगी।

कुल मिलाकर दो नये सवाल उठ गये हैं। पहला तो क्या यह वही भाजपा है, जिसे हम अटल बिहारी बाजपेयी के समय जानते थे या इसका नाम छोड़कर सब कुछ बदल चुका है। दूसरा सवाल कि अगर जनता की नाराजगी से जनादेश इस सरकार के खिलाफ गया तो हर बात पर सरकार का डंका बजाने वाली मुख्य धारा की मीडिया का भविष्य क्या होगा। अंत में यह याद रखना होगा कि **रामधारी सिंह दिनकर** ने लिखा है

***समर शेष है, नहीं पाप का भागी केवल व्याध***
***जो तटस्थ हैं, समय लिखेगा उनके भी अपराध।।***

# जन्मदिन 24 जुलाई के अवसर पर विशेष

## परिवार और दोस्तों के बीच सादगी से जन्मदिन मनाएंगे अरमान मलिक

'बोल दो ना जरा', 'नैना', 'बेसब्रियां' और कई अन्य गानों के लिए मशहूर अरमान मलिक शनिवार को अपना बर्थडे सेलिब्रेट रहे हैं। अरमान ने साझा किया कि वह सेलिब्रेशन को सादगी से रखने और अपने प्रियजनों के साथ दिन बिताने का विकल्प चुनते हैं। उन्होंने कहा कि इस साल वह ऐसा म्यूजिक बनाने पर फोकस करेंगे, जो लिस्नर्स के दिल को छू जाएगा। बर्थडे प्लान के बारे में बात करते हुए अरमान ने कहा, इस साल, मैंने अपने बर्थडे को अपने परिवार और करीबी दोस्तों के साथ सेलिब्रेट करने का फैसला किया है। चूंकि मैं म्यूजिक बनाने में पूरी तरह से बिजी हूं, यह सेलिब्रेट करने का एक आदर्श तरीका है। उन्होंने अपने आने वाले एल्बम के बारे में भी बताया, जिसकी जानकारी वह जल्द ही साझा करेंगे। उन्होंने कहा, ह्यह्लइस साल, मेरा फोकस ऐसा म्यूजिक बनाने पर है, जो लोगों के दिलों को छू जाएगा। मैं इसे तैयार करने में पूरी मेहनत कर रहा हूं। मेरा मानना है कि यह अब तक का मेरा पर्सनल बेस्ट वर्क है और मैं अपने फैंस के साथ और ज्यादा म्यूजिक शेयर करने के लिए इंतजार नहीं कर सकता। मैं पॉजिटिविटी और खुशियों से भरे साल का इंतजार कर रहा हूं।

4 साल की उम्र में शुरू किया था गाना

अरमान ने 4 साल की उम्र में गाना शुरू कर दिया था। उन्होंने 2006 में 'सा रे गा मा पा लिटिल चैंप्स' में प्रतिस्पर्धा की और अंततः 8वें स्थान पर रहे। बाद में उन्होंने 10 साल तक भारतीय शास्त्रीय संगीत सीखा। उन्होंने 2007 में आमिर खान अभिनीत फिल्म 'तारे जमीन पर' के गाने 'बम बम बोले' से बॉलीवुड में एक बाल गायक के रूप में अपनी शुरूआत की।प्रिंस ऑफ पॉप के नाम से मशहूर अरमान मलिक ने न



केवल भारत में खुद को स्थापित किया है, बल्कि अपनी असाधारण प्रतिभा के लिए वैश्विक पहचान भी हासिल की है। आज, जैसा कि गायक अपना जन्मदिन मना रहा है, उसने उत्सव को कम महत्वपूर्ण रखने और परिवार और करीबी दोस्तों सहित अपने प्रियजनों के साथ दिन बिताने का फैसला किया है।अरमान मलिक की प्रतिभा उनके द्वारा गाए गए हर सुर में कच्ची भावनाएं डालने की उनकी जन्मजात क्षमता में निहित है। उनकी आवाज सहजता से दिल दहला देने वाले गीतों और उत्साहपूर्ण गीतों के बीच चलती है, जो दुनिया भर के श्रोताओं के दिलों को छू जाती है। जैसे ही वह जीवन के नए साल में प्रवेश कर रहा है, अरमान सकारात्मकता और खुशियों से भरे साल का इंतजार कर रहा है।अपने जन्मदिन की योजना के बारे में बात करते हुए, अरमान ने कहा, इस साल, मैंने अपने जन्मदिन के जश्न को कम महत्वपूर्ण रखने और इस विशेष दिन को अपने परिवार और करीबी दोस्तों के साथ साझा करने का फैसला किया है। चूंकि मैं संगीत बनाने में पूरी तरह से डूब गया हूं, यह जश्न मनाने का एक सही तरीका है। इस साल, मेरा ध्यान ऐसा संगीत बनाने पर है जो दिलों को छू जाए और खुशी फैलाए, और इसे हासिल करने के लिए मैं अपना दिल और आत्मा इसमें डाल रहा हूं। एल्बम का हर गाना प्यार का परिश्रम है। मेरा मानना है कि यह आज तक का मेरा व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ काम है, और मैं और अधिक संगीत साझा करने के लिए इंतजार नहीं कर सकता। मेरे प्रशंसक। मैं सकारात्मकता और खुशियों से भरे साल का इंतजार कर रहा हूं। कुछ दिन पहले, अपने इंस्टाग्राम चैनल पर, अरमान ने अपने अनुयायियों को अपनी अगली प्रस्तुति के बारे में एक प्रश्न पूछकर चिढ़ाया, जिससे प्रशंसकों को उत्सुकता से यह उम्मीद थी कि यह एक एल्बम, एक अंग्रेजी एकल, या विशेष माल होगा। उनके आगामी आश्चर्य का विवरण गुप्त रखा गया है।

# देश का विकास जारी है

## ››व्यंग्य ›› गोपाल चतुर्वेदी



हमारे घर के सामने की सड़क खोद दी गई है। बिजली के खंबे धराशायी हो चुके हैं। नाली की सफाई चल रही है यानी उसकी गंदगी बाहर है और आस-पास का कूड़ा अंदर। ठेकेदार के कर्मचारी विध्वंस में व्यस्त हैं। पतलून-बुश्शर्ट और धूप का चश्मा चढ़ाए एक सरकारी निरीक्षक पेड़ की छांव के नीचे कुरसी पर विराजमान इस विनाश का जायजा ले रहे हैं। पूरे महल्ले का बिजली-पानी बंद है। घर से हमें पत्नी ने इस संकट के कारण और निदान खोजने बाहर ठेल दिया है। हम सरकार से संपर्क का साहस जुटा रहे हैं।

इसके पहले एक बार हमारा सरकार से साबका पड़ चुका है। किसी स्कूटर चालक को एक ट्रक सामान्य-सा 'हैलो' कहकर हवा से बातें करता गुजर गया। एक सहयोगी स्कूटर चालक के नाते हमने अपना दो-पहिया रोका और तत्काल जाकर पहले दिखे पुलिसवाले को इस दुर्घटना की खबर की। सिपाही लगन और निष्ठा से एक खोमचेवाले पर डंडा चलाने की रियाज कर रहा था। उसे अपने कार्यक्रम में हमारा खलल अच्छा नहीं लगा। उसने अपनी रियाज जारी रखी और गुरार्या, खामोशी से खड़े रहो। देखते नहीं, मैं ह्यबिजीह्ल हूँ। हमने गुजारिश की घायल की जान का सवाल है। हमें लगा कि डंडा चलाने की वर्जिश से वरदीवाले के हाथ थक गए हैं। वह पसीना-पसीना हो रहा है। हमारे मन में आशंका हुई कि कहीं इस कर्तव्यनिष्ठ कर्मचारी को दिल का दौरा न पड़ जाए। यकायक पिटते खोमचेवाले ने, गलती हो गई हुजूर की हाँक लगाई। डंडा रुका। उसने जेब से कुछ मुड़े नोटों-से वैसे वरदी की आरती उतारी, इस बार माफ कर दें सरकार। आगे से कभी चूक नहीं होगी।

सिपाही ने सिद्ध किया कि उसके भी दिल है। उसमें नोट देखकर दया हिलोरें लेती है। उसने कृपा कर खोमचेवाले के सौजन्य से मिठाई खाई। पानी पिया। फिर उसे हमारा ध्यान आया, तुम अब भी यहांहो। चलो। वह हमारे स्कूटर पर सवार होकर दुर्घटनास्थल पहुंचा। उस बेहोश आदमी के पास तब तक दर्शकों की भीड़ जमा हो चुकी थी। हम जब गए थे तो उसका 'हेलमेट' उसके सिर की शोभा बढ़ा रहा था। उसका 'ब्रीफकेस' उसके पास बंद पड़ा था। अब 'हैलमेट'गायब था और 'ब्रीफकेस' खुला। भारत दर्शकों का देश है। हम क्रिकेट से लेकर दुर्घटना तक गंभीरता और चाव से देखते हैं। हमें खुशी हुई कि किसी दर्शक ने दर्शन ही नहीं किए बल्कि दुर्घटना के हादसे में अपना व्यक्तिगत योगदान भी दिया है।

सिपाही स्कूटर से उतरा। उसने अपना जादुई बेंत हवा में हिलाकर दर्शकों को भगाया। बेहोश स्कूटरवाले के ऊपर झूककर उसका निरीक्षण किया और प्रमाण पत्र दिया, सांस आ रही है। उसने रुख हमारी ओर कर जांच की प्रक्रिया आगे बढ़ाई, टक्कर मारकर और पैसे पार कर हमें खबर करने चले आए। हमने गिड़गिड़ाकर ट्रक की टक्कर का आंखों देखा हाल सुनाया। उसने डपटकर ट्रक का नंबर जानना चाहा। हमने नंबर न नोट करने की विवशता बताई। उसने थाने चलने का आदेश दिया। अपनी रूह फाख़्ता हो गई। हमारे कई परिचितों की मान्यता है कि भारतीय थाने निर्दोष नागरिकों के 'यंत्रणा केंद्र'और अपराधियों के 'शरण-स्थल' हैं। सिपाही भाई के डंडे के कमाल के हम प्रत्यक्षदर्शी गवाह थे। थाने ले जाकर कहीं इसका इरादा अपना वही हाल करने का न हो। हमने उससे थाने न ले जाने की प्रार्थना की। उसने जिज्ञासा जताई, माल है? हमने जेब खाली कर दी। स्कूटर 'स्टार्ट' किया और घर आकर दम लिया। इस हादसे के बाद से अपने को अक्ल आ गई है। हम भी दर्शकों की जमात में शामिल हो गए हैं। हमने सरकार से, जहां तक संभव हो, दूर रहने का निश्चय कर लिया है।

पर इस समय क्या करें? हमने पेड़ की छाँव में बैठे चश्मेवाले को गौर से देखा। उसके आसपास कहीं कोई वरदीवाला तो नहीं शिकार की टोह में छुपा है? हममें हिम्मत आई। चश्मेवाला अकेला है। उसका एक चमचा अभी-अभी उसे पानी या शीतल पेय देकर गया है। हमने खुद को दिलासा दिया कि उसके पास जाने में कोई खतरा नहीं है। न उसके पास डंडा है न वरदी। यह थाने ले जाने की धमकी नहीं दे सकता है। हम स्वयं को आश्वस्त कर उसके पास पहुंचे। उसने अनमने भाव से हमें ताका और प्रश्न किया, कहिए!! कहने को हमारे पास बहुत कुछ था पर हमने संपर्क को सीमित करने के लिए जानना चाहा, यह सब क्या हो रहा है? उसने जानना चाहा, आप यह किस 'सब' की बात कर रहे हैं? हमने खुलासा किया, हमारा अभिप्राय बिजली-पानी का न रहना, नाली-सड़क की खुदाई और खंबों के गिराए जाने से है। आपके बाकी ह्यसबह्ल का तो हमें पता नहीं है। नाली की सफाई से हमारा वास्ता है।

अखबारों में शिक्षा से लेकर शौचालय तक के विकास का विज्ञापन है। हर सरकार के विकास में योगदान के महँगे प्रकाशन हैं। उनमें आंकड़ें हैं। आजादी के बाद करोड़ों पढ़े और करोड़ों अनपढ़ हैं। लाखों शौचालय बने और बिगड़े हैं। हजारों पुल और इमारतें खड़ी हुई और ढही हैं।

बस थोड़े धैर्य और धीरज की जरूरत है। विकास ऊपर से नीचे आ रहा है। सरकार में हर स्तर पर आ चुका है। जनता तक भी आ ही जाएगा।

# टमाटर से सबक ले मार्केट इंटरवेंशन को तैयार रहना जरुरी



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

लगभग हर साल अन्नदाता को रुलाने वाले टमाटर ने इस बार आमनागरिकों खासकर गृहणियों को बुरी तरह से झकझोर के रख दिया है। अब तक अनुभव यही रहा है कि प्याज आमउपभोक्ताओं को रुलाता रहा है तो सरकार बनने-बनाने में भी प्याज की अहम् भूमिका रही है। संभवतः यह पहला मौका होगा जब टमाटर ने भाव दिखाये हैं और यहां तक कि देश के अधिकांश हिस्सों में टमाटर के भाव डेढ़ सौ से दो सौ रु. तक को छूने व कई स्थानों पर तो इससे अधिक आसमान छूने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। हालात यहां तक देखने को मिले हैं कि मण्डियों से टमाटर की चोरियों के समाचार मिले तो टमाटर की सुरक्षा के लिए बॉक्सर्स की सेवाएं भी लेने के समाचार मीडिया की सुर्खियां बने हैं। हांलाकि अब टमाटर के भावों में उतार का दौर शुरू हो गया है तो केन्द्र सरकार भी एनसीसीएफ और नेफैड के माध्यम से आगे आई है। हांलाकि संभवतः अदरक के भाव भी चार सौ के आसपास जाने का यह पहला रेकार्ड होगा पर टमाटर ने सीधे-सीधे आमआदमी को प्रभावित किया है। पिछले दिनों ब्रिटेन में एकाएक भाव बढने वाली वस्तुओं को कुछ समय तक नहीं खरीदने की सलाह सरकार द्वारा जारी की गई पर मजे की बात यह है कि हमारे देश में हालिया एक सर्वे के अनुसार टमाटर द्वारा लाल-नीली आंखें दिखाने के बावजूद केवल 15 प्रतिशत लोगों ने टमाटर को कुछ समय के लिए रसोई से बाहर रखने यानी की नहीं खरीदने का निर्णय किया, वहीं 82 फीसदी लोगों ने भले ही महंगा रहा हो पर टमाटर की खरीद से परहेज नहीं किया।



दरअसल अब तक का अनुभव यह रहा है कि सीजन में एक समय ऐसा आता है जब टमाटर के मण्डियों में भाव लागत तो छोड़ो मण्डी में लाने ले जाने की लागत भी पड़ता नहीं खाती और हाईवे के किनारों पर टमाटर के ढ़ेर के ढेर बिखरे हुए देखे जाते रहे हैं। हांलाकि करीब करीब इस समय टमाटर के भाव बढ़ते हैं पर इतने अधिक भावों में तेजी पहले लगभग नहीं ही देखी गई है। वैसे तो टमाटर की खेती समूचे देश में होती है पर आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, तमिलनाडू, उड़ीस गुजरात, पश्चिमी बंगाल आदि प्रमुख टमाटर उत्पादक प्रदेश हैं। दुनिया में टमाटर के उत्पादन में चीन शीर्ष पर है और एक मोटे अनुमान के अनुसार चीन में टमाटर का 5 करोड़ 64 लाख टन से अधिक सालाना उत्पादन होता है। चीन के बाद भारत टमाटर का सबसे अधिक यानी की दूसरे नंबर का प्रमुख उत्पादक प्रदेश है। मोटे अनुमान के अनुसार देश में करीब 4 लाख टन टमाटर का सालाना उत्पादन होता है। यदि कुछ दिनों को छोड़ दिया जाए तो टमाटर के भावों को लेकर इतनी मारामारी नहीं रहती है। पर इस साल तो टमाटर ने सारे रेकार्ड तोड़ दिए हैं।

टमाटर दक्षिण अमेरिका के एण्डीज और मैक्सिको से स्पेनिस कॉलोनीज होते हुए दुनिया के देशों में पहुंचा है। बदलते समय में कम से कम हमारे देश में छाछ, केरी, अमचूर, काचरी आदि परंपरागत खटाई की जगह सभी सब्जियों में टमाटर ने बना ली है। टमाटर के बिना सब्जी के स्वाद की कल्पना लगभग नहीं के बराबर रह गई है तो दूसरी और टमाटर केचअप, प्यूरी और शॉश का अपना बड़ा बाजार विकसित हो चुका हैं। दरअसल औषधीय गुण के कारण भी टमाटर की मांग बढ़ी हैं। टमाटर में विटामिन सी, बी, के के साथ ही कोलिन आदि प्रचुर मात्रा में हैं। इसलिए स्वास्थ्य की दृष्टि से भी टमाटर की अपनी अहमियत है। प्याज-टमाटर ऐसे हैं जो आलू आदि दूसरी सब्जियों के साथ तो काम आते ही हैं केवल और केवल टमाटर और प्याज ही ऐसे हैं जो गरीब से गरीब की थाली में लगावन का काम करता है तो अमीर से अमीर की रसोई भी इनके बिना अधूरी है।

अब सवाल दो टके का यह हो जाता है कि ऐसी सरकारों की क्या बाध्यताएं होती हैं कि एकाएक भाव बढ़ने पर आमनागरिकों को भगवान के भरोसे छोड़कर किनारे हो जाती है। हांलाकि लाख उत्पादन बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हो पर अभी भी देष में फसलोत्तर आधारभूत संरचनाओं की कमी बरकरार है। यही कारण है कि किसानों को मजबूरन अपने उत्पाद को सड़क के हवाले करना पड़ता है। हर हालात में फायदा होता है तो केवल और केवल बिचौलियों को होता है। पहले कृतिम अभाव पैदा किया जाता है और फिर कोल्ड स्टोरेज से थोड़ी मात्रा में बाजार में लाया जाता है ताकि ज्यों ज्यों भाव बढ़ते जाएं त्यों त्यों इनका मुनाफा बढ़ता जाएं और आमआदमी पिसता चला जाए। आखिर ऐसा क्यों होता है? यह इसलिए भी जरुरी हो जाता है कि सरकार की बाजार पर निगरानी रखने वाली टीम आखिर क्या करती रहती है। सरकार के पास बुवाई से लेकर उत्पादन तक के आंकड़े रहते ही हैं, इसके साथ ही कोल्ड स्टोरेज में जमा की भी जानकारी रहती है। फिर ऐसे कौन से कारण होते हैं कि एक समय खुदरा में दस से बीस रुपए किलो बिकने वाला टमाटर दो सौ के आंकड़े को छू जाता है। यह टमाटर ही नहीं आलू, प्याज, लहसुन आदि सभी पर लागू होता है। अब तो सरकार द्वारा बागवानी फसलों के लिए रेल भी चला दी है। पर अभी इस दिशा में बहुत कुछ किया जाना है। कोल्ड स्टोरेज की चैन बनानी होगी तो वातानुकूलित कंटेनरों की व्यवस्था भी सरकार को करनी होगी।

टमाटर के भावों में तेजी के साथ ही एक बात साफ हो गई है कि सरकार का कहीं ना कहीं बाजार निगरानी तंत्र कमजोर है। पूरे देश में टमाटर के भावों को लेकर हाहाकार मचा तब जाकर नेफैड और एनसीसीएफ की नींद खुली, नहीं तो बाजार आंकलन के अनुसार पहले ही इन्हें सतर्क हो जाना चाहिए था। बाजार हस्तक्षेप पहली आवश्यकता है। उत्पादक किसान और उपभोक्ता आमआदमी दोनों के ही हितों की रक्षा करना जरुरी हो जाता है। दूसरे ऐसी परिस्थितियों में सरकार की प्रजेंस मात्र से ही हालात में सुधार होने लगते हैं। साफ है सरकार के 80 रु. किलो टमाटर उपलब्ध कराने के दूसरे दिन से ही कौन सा कमाल हो गया कि टमाटर के मण्डियों में भाव नीचे आ गए। सरकार की बदनामी का कारण बनता है वह अलग। इसलिए एक प्रोएक्टिव टीम होनी चाहिए जो बाजार के हालातों पर नजर रखे और अप्रत्याशित होने से पहले ही बाजार के हालातों को नियंत्रण में ले सके ताकि आमनागरिक जमाखोरों के चंगुल में ना आ सके। दरअसल मार्केट इंटरवेंशन के लिए सरकार समय पर सक्रिय हो जाए तो मुनाफाखोरों और जमाखोरों को आसानी से सबक सिखाया जा सकता है वहीं आम नागरिकों को भी समय पर राहत मिल सकती है। इसके लिए मार्केट इंटरवेंशन की सख्त नीति के साथ ही बाजार की मांग के अनुसार समय पर फैसले लेने होंगे ताकि बाजार पर मुनाफाखोरों और जमाखोरों का नियंत्रण नहीं हो सके।

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### अशरफ ने मदरसा सचिव पद से दिया इस्तीफा

जमशेदपुर : मानगो आजादनगर की सब से पुराना मदरसा दारुस सलाम के सचिव हाजी अशरफ अली अंसारी ने आज मदरसा के सचिव पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने यह इस्तीफा मदरसा के अध्यक्ष डा . नूरजमां खान को सौंपा जो स्वीकार कर लिया गया है। अशरफ अली ने कपाली के मदरसा जामियतुन निसा के कोषाध्यक्ष से भी अपना इस्तीफा मदरसा के अध्यक्ष डॉ नूरजमां खान को सौंपा।

## सिटी अपडेट्स >>

### मुहर्रम को लेकर दारू थाना परिसर में बैठक संपन्न

दारू : दारू थाना परिसर में शनिवार को मुहर्रम त्योहार को लेकर बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता संयुक्त रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी सुशील कुमार राय एवं अंचलाधिकारी नीतू कुमारी तथा संचालन थाना प्रभारी अमित कुमार ने किया। बैठक में शीलाडीह, हरली, पुनाई , गाड़ीसाडम, बसोबर, जिंनगा, कवालु, पेटो , मेडकुरी, मोकतमा, जबरा, पिपचो इत्यादि सभी अखाड़ों के अखाड़धारी एवम जनप्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक का संबोधन करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सबसे पहले सभी अखाड़ों की रूट की जानकारी लिया उसके बाद उसने आने वाली समस्याओं को ठीक कराने का आदेश दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर रूठ में कोई परेशानी है तो हमें लिखित आवेदन दे। वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि पूर्व की भांति डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध है केवल लाउडस्पीकर बजा सकते हैं ।बैठक में दोनों समुदाय के लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### राष्ट्रवाद के लिए पहल कर रही बजरंग दल: प्रशांत सिंह

हजारीबाग : महाविद्यालीन विद्यार्थियों के साथ बजरंग दल ने किया बैठक , महाविद्यालयों में पढ़ रहे छात्रों के साथ बजरंग दल जिला संयोजक प्रशांत सिंह ने किया बैठक, बैठक का मुख्य उद्देश्य आज के युवाओं में बढ़ रही नशाखोरी एवं समाज विरोधी गतिविधियों में सम्मिलित हो रहे युवाओं को समझा कर इसके गलत परिणामों से अवगत कराने के साथ ही संगठन से जुड़कर राष्ट्रवादी कार्यों में लगाने पर जोर दिया। बजरंग दल के जिला संयोजक प्रशांत सिंह ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा भारत युवा शक्ति संपन्न देश है। विश्व में भारत एकमात्र ऐसा देश है। जहां सर्वाधिक युवा रहते हैं। परंतु वर्तमान परिस्थिति में सही शिक्षा एवं नैतिक शिक्षा एवं संस्कार के अभाव में देश का एक बहुत बड़ा युवा वर्ग नशाखोरी जुआ जैसे आज समाज कार्यों के लत का शिकार हो रहा है। जिससे यह स्पष्ट अनुमान लगाया जा सकता है आने वाले समय में अगर इन युवा शक्ति का सही दिशा में मार्गदर्शन नहीं हो पाया तो देश के लिए बहुत बड़ी चिंता का विषय बन जाएगा। युवाओं में जोश भरते हुए जिला संयोजक ने पूर्व के युवा क्रांतिकारियों के जीवन का उल्लेख करते हुए बताया कि किस प्रकार से अपनी युवावस्था को राष्ट्र के लिए समर्पित करने वाले देश के वीर क्रांतिकारी शहीद मंगल पांडे शहीद चंद्रशेखर आजाद शहीद भगत सिंह स्वामी विवेकानंद किस प्रकार से आज हमारे लिए प्रेरणा स्रोत हैं। हमें भी इनके जीवन के आदर्शों का पालन करते हुए राष्ट्र के लिए सर्वत्र निछावर करने का भाव लाना होगा। उन्होंने कहा आज देश के महाविद्यालयों में पढ़ रहे हमारे ही देश के छात्रों के द्वारा देश विरोधी धर्म विरोधी नारे लगाए जाते हैं इसमें छात्रों से अधिक शिक्षा एवं शिक्षा दे रहे शिक्षक हैं।

## पड़ताल

### विभिन्न योजनाओं का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

# डीडीसी ने संचालित योजनाओं का लिया जायजा

- ओटी रूम में ओपीडी के लचर संचालन प्रक्रिया पर नाराजगी व्यक्त की
- छात्रों से रूबरू हुईं एवं उन्हें अच्छे से पढ़ाई करने की सीख दी



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग** : हजारीबाग उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित शनिवार को केरेडारी प्रखंड का दौरा कर डीएमएफटी मद से स्वीकृत विभिन्न योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केरेडारी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में ओटी रूम में ओपीडी के लचर संचालन प्रक्रिया पर नाराजगी व्यक्त की। केंद्र में प्रसव करवाने वाली महिलाओं को बेबी केयर किट उपलब्ध कराने सहित आवश्यक उपकरणों का आकलन कर यथाशीघ्र सिविल सर्जन के माध्यम से सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। केरेडारी पंचायत के आंगनवाड़ी संख्या 101 का भी निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित महिला पर्यवेक्षक को केंद्र में साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त ने एसएस +2 उच्च विद्यालय में चल रहे निर्माण कार्य का जायजा लिया गया। उन्होंने मौके पर मौजूद प्रधानाध्यापक को यथाशीघ्र आईसीटी लैब एवं विज्ञान प्रयोगशाला को चालू करने का निर्देश दिया। इस दौरान डीडीसी विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों से रूबरू हुईं एवं उन्हें अच्छे से पढ़ाई करने की सीख दी। निरीक्षण के क्रम में प्रधानाध्यापक के द्वारा विद्यालय में पानी की समस्या एवं चारदिवारी निर्माण में आ रही समस्या के विषय में अवगत कराया इस पर उप विकास आयुक्त ने पानी की समस्या को पेयजल विभाग के माध्यम से हल कराने का आश्वासन दिया। स्थल पर उपस्थित अंचल अधिकारी, केरेडारी को अमीन के द्वारा दो दिनों में विद्यालय की जमीन की मापी करा कर चारदीवारी निर्माण में आ रही समस्या को दूर करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिला परिषद के सहायक अभियंता को अंचल अधिकारी से समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश दिया।

डीडीसी ने इसके उपरांत सलगा पंचायत में मनरेगा कार्य,मध्य विद्यालय पेटो में ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल द्वारा चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उप विकास आयुक्त ने बरियातू पंचायत के ग्राम राजाबागी से गारीखुर्द तक चल रहे पथ निर्माण कार्य का अवलोकन किया। जिला परिषद के सहायक अभियंता को रोड का फ्लैंक भरते हुए गरीर्खुर्द गांव तक के पथ के लिए शेष प्राक्कलन तैयार करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में सभी एजेंसियों को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया। इस दौरान सहायक समाहर्ता सुलोचना मीणा, प्रखंड विकास पदाधिकारी किस्टो बेसरा, अंचलाधिकारी राकेश तिवारी आदि उपस्थित रहें।

## आजसू पार्टी के हल्ला बोल कार्यक्रम तिथि की घोषणा शीघ्र : विकास

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** झारखंड सरकार की नाकामियों को लेकर और भ्रष्टाचार के विरुद्ध आजसू पार्टी हजारीबाग जिला के सभी प्रखण्ड मुख्यालय में धरना प्रदर्शन के माध्यम से हल्ला बोल कार्यक्रम आयोजित करेगी। सभी प्रखंड में बैठक आरम्भ कर दी गई है और बहुत जल्द तिथियों की घोषणा की जायेगी। हजारीबाग जिला अंतर्गत आनेवाले बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के बड़कागांव प्रखंड और केरेडारी प्रखण्ड की जिम्मेवारी आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी को सौंपी गई है। माण्डू विधानसभा क्षेत्र के बिष्णुगढ़ प्रखण्ड, टाटीझरिया प्रखण्ड, डाड़ी प्रखंड और चुरचू प्रखण्ड के लिए माण्डू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो को जिम्मेवारी दी गई है। हजारीबाग सदर विधानसभा के सदर प्रखंड, दारु प्रखंड, कटकमसांडी प्रखंड, कटकमदाग प्रखंड और हजारीबाग नगर को हजारीबाग जिलाध्यक्ष विकास राणा देखेंगे, बरही विधानसभा क्षेत्र के चौपारण प्रखण्ड, बरही प्रखंड, पदमा प्रखंड की जिम्मेवारी बरही विधानसभा प्रभारी राजसिंह चौहान को दी गई और बरकट्ठा विधानसभा के ईचाक प्रखंड, बरकट्ठा प्रखंड और चलकुशा प्रखण्ड में बरकट्ठा विधानसभा प्रभारी प्रदीप कुमार मेहता की देखरेख में हल्ला बोल का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। आजसू पार्टी के हजारीबाग जिला अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि सभी सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार चरम पर है, बिना पैसे लिए कर्मचारी एक काम नहीं करते हैं। प्रखण्ड कार्यालयों के चक्कर काटते काटते ग्रामीण जनता परेशान है।

### अपग्रेडेड फाउंडेशन कोर्स के नए बैच की शुरूआत 24 जुलाई से

## चाणक्य आईएएस एकेडमी की ओर से यूपीएससी और ग्रेजुएशन की तैयारी करें साथ -साथ



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग कौशल्या प्लाजा स्थित चाणक्य आईएएस एकेडमी के हजारीबाग शाखा में यूपीएससी के लिए अपग्रेडेड फाउंडेशन कोर्स के नए बैच की शुरूआत 24 जुलाई से होगी। उक्त जानकारी चाणक्य आईएएस एके-डमी के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा ने दी और कहा कि इस कोर्स को करते हुए अभ्यर्थी अपने ग्रेजुएशन की पढ़ाई भी पूरी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यूपीएससी की तैयारी के दौरान ग्रेजुएशन के संपूर्ण पाठ्यक्रम पढ़ाए जाते हैं। साथ ही कहा कि ग्रेजुएशन और यूपीएससी की तैयारी के जो पाठ्यक्रम हैं, वह एक-दूसरे के ये पूरक हैं। ऐसे में उन अभ्यर्थियों के लिए अपग्रेडेड फाउंडेशन कोर्स से दोहरा लाभ हासिल होगा। पहला तो इन तीन वर्षों के दौरान यूपीएससी की संपूर्ण तैयारी हो जाएगी और दूसरा ग्रेजुएशन की भी तैयारी पूर्ण हो जाएगी, परिणाम स्वरूप ग्रेजुएशन के परिणाम भी बेहतर आएंगे। उन्होंने बताया कि 10+2 पास कर चुके छात्र-छात्राओं के लिए विशेष रूप से तैयार किया हुआ तीन वर्षीय अपग्रेडेड फाउंडेशन कोर्स के तहत प्रारंभिक परीक्षा से लेकर मेंस और इंटरव्यू तक की संपूर्ण तैयारी कराई जाती है, जिससे अभ्यर्थी अपने प्रथम या द्वितीय प्रयास में ही सफलता हासिल कर सकते हैं। बताते चलें कि चाणक्य आईएएस एकेडमी में विद्यार्थियों की तैयारी के लिए एक आदर्श शैक्षणिक वातावरण, आधुनिक व उन्नत लाइब्रेरी, अनुकूल कक्षाएं, जीडी रूम एवं डाउट क्लियरिंग कक्षाओं की सुविधा के साथ सक्सेस गुरू एके मिश्रा, मोटिवेशनल स्पीकर विनय मिश्रा व सफल अभ्यर्थियों से भी मार्गदर्शन कराए जाते हैं। साथ ही संस्थान की ओर से विद्यार्थियों के सभी पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया जाता है। दरअसल चाणक्य आईएएस एकेडमी में हमेशा नई शैक्षणिक रिसर्च पद्धति के माध्यम से विद्यार्थियों को अनुकूल एवं बेहतर वातावरण मुहैया कराया जाता है। इच्छुक अभ्यर्थी संस्थान के हजारीबाग शाखा में आकर नामांकन संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## अंचल निरीक्षक वन भूमि के एनओसी को लेकर पहुंचे बसाडीह



राष्ट्रीय खबर

**चरही :** चरही चुरचू अंचल में इन दिनों जमीन संबंधी मामला काफी गरमाया हुआ है। शुक्रवार को अंचल निरीक्षक वन भूमि के एनओसी को लेकर बसाडीह गांव पहुंचे। बसाडीह मध्य विद्यालय में इसी को लेकर बैठक बुलाई गई थी जहां बसाडीह वन समिति और ग्रामीण मौजूद थे। ग्रामीणों ने खातियानी और रैयती जमीनो के ऑनलाइन संबंधी समस्या को अंचल निरीक्षक के पास रखा। ग्रामीणों ने सीआई एवं एनएचएआई का विरोध करते हुए कहा कि वन समिति तभी एनओसी देगी जब उनके जमीनों का ऑनलाइन सुधार कर रसीद काटा जाएगा। ज्ञात हो कि वाराणसी-कोलकाता एक्सप्रेसवे इंदरा पंचायत के बसाडीह गांव से होकर गुजरेगी। जिसमे कई लोगो के जमीन भी अधिग्रहण की जाएगी। लोगो के जमीनों का ऑनलाइन डेटा सही से उपलब्ध नही है जिसके कारण भूमि सत्यापन में परेशानी होगी। इसी को लेकर ग्रामीण पहले अपने-अपने जमीनों को ऑनलाइन सुधार करने की मांग कर रहे है।मौके पर मुख्य रूप से इंद्रा मुखिया राधिका देवी, पूर्व मुखिया दशरथ महतो,जगदीश महतो,संतोष करमाली, अशोक तुरी, सुकूल रजक,तिलक महतो कामेश्वर महतो,अरुण महतो, प्रदुमन महतो,अशोक तुरी सहित अन्य लोग शामिल थे।

## बालू लदा तीन ट्रैक्टर जप्त किया



रास्ट्रीय खबर

**बड़कागांव :** बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने सघन छापेमारी करते हुए शनिवार को सीकरी नदी से अवैध उत्खनन कर बेचने के लिए ले जाते बालू लदा तीन ट्रैक्टर जप्त किया गया। पुलिस द्वारा जप्त किए गए तीनों ट्रैक्टर को बड़कागांव थाना ले लाया गया है। मामले को लेकर थाना प्रभारी ने करवाई के लिए हजारीबाग जिला खनन विभाग को अग्रसारित कर दिया है। बताते चलें कि 10 जून से लेकर 15 अक्टूबर तक पूरे देश में एनजीटी लागू है इस दौरान नदियों से बालू उत्खनन करना गैरकानूनी माना जाता है।

थाना प्रभारी ने बताया कि बड़कागांव प्रखंड में एनजीटी लागू होने के बाद अब तक 35 अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जप्त कर करवाई के लिए खनन विभाग को भेजा गया है।उन्होंने ग्रामीणों से अपील किया है कि किसी नदी से अवैध बालू उत्खनन नहीं करें अन्यथा पकड़े जाने पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होगी।

## संकल्प

### संत कोलंबा महाविद्यालय के 125 वर्ष पूरे होने पर बोले एनएसएस कोऑर्डिनेटर

# समाज और देश की ज्वलंत समस्याओं पर संवाद की जरूरत

- गांव में अशिक्षा, बेरोजगारी, स्वच्छता की समस्याएं हैं
- जंगल पहाड़ गांव में रहने वाले गरीब ग्रामीण बच्चे उच्च शिक्षा से महफूज है




राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** संत कोलंबा महाविद्यालय अपनी स्थापना के 125 में वर्ष में प्रवेश कर गया है। इस अवसर पर शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1 के तत्वावधान में 125 पौधा रोपण का संकल्प लिया गया, जिसकी शुरूआत में आज 25 पौधों का रोपण कर किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ विमल रेवेन्यू एवं विभावि की एनएसएस समंवयक डॉक्टर जॉनी रूफीना तिर्की वा महाविद्यालय के अनेकों शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया। तत्पश्चात महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में युवा संवाद विषय पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम का आगाज राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत के साथ हुआ। स्वयंसेवक पाणिनि मिश्रा द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुति हुई। स्वागत अभिभाषण मनोविज्ञान विभाग अध्यक्ष डॉक्टर सविता शीतल द्वारा दिया गया। समस्त कार्यक्रम के आयोजन की अगुवाई प्रोग्राम ऑफिसर डॉक्टर जयप्रकाश रविदास ने किया। मुख्य अतिथि एनएसएस कोऑर्डिनेटर मैडम जॉनी रिफाइनरी की ने अपने वक्तव्य समाज और देश की ज्वलंत समस्याओं पर संवाद करने पर जोर दिया। जिसमें पर्यावरण असंतुलन के कारण उत्पन्न अतिवृष्टि अनावृष्टि की समस्या, नक्सलवाद, मद्यपान, भारत में गांव का का देश है गांव में अशिक्षा, बेरोजगारी, स्वच्छता की समस्याएं हैं, इस पर भी संवाद की आवश्यकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विमल रेवेन ने अपने संबोधन में प्रकाश डालते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के स्कूली बच्चे बहुत कम ऐसे हैं जो हिंदी एवं इंग्लिश पढ़ पाते हैं जिसके चलते ड्रॉपआउट की समस्या उत्पन्न होती है और अभी भी झारखंड जैसे आदिवासी बहुल क्षेत्र वाला राज्य में जंगल पहाड़ गांव में रहने वाले गरीब ग्रामीण बच्चे उच्च शिक्षा से महफूज है, इस पर भी संवाद की जरूरत कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन पर्शियन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ सरवर अली ने किया। उन्होंने अतिथियों एवं प्राचार्य के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही अपना विचार रखते हुए कहा कि देश के युवाओं एवं विद्यार्थियों को अपनी सियासी और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूक होना चाहिए और इस विषय पर संवाद होना चाहिए। कार्यक्रम संचालन एनएसएस यूनिट के दल नायक राहुल कुमार गुप्ता के द्वारा किया गया । इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

## न्यूज फटाफट

### चलंत न्यायालय सह जागरुकता शिविर 24 को

हजारीबाग: राज्य नि:शक्तता आयुक्त द्वारा दिव्यांगजनों की समस्याओं की सुनवाई तथा समाधान के लिए 24 जुलाई दिन सोमवार को पूर्वाहन 10 :00 बजे हजारीबाग समाहरणालय परिसर में चलन्त न्यायालय का कार्यक्रम निर्धारित है। इसमें दिव्यांगजन के अधिकार अधिनियम 2016 के विभिन्न धाराओं के तहत मिलने वाले लाभ यथा दिव्यांगता की जांच, दिव्यांगो के लिए यंत्र उपकरण,यूडीआईडी कार्ड, आधार कार्ड,पेंशन स्वीकृति/भुगतान एवं अन्य संबंधित मामलों की सुनवाई की जायेगी। समाज कल्याण पदाधिकारी इन्दु प्रभा खलखो ने बताया कि दिव्यांजन अपनी समस्या के समाधान हेतु अपने आवेदन के साथ 24 जुलाई को आयोजित विशेष चलंत न्यायालय में शामिल होकर लाभ ले सकते है।

### विज्ञान प्रश्न मंच का आयोजन

**हजारीबाग** : विद्या विकास समिति झारखंड द्वारा आयोजित संकुल स्तरीय विज्ञान प्रश्न मंच प्रतियोगिता 2023 का आयोजन आज दिनांक 22 जुलाई 2023 को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ,कुम्हारटोली, हजारीबाग में हुआ 'गौरतलब है कि इस प्रतियोगिता में कुम्हारटोली संकुल के अंतर्गत सरस्वती शिशु विद्या मंदिर मैं पढ़ रहे छात्रों ने भाग लिया 'प्रतियोगिता के शिशु वर्ग में प्रथम सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, मालवीय मार्ग, द्वितीय कुम्हारटोली एवं तृतीय रामनगर 'बाल वर्ग में प्रथम मालवीय मार्ग ,द्वितीय कुम्हारटोली एवं तृतीय बाबूगांव कोर्रा तथा किशोर वर्ग में प्रथम पुरस्कार सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुम्हार टोली द्वितीय बाबूगांव कोर्रा एवं तृतीय पुरस्कार सरस्वती शिशु विद्या मंदिर मालवीय मार्ग को प्राप्त हुआ ।गौरतलब है कि स्थानीय विद्यालय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली के प्राचार्य दिनेश कुमार मिश्र ने सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। इस प्रतियोगिता में संकुल के विद्यालयों से आए हुए प्राचार्य गण ,आचार्य गण एवं भैया- बहन उपस्थित थे।

### स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण फेज 2 के अंतर्गत प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन



**पीरटांड़** : पीरटांड़ प्रखंड मुख्यालय सभागार में शनिवार को स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण फेज 2 के अंतर्गत प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार ने की, जबकि संचालन गिरीश कुमार ने किया ।प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय स्तर की संस्था के द्वारा चिह्नित ग्राम/ग्राम पंचायतों में स्वच्छता का आंकलन किया जायेगा। जिसे ग्राम/पंचायत के प्रत्यक्ष आंकलन के आधार पर उत्कृष्ट ग्राम पंचायतों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत किया जायेगा ।सभी संबंधित कमीर्यो को निर्देश दिया गया कि सभी गांव में ग्राम स्तर पर बैठक के माध्यम से ग्रामीणों को व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्वच्छता के विषय में जागरूक करें। घरेलु स्वच्छता के लिए स्थानीय व्यवस्था करना सुनिश्चित करेंगे, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 से संबंधित व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया गया ।यूनीसेफ सुपपोर्ट देवनेट वाश टीम के द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 जो आई पी एस ओ एस टीम के द्वारा मूल्यांकन किया जाना है। सभी कंपोनेंट पर बिस्तार पुर्वक जानकारी दी गई कि स्वच्छता का आंकलन 1000 अंको पर होगा ।जिसमें सेवा स्तर पर प्रगति 500 अंक एवं प्रत्यक्ष अवलोकन 500 अंको का होगा। इस कार्यशाला में सभी पंचायत सचिव, मुखिया, प्रखंड समन्यवक जेएसएलपीएस, जलसहिया, सेविका, सहिया सहित अन्य लोग शामिल थे।

### एनएच का सड़न पानी बहने से गांव में बीमारी का प्रकोप होने का डर

**इचाक** : इचाक एनएच- 33 का सड़न पानी बोंगा गांव में खुले में बाह रहा है। सड़न पानी से काफी दुर्गंध भी आ रही है जिसे आसपास लोगों को रहना मुश्किल है वैसे नाली में गंदा पानी जमने से मच्छरों का भी प्रकोप बढ़ रहा है जिससे ग्रामीण है चिंतित इस संबंध में पंचायत समिति प्रतिनिधि मुरली मेहता ने कहा कि एनएच का पानी खुले में बह रहा है जिसे काफी दुर्गंध आ रहा है इस संबंध में हमने कई बार एनएचआई पदाधिकारी से कहा कि नाली का पानी अन्यत्र जगह में लाइनअप करें ताकि ग्रामीण बीमारी होने से बचें एवं नाली का पानी बहने से रोड भी खराब हो रहा है और धसने के कगार पर है और बड़ी दुर्घटना होने का दे रही है संकेत । आने वाले दिनों में आवागमन भी बाधित हो सकता है ।इस सड़क से आने जाने वाले लोग भी अब कतराने लगे हैं दुर्गंध होने के कारण ।अगर एनएचआई सुधार नहीं करती है तो सभी ग्रामवासी उग्र आंदोलन करते हुए सड़क जाम कर दिया जाएगा जिसका सारा जिम्मेवारी एनएचएआई का होगा।

### अभियान के तहत 1705 ड्रॉपआउट बच्चों की विद्यालय में हुई पुनः वापसी

**साहिबगंज:** स्कूल रुआर कार्यक्रम के तहत अब 1705 ड्रॉपआउट बच्चों का स्कूल में पुन: वापस हुई है। दरअसल दिसंबर से जनवरी तक के बीच चले शिशु पंजी करना और सर्वे कार्य के बाद साहिबगंज जिले में 6 से 14 आयु वर्ग के बीच 2505 तथा 14 से 18 ओवर के बीच 683 ड्रॉपआउट बच्चों को चिन्हित किया था। राज्य सरकार के निर्देश पर इन बच्चों को अभियान के तहत स्कूल में पुन: वापस कराने की माह व्यापी मुहिम 23 जून से शुरू की गई थी। इसी क्रम में 20 जुलाई तक 6 से 14 आयु वर्ग के 1705 ड्रॉपआउट बच्चों की स्कूल में पुन: वापस ही हो सकी है। राज्य के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता सचिव के. रवि कुमार ने पत्र जारी कर कहा था कि राज्य में चल रहे समग्र शिक्षा का मुख्य लक्ष्य 6 से 18 तक के आयु वर्ग के सभी बच्चों को विद्यालय की शिक्षा पूर्ण कराना है। हाल के कुछ वर्षों में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम का इस लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास किया जा रहा है, परंतु ड्रॉपआउट बच्चों के मामले में अपेक्षित प्रगति परिलक्षित नहीं हो पा रही है। राज्य में 5 से 18 तक आयु वर्ग के सभी बच्चों को शिक्षा उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। ऐसे में राज्य में 5 से 18 आयु वर्ग के बीच के ड्रॉपआउट सभी बच्चों को पुन: विद्यालय वापस लाना एवं नियमित अध्यापन कार्य का संपादन कराना है। इस को ध्यान में रखते हुए विद्यालय स्तर पर एक माह व्यापी अभियान ह्यस्कूल रुआर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के सभी स्कूलों में विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से ड्रॉपआउट बच्चों को पुन: विद्यालय में वापस लाकर उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा जोड़ने के साथ साथ तकरीबन 20 हजार नए बच्चों का नामांकन किया जा चुका है।

### बारिश नहीं होने से खेतों में पड़ने लगे दरार, किसानों का फट रहा है, कलेजा

**बड़कागांव** : बड़कागांव बारिश नहीं होने के कारण कृषि प्रधान क्षेत्र बड़कागांव प्रखंड में धान के बिचड़े के खेतों में पड़ने लगे हैं दरार। जिसे देखकर किसानों का कलेजा फट रहा है। धान के बीज बोआई के दौरान कम हुई बारिश ने अपना काम तो उस दौरान कुछ हद तक कर दिया था, लेकिन इसके बाद लगातार मौसम की बेरूखी झेल रहे किसानों की परेशानी खेतों के बीच लगातार आ रहे दरारों को देखकर बढ़ गई है। कृषक कालेश्वर राम, द्वारिका साह, दशरथ महतो, अशोक महतो ने का दावा है कि हफ्तेभर के अंदर यदि धान के फसलों को पानी नहीं मिला तो फसल सूखना शुरू हो जाएगा, वहीं अकाल जैसी स्थिति से किसानों को इस बार फिर से जूझना पड़ेगा। यहां बताते चले कि ब्लॉक में पिछले पखवाड़े भर से एक अच्छी बारिश का इंतजार किसान कर रहे हैं।

## प्रदेश >> अपडेट

### हत्या के तीन आरोपी रिहा

पलामू :सत्र न्यायाधीश (पांच) पलामू कि अदालत ने दहेज हत्या के मामले में तीन अभियुक्तों को रिहा किया है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता राहुल सत्यार्थी ने बताया कि वर्ष 2019 में लेस्लीगंज थाना के ग्राम एकता निवासी भवनाथ यादव की पुत्र वधू की मौत जलने से हो गई थी जिसका लेस्ली गंज थाना कांड संख्या 142/2019 दर्ज हुआ था जिसमे अंतू यादव,भवनाथ यादव,कपिला देवी एवम अन्य पर दहेज हत्या का मुकदमा हुआ था बीवी की , दोनो पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने सभी तीनो अभियुक्तों को रिहा कर दिया।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### 10 महिलाओं का हुआ सफल बंध्याकरण ऑपरेशन

**महेशपुर (पाकुड़):** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को महिला बंध्याकरण ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में निबंधन कराई कुल 10 महिलाओं का डॉ. पंकज कुमार बिराजी, डॉ. अभय कुमार-पाकुड़िया, डॉ. लखन-लिट्टीपाड़ा, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुनील कुमार किस्कू ने मिलकर बंध्याकरण ऑपरेशन किया। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेशपुर के स्वास्थ्य कर्मी अजय कुमार, ज्योतिष कुमार पासवान, लैब टेक्नीशियन आनंद राज आर्या, शौकत अली, गुलाम गौश, एएनएम राहिल मुर्मू, नीलमनीलू मुर्मू, आशा पावरिया, अपराजिता मुर्मू, लीली मुर्मू उपस्थित थे।

### संदीप ने रक्तदान कर 53 वर्षीय व्यक्ति की बचाई जान

**पाकुड़ :** सत्य सनातन संस्था के आह्वान पर तलवाड़ांगा निवासी संदीप विश्वास ने रक्तदान कर बचाया 53 वर्षीय व्यक्ति की जान बचाई है। संस्था के विधि सलाहकार पिंटू दास ने कहा कि हिरणपुर के सूरज शील ने संस्था के अध्यक्ष रंजित कुमार चौबे से रक्त के लिए हिरणपुर निवासी सुकुमार यादव के लिए रक्त की मांग किया जहां संस्था ने तलवाड़ा गांव निवासी संदीप कुमार से संपर्क किया ताकि हिरणपुर निवासी अशोक कुमार यादव जिनको रक्त की कमी है एवं इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### अधूरे पुल निर्माण को स्वीकृति दिलाने पर मुखिया ने जताया आभार

**हरिहरगंज :** प्रखंड क्षेत्र के तुरी जाने वाली रास्ते में बटाने नदी पर वर्षों से अधूरे पड़े पुल निर्माण कार्य की पुनः स्वीकृति दिलाने पर तुरी पंचायत के ग्रामीणों की ओर से मुखिया संदीप कुमार यादव ने विधायक कमलेश कुमार सिंह के प्रति आभार जताया है। इस बाबत मुखिया संदीप ने कहा कि पुल नही होने से ग्रामीणों की हो रही परेशानियों से विधायक श्री सिंह को अवगत कराया गया था। जिस पर विधायक ने तत्परता दिखाते हुए अधूरे पड़े पुल निर्माण कार्य की स्वीकृति दिलाकर ग्रामीणों का दिल जीत लिया है। उन्होंने कहा कि इसके पहले भी कई विधायक बने किंतु किसी ने ग्रामीणों की इस परेशानी को नही समझा । उन्होंने विधायक श्री सिंह को एक सच्चे जनप्रतिनिधि बताया और कहा कि जो जनहित के कार्य करेंगें आने वाले समय में जनता उन्हें ही खुलकर साथ देगी।

### शांति समिति की बैठक आयोजित

**हरिहरगंज :** मुहर्रम पर्व शांतिपूर्ण तरीके से और आपसी भाईचारे के साथ मनाने को लेकर विचार विमर्श के लिए रविवार को अपराह्न 04 बजे से हरिहरगंज थाना में शांति समिति की बैठक बुलाई गई है। इसे लेकर पुनि सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने शांति समिति के सभी सदस्यों ,जनप्रतिनिधियों , सामाजिक कार्यकताओं ,जुलूस लाइसेंस धारकों के साथ ही मीडिया कर्मियों से बैठक में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने बताया कि आगामी 29 जुलाई को मुहर्रम पर्व मनाया जाना है। इसे देखते हुए शांति समिति की बैठक में सरकार की दिशा निदेर्शों से अवगत कराते हुए गणमान्य व्यक्तियों से जरुरी सुझाव भी लिए जायेंगे।

**प्रदर्शन** ईस्टर्न रेलवे मेन्स यूनियन पाकुड़ ने किया नई पेंशन योजना का विरोध, दिया धरना

# नई पेंशन योजना सरकारी कर्मचारियों के लिये बना अभिशाप : ओझा

राष्ट्रीय खबर



**पाकुड़:** ऑल इंडिया रेलवे मेन्स फेडरेशन के तत्वाधान में ईस्टर्न रेलवे मेन्स यूनियन पाकुड़ शाखा द्वारा अध्यक्ष अखिलेश कुमार चौबे के अध्यक्षता में स्टेशन प्रबंधक,पाकुड़ कार्यालय के समक्ष शांतिपूर्ण धरना के माध्यम से नई पेंशन योजना का विरोध किया गया। शाखा सचिव संजय कुमार ओझा ने बताया की नई पेंशन योजना सरकारी कर्मचारियों के लिए अभिशाप बन चुका है। जो कर्मचारी इस योजना के अंतर्गत सेवानिवृत्त हो रहे हैं,उनका मासिक पेंशन ?900 प्रति माह से लेकर 1500 प्रति माह तक दिया जा रहा है। कर्मचारियों के अंशदान का पैसा सरकार शेयर मार्केट में डालकर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। वहीं रेलवे में खाली पदों पर नियुक्ति नहीं कर उन्हें समाप्त करने की साजिश चल रही है।इससे शिक्षित बेरोजगार युवकों के रोजगार के अवसर को कम किया जा रहा है,देश का शिक्षित नौजवान रोजगार के लिए दर-दर भटक रहा है अथवा निजी कंपनियों के हाथों शोषण का शिकार हो रहा है।

केंद्र सरकार केवल चुनावी वर्ष में ही बहाली कर रही है, जिससे हजारों युवकों का उम्र सीमा समाप्त हो जा रहा है। सरकार को खाली पदों पर नियुक्ति के लिए प्रतिवर्ष बहाली कार्यक्रम को सुनिश्चित करना चाहिए। आज रेलवे में कर्मचारियों के ऊपर काम का अत्यधिक दबाव होने से कर्मचारी मानसिक अवसाद से ग्रसित हो रहे हैं। हजारों कर्मचारी स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने को बाध्य हो रहे हैं। केंद्र सरकार नई श्रमिक नीति लाकर श्रमिक के अधिकारों को छीनने का प्रयास कर रही है जिसका सरकारी कर्मचारी संगठन विरोध कर रहे हैं।जिन अधिकार को अंग्रेजों से लड़कर प्राप्त किया गया था,उन्हें भी सरकार अप्रत्यक्ष तरीके से छीनने का प्रयास कर रही है,परंतु ईस्टर्न रेलवे मेन्स यूनियन एवं ऑल इंडिया रेलवे मेन्स फेडरेशन ऐसी सभी श्रमिक विरोधी नीतियों का विरोध करती है एवं रेलवे कर्मचारियों को भी इसके विरोध में एकजुट रहने का आह्वान करती है।

18 जुलाई 2023 को मंडल कार्यालय के समक्ष ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन द्वारा एक प्रतिरोध सभा का आयोजन किया गया तथा आगामी 2 अगस्त को महाप्रबंधक कार्यालय पूर्व रेलवे कोलकाता के समक्ष एक विशाल रैली का आयोजन किया गया जाएगा। ऑल इंडिया रेलवे मेन्स फेडरेशन के महासचिव ने पूरे देश में नई पेंशन को समाप्त करने के लिए एवं पुरानी पेंशन योजना को वापस लाने हेतु देशव्यापी अभियान चला रखा है।,जिसके लिए उन्होंने 10 अगस्त 2023 को दिल्ली में संसद घेराव की योजना बनाई है। मौके पर स्टेशन प्रबंधक पाकुड़ लखीराम हेम्ब्रम एवं यातायात निरीक्षक पाकुड़ ज्योतिर्मयी साहा के माध्यम से मंडल रेल प्रबंधक,पूर्व रेलवे हावड़ा को एक ज्ञापन सौंपा गया। इस धरना में सैकड़ों रेल कर्मचारियों ने भाग लिया तथा अपना समर्थन जताया एवं ईस्टर्न रेलवे मेन्स यूनियन के किसी भी आंदोलन में साथ रहने की प्रतिज्ञा जताई। इस कार्यक्रम में संजय कुमार ओझा एवं अखिलेश कुमार चौबे की अगुवाई में निलेश प्रकाश,विक्टर,जेम्स, अशोक कुमार सिंह, अमर मल्होत्रा,अरुण कुमार साह,कलीम अंसारी, विक्रम भारती,पिंटू पटेल, दया शंकर प्रसाद, कुंदन कुमार, प्रीतम कुमार मंडल, सुधीर कुमार, राम कुमार यादव,पंकज कुमार, मुकेश कुमार,गौतम पाण्डेय,सुमित कुमार मंडल, बिहारी कुमार,गुंजन कुमार,संजीव कुमार, संतोष कुमार,श्यामल माल,मनोज कुमार यादव,राकेश कुमार,भागवत प्रसाद शर्मा सहित सैकड़ों रेल कर्मचारीगण शामिल हुए ।

## नर सेवा ही नारायण सेवा : विहिप



राष्ट्रीय खबर

**पलामू:** मेदनीनगर नगर बजरंग दल टीम के द्वारा 'सेवा सप्ताह'के प्रारंभ में शनि मंदिर और रेलवे स्टेशन परिसर में आम लोगों के बीच खिचड़ी का वितरण किया गया। हमारे समाज में शनिवार को खिचड़ी खाने या खिलाने की परंपरा रही है। भगवान की सेवा तो सभी करते हैं, लेकिन भूखे को भोजन और प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ी सेवा है। हमारी संस्कृति में कहा भी गया है, नर सेवा ही नारायण सेवा है। बजरंग दल उसी सेवा भावना से हमेशा समाज के लोगों की सेवा करती रहती है। बजरंग दल का सेवा सप्ताह 23 जुलाई से 30 जुलाई तक चलेगा। सेवा सप्ताह के दौरान बजरंग दल के द्वारा प्रखंड स्तर पर वृक्षारोपण एवं प्लास्टिक मुक्त मंदिर तीर्थ स्थल करने का निर्णय लिया गया है। इस पर सभी प्रखंडों में कल से तीस जुलाई तक योजना बनाकर कार्य किया जाएगा। आज के इस सेवा कार्य में जिला बलोपासना प्रमुख विकास कुमार कश्यप, बजरंग दल के नगर कार्यसमिति सदस्य रामा शंकर प्रसाद, शीतल कुमार विनय कुमार पवन कुमार अंशु कुमार रंजन ठाकुर राजू ठाकुर आकाश गुप्ता शिबू सिंह इत्यादि सम्मानित बजरंगियों की सहभागिता रही।

## मजदूर की बेटी के इलाज में निगम की उदासीनता निंदनीय: मंच



राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर :** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक केन्द्रीय अध्यक्ष सह अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शत्रुघ्न कुमार शत्रु, झारखण्ड क्रांति मंच के केंद्रीय महासचिव बुद्धिनारायण पासवान,मंच के केन्द्रीय महासचिव विश्वनाथ राम,मंच के केंद्रीय सचिव सह लेस्लीगंज की पूर्व जिला पार्षद निर्मला कुमारी, केन्द्रीय संयुक्त सचिव राणा सिंह चौहान, केंद्रीय सदस्य अधि०अजय कुमार सिंह व पलामू जिलाध्यक्ष विजय राम ने संयुक्त प्रेस बयान जारी कर पिछले दिनों शाहपुर के गढ़वा रोड वार्ड नं० 31 में अत्यंत गरीब अनुसूचित जाति के मजदूर अखिलेश मोची की 14 वर्षीया पुत्री शांति कुमारी के मेदिनीनगर नगर निगम के सफाई वाहन द्वारा धक्का मारकर बुरी तरह जख़्मी करने पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि दुर्घटना के 15 दिनों के बाद भी मेदिनीनगर नगर निगम द्वारा घायल बच्ची के सही इलाज कराने में रुचि नहीं लेना अत्यंत ही निंदनीय व चिंतनीय है। जारी बयान में नेताओं ने कहा है कि दूर्घटना के बाद आक्रोशपूर्ण लोगों द्वारा आहूत चक्का जाम में मेदिनीनगर नगर निगम के आयुक्त सह उप विकास आयुक्त रवि आनन्द द्वारा ना केवल घायल बच्ची के पर्याप्त इलाज कराने का आश्वासन दिया गया था। बल्कि जरूरत पड़ने पर निगम द्वारा रांची भेजकर सही इलाज कराने का भी भरोसा दिलाया गया था, लेकिन अफसोस की बात है कि 15 दिनों से ज्यादा एमएमसीएच में भर्ती होने के बावजूद भी नगर निगम उस घायल बच्ची को सरकारी इलाज व दवाई के भरोसे छोड़कर चैन की बंशी बजा रहा है।

# दहेज हत्याकांड के आरोपी को 10 वर्ष की सजा

राष्ट्रीय खबर

**पलामू:** मेदिनीनगर ,पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के पंचम जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अभिमन्यु कुमार की अदालत ने दहेज हत्यारोपी पति मुकेश कुमार यादव को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। वही पांच हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड की राशि नहीं देने पर छह माह अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। इस मामले में लेस्लीगंज थाना के बनुवा निवासी तेतर यादव ने मुकेश कुमार यादव,पटन यादव, बसंती देवी व रीना कुमारी के विरुद्ध लेस्लीगंज थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया था। जो लेस्लीगंज थाना कांड संख्या 9/2019 तिथि 20 जनवरी 2019 को भारतीय दंड विधान की धारा 304 बी/34,302/34,201/34 के तहत दर्ज किया गया था न्यायालय में मृतिका के पति मुकेश कुमार यादव, ससुर पटन यादव ,सास बसंती देवी ,के विरुद्ध ट्रायल चल रहा था। इसमें सास,व ससुर को निर्दोष पाकर रिहा किया गया हैं। वहीं मुकेश कुमार यादव को साक्ष्य के आधार पर दोषी पाते हुए 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाया है। वही पांच हजार रुपये अर्थदण्ड लगाया है। अर्थ दंड की राशि नहीं देने पर छह माह अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। इस मामले में मुकेश कुमार यादव पर आरोप था कि उसकी शादी अंजू देवी के साथ 2017 में हुई थी ।शादी के बाद अंजू देवी ससुराल गई जहां उसके पति मुकेश कुमार यादव ससुर पटन यादव सास बसंती देवी उसे दहेज में मोटरसाइकिल की मांग किये। मांग पूरा नहीं होने पर उसके साथ मारपीट करते थे।जिसे लेकर गांव में पंचायत भी हुआ था। जिसमें पंचों के समक्ष उसका पति मुकेश कुमार यादव स्वीकार किया था कि अंजू देवी को ठीक से रखेंगे। तथा उससे कोई मांग नहीं करेंगे। अंजू देवी को 10, 15 दिन से ठीक से रखें तथा उसके साथ पुनः मारपीट करने लगे। सन 2018 में अंजू देवी को मायके में एक पुत्री जन्म ली थी। जिसके बाद मुकेश कुमार यादव उसे मायके से अपने घर ले जाने आए तो उसके मायके में बोले कि गाड़ी नहीं देने पर मारकर अंजू देवी को फेंक देंगे। दहेज की मांग पूरी नहीं होने परअंजू देवी की हत्या कर उसकी लाश को छुपा दिया गया । जांच में उसका हत्या गला दबाने से दम घुटने के कारण हुई थी।

दस माह से राशन नहीं मिलने पर

## आक्रोशित पहाड़ियां समुदाय ने किया सड़क जाम



राष्ट्रीय खबर

**लिट्टीपाड़ा:** जिले के लिट्टीपाड़ा प्रखंड मे आदिम जनजाति समाज के ग्रामीणों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण के तहत मिलने वाली अनाज दस महीने से नहीं मिलने पर आक्रोशित ग्रामीणों ने दुमका पाकुड़ मुख्य सड़क को जाम कर दिया। जाम होने से गाड़ी की लंबी कतारें लग गई जिससे गोड्डा, दुमका गोविंदपुर सड़क में घंटो तक आवागमन बाधित रही, ग्रामीणों का कहना है कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण के तहत मिलने वाली अनाज दस महीने से नहीं मिला हैं। इसको लेकर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को जानकारी दी गई थी लेकिन उनके द्वारा कोई पहल नहीं किया गया मजबूर होकर ग्रामीण सड़क पर उतरे.आपको बता दे की इस सम्बन्ध मे पहले भी रोड जाम कर चूका.वही इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी का कहना है कि तकनीकी कारणों से लेप्स हो जाने के वजह से अनाज नहीं मिला है प्रयास किया जा रहा हैं ताकि अनाज मिल जाएं।

**उद्घाटन** खेलो झारखंड कार्यक्रम के तहत जिदातो मिशन खेल मैदान में

# दो दिवसीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता का बीईईओ ने किया उद्घाटन

राष्ट्रीय खबर



**पाकुड़:** खेलो झारखंड कार्यक्रम के तहत जिदातो मिशन खेल मैदान में दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन बीईईओ सुमिता मरांडी के द्वारा किया गया। पहला लीग मैच मवि हरिणडंगा एवं उउवि पोचाथोल के बीच खेला गया जिसमें हरिणडंगा विजयी रहा। वहीं दूसरा मैच मवि धनुषपूजा एवं मवि जिदातो के बीच खेला गया जिसमें जिदातो टीम विजेता बना। तीसरा मैच जमशेरपुर एवं छोटा धनसरिया के बीच खेला गया जिसमें छोटा धनसरिया विजयी रहा। चौथा मैच मवि पैकपाड़ा एवं उउवि रामचन्द्रपुर के बीच खेला गया जिसमें पैकपाड़ा विजयी रहा। पहला सेमीफाइनल पैकपाड़ा एवं छोटा धनसरिया के बीच खेला गया जिसमें 0-4 से जीत दर्ज करते हुए छोटा धनसरिया फाईनल में जगह बनाया। दूसरा सेमीफाइनल मुकाबले में हरिणडांगा टीम ने जिदातो को 0-2 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया।फाईनल मुकाबले में हिरणडांगा टीम ने 0-2 गोलसे छोटा धनसरिया को पराजित कर कप पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे सभी बच्चों के लिए एमडीएम की व्यवस्था की गई थी।खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए बीईईओ सुमिता मरांडी ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए खेलकूद जरुरी है। वहीं खेल के क्षेत्र में बेहतर कैरियर भी है। आज झारखंड सरकार खेल के विकास को लेकर खेलो झारखंड के तहत विभिन्न तरह के प्रतियोगिता का आयोजन कर बेहतर प्लेटफार्म दे रही है वहीं पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को नौकरी भी दे रही है। मौके पर बीपीओ बर्नाड हांसदा, खेल शिक्षक आलमगीर आलम, दिलीप कुमार राय, मुख्य रैफरी जय चौड़े, मंगल मरांडी, दासू हेम्ब्रम, सकल हेम्ब्रम, पंकज मूर्मू, रोहित मंडल, प्रेम चंद महतो, दीपक प्रसाद,रासिकुल आलम, सुनी राम टूडू समेत अन्य मौजूद थे।

## न्यूज फटाफट

### बटाने नदी पर पुल निर्माण को स्वीकृतिः कमलेश



**हरिहरगंज :** विधानसभा क्षेत्र के हरिहरगंज प्रखण्ड अन्तर्गत तुरी जाने वाली रास्ते में बटाने नदी के अधूरे पुल निर्माण कार्य की स्वीकृति दिला दी गई है। जल्द ही पुल निर्माण कार्य की निविदा भी निकल जाएगी। यह जानकारी हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक कमलेश कुमार ने पत्रकारों को दी। उन्होंने कहा कि सुदूरवर्ती तुरी पंचायत के लोगों को बरसात के दिनों में उफनती बटाने नदी पार कर हरिहरगंज प्रखंड मुख्यालय आना पड़ता है। ग्रामीणों की इस परेशानियों को देखते हुए काफी प्रयास के बाद 1 करोड़ 15 लाख रूपए की लागत से पुल निर्माण कार्य की स्वीकृति दिलाई है। उन्होंने कहा कि पुल निर्माण कार्य की निविदा भी बहुत जल्द निकल जाएगी। सिंह ने कहा कि मैं क्षेत्र के प्रत्येक गांव की समस्याओं से पुरी तरह वाकिफ हूं । जिसका एक एक कर समाधान किया जा रहा है। बताया कि ग्रामीणों की बैठक कर विधायक कोटे की योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम तेजी से किया जा रहा है। उन्होंने सबका काम , सबको सम्मान एनसीपी संगठन का मूल मंत्र बताया है। उधर पुल निर्माण कार्य की स्वीकृति मिलने की खबर से तुरी पंचायत के ग्रामीणों में हर्ष है। तुरी पंचायत के मुखिया संदीप यादव व ग्रामीणों ने हुसैनाबाद हरिहरगंज के लोकप्रिय विधायक कमलेश कुमार सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि उन्हे जिनसे उम्मीद थी उन्होंने पुल निर्माण की दिशा में कुछ भी नहीं किया। जबकि वर्तमान विधायक कमलेश कुमार सिंह एक एक गांव के विकास के प्रति गंभीर हैं। मुखिया संदीप ने कहा कि सिंह जात पात और दलगत भावना से ऊपर उठकर जिस तरीके से जनसमस्याओं का निदान कर रहे हैं वह तारीफे काबिल हैं। उन्होंने आने वाले दिनों में विधायक को अपना पुरा समर्थन देने का भरोसा दिया।

### वार्ड 19 के खराब पड़े चापाकल




**मेदिनीनगर :** नगर निगम के वार्ड नंबर 19 में विगत कई महीनों से कान्दू मुहल्ला वर्मा चौक नदी किनारे बाल ज्योति स्कूल राजकुमार शर्मा के घर के पास गनौरी शर्मा के घर के पास सुनील राम के घर के पास यह सारे चापाकल विगत कई महीनों से खराब हालत में है इसे आज तक मेदिनीनगर नगर निगम के द्वारा रिपेयर नहीं कराया गया यही कारण है कि लोग पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है कुछ लोग पानी का जार लेकर काम चला रहे हैं वही कुछ लोग रात के अंधेरे में महिला और बच्चे पानी वही नदी से लाते हैं लेकिन आज तक मेदिनीनगर नगर निगम के आला अधिकारी के साथ हमारे विधायक और सांसद भी चुप्पी साधे हुए हैं आज तक वार्ड नंबर 19 मैं भीषण गर्मी से लेकर आज तक चापा कल रिपेयर नहीं कराया गया यहां तक निगम के चंपा कल मिस्त्री आते भी है तो बिना चंपा कल खोलें हैंडल चला कर कहते हैं कि पानी का लेयर नीचे चला गया है और फिर चले जाते हैं यही जरूरत है ऐसे चंपा कल मिस्त्री पर विभाग को एक्शन लेने की

### मोबाइल सं0 संग्रह को लेकर पंचायतों एवं वार्डों में लगाया गया कैम्प



**पाकुड़ :** भारत सरकार के निदेर्शानुसार माह जनवरी 2023 से सभी एनएसएपी योजना के पेंशन योजनाओं के लाभुकों का डिजिटलीकरण एवं उनका आधार सीडिंग शत प्रतिशत करने हेतु विभाग से निर्देश प्राप्त है। इसी के आलोक में जिले के सभी पंचायत एवं वार्डों में दिनांक 20 जुलाई को आधार एवं मोबाइल संग्रह हेतु कैंप का आयोजन किया गया। इस कैम्प के माध्यम से आधार 1082, मोबाइल नंबर 4344 संग्रह किया गया।

### योजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंचाने का काम करें विभागीय कर्मी : डीएओ




**लिट्टीपाड़ा :** जिले के लिट्टीपाड़ा प्रखंड सभागार में सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कृषि योजना की समीक्षा बैठक जिला कृषि पदाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में की गई। जिला कृषि पदाधिकारी ने सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ जरूरतमंद किसानों तक पहुंचाने के लिए विभागीय कर्मियों को तत्पर रहने को कहा। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा केसीसी, कृषि ऋण माफी योजना, पीएम किसान योजना पर विस्तृत चर्चा की गई। झारखंड कृषि ऋण माफी योजना अंतर्गत किसानों का ई-केवाईसी कराना बकाया है जिसे जल्द से जल्द सभी किसानों का ई-केवाईसी करवाने का निर्देश दिया गया। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी, भीएलडब्ल्यू, एटीएम एवं कृषक मित्र समेत अन्य उपस्थित थे।

### मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 का हुआ शुभारंभ



**पाकुड़ :** जिला में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 का आज शुभारंभ हुआ। आज बीएलओ के द्वारा जिला के विभिन्न घरों में जाकर बीएलओ ने मतदाताओं से मुलाकात की। उनके फोटो मतदाता पहचान पत्र का अवलोकन किया। मौके पर बीएलओ द्वारा मतदाताओं को जागरूक भी किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री वरुण रंजन ने मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के बारे में जानकारी दी कि 21 जुलाई से 21 अगस्त 2023 की अवधि में बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं के नाम का सत्यापन कर एक त्रुटि मुक्त एवं समावेशी मतदाता सूची बनाना है। उन्होंने कहा कि 01 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष या इससे अधिक आयु के मतदाताओं का पंजीकरण किया जाना है। मतदाता सूची व फोटो मतदाता पहचान पत्र में त्रुटियों का निराकरण किया जाएगा। नवविवाहित महिला मतदाताओं का नाम और नये पते का अद्यतनीकरण किया जाना है। उक्त अवधि के दौरान दिवंगत मतदाता का नाम मतदाता सूची से विलोपन का कार्य किया जाएगा। उन्होंने संबधित पदाधिकारियों एवं बीएलओ को निर्देश दिया कि जिला में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान इस बात का विशेष ध्यान रखना होगा कि एक भी योग्य मतदाता का नाम छूट नहीं पाये।

## शहर >> अपडेट

### सुदेश महतो का किया स्वागत

**कुडू :** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो को पलामू जिला जाने के कर्म में बस स्टैंड कुडू मे स्वागत किया जायेगा । जिसमे केंद्रीय सचिव, केंद्रीय सदस्य ,जिला के पदाधिकारी, प्रखंड के सभी जोन के सदस्य, पंचायत अध्यक्ष ,पंचायत प्रभारी ,सभी कार्यकर्ता समय पर पहुचने कृपा करेंगें । यह जानकारी आजसू मीडिया प्रभारी नवाज खान ने दी।

## सिटी अपडेट्स >>

### गीत प्रशिक्षण कार्यक्रमआयोजित

**कुडू :** दिन शनिवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बड़की चाँपी में विद्या भारती की योजनानुसार लोहरदगा संकुल के सात विद्यालय के भैया बहन एवं आचार्यो का एक दिवसीय संकुल स्तरीय वंदना सह गीत प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन विद्यालय के सचिव भूषण प्रसाद, प्रधानाचार्य मनोहर मोदी, जया मिश्रा एवं अभिभावक अलख निरंजन तिवारी के संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन के साथ किया गया। वंदना के पश्चात अतिथि परिचय प्रधानाचार्य जी के द्वारा कराया गया। वंदना सह गीत प्रशिक्षण की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए चार सत्रों में वंदना सह गीत का अभ्यास कराने हेतु लोहरदगा संकुल शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा से जया मिश्रा एवं वीणा तिवारी जी प्रशिक्षक की भूमिका में रहते हुए बहुत ही रोचक लय से भैया बहनों एवं आचार्यो को वंदना सह गीत का अभ्यास कराया गया। जया जी का मासिक गीत के साथ-साथ दो मिनट का भजन एवं सुक्ष्म योग पर प्रकाश डालते हुए अभ्यास कराने में विशेष योगदान रहा। लोहरदगा संकुल के सातों विद्यालय की सहभागिता रही।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### बालूमाथ थाना में हुई शांति समिति की बैठक

**बालूमाथ :** बालूमाथ थाना परिसर में शनिवार को मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया । बैठक की अध्यक्षता करते हुए बालूमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार ने कहा कि बालूमाथ में हर त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनता आया है ।आप लोगों से अपेक्षा है कि यह त्यौहार भी शांतिपूर्ण मनेगा ।इसमें आप लोगों की सहयोग की अपेक्षा है । उन्होंने पुलिस द्वारा चलाए जा रहे परस्पर सौहार्द अभियान का जिक्र करते हुए कहा कि लातेहार एसपी अंजनी अंजन के निर्देश पर पुलिस के द्वारा एकता एक निशान सबका करें सम्मान कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जो आपसी एकता और अखंडता को बढ़ाने के लिए है ।वही बालूमाथ अंचलाधिकारी आफताब आलम ने कहा कि सरकार द्वारा निर्देशित गाइडलाइन का पालन करते हुए आप सभी त्यौहार मनाए इसमें प्रशासन आपका सहयोग करेगा ।सर्किल इंस्पेक्टर शशिरंजन कुमार ने कहा मुहर्रम आपसी भाईचारे के साथ शांति का पैगाम देने वाला पर्व है। आपलोग इस पर्व को शांतिपूर्वक आपसी भाईचारे के साथ मनाए । वही बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने कहा की मुहर्रम पर्व के मौके पर डीजे बजाने पर प्रतिबंध है ।वहीं सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट न करे ।आपसी सौहार्द बिगाड़ने वाले पर पुलिस की पैनी नजर है ।इसके अलावा आयोजित शांति समिति की बैठक में बोलते हुए लातेहार के पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष राजेंद्र साहू ने कहा कि बालूमाथ में त्यौहार शांतिपूर्ण मनाने में हम लोगों का पूरा सहयोग प्रशासन को रहेगा ।इसके अलावा सभा को हाजी मो० शब्बीर,भाजपा प्रखंड अध्यक्ष लछ्मन कुशवाहा,भाजपा नेता शैलेश सिंह,सुनील पांडे,राजद नेता श्याम सुंदर यादव,कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष आमिर हयात ने भी संबोधित किया और प्रशासन को त्यौहार शांतिपूर्ण मनाने में सहयोग करने की बातें कहीं ।

**संवेदना**

ग्रामीणों व मृतक के आश्रितों से मिले पूर्व विधायक जयप्रकाश, कहा

# सड़क निर्माण के लिये कटिबद्ध

राष्ट्रीय खबर



**परसाबाद :** परसाबाद निवासी प्रतिष्ठित व्यवसाई मथुरा प्रसाद बिहारी एवं मनीष कुमार भदानी का कुछ दिनों पूर्व निधन हुआ था। इसकी सूचना मिलने पर गांडेय के पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा दोनों के परिजनों से मिले और संवेदना व्यक्त कर ढाढस बंधाया।

उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में हम आपके साथ हैं। तत्पश्चात ग्रामीणों की समस्या सुन रेलवे के द्वारा घेराबंदी को लेकर ग्राम गडगी गए। जहां रेलवे बोर्ड के द्वारा घेराबंदी किया जा रहा था। अधिग्रहण करते समय रेलवे ने ग्रामीणों को सड़क निर्माण का आश्वासन दिया था, आज जब अतिक्रमण हेतु बाउंड्री वॉल का निर्माण चल रहा है तो सड़क निर्माण का प्रावधान नहीं है।

गड़गी गांव के निवासी किनारे किनारे सड़क निर्माण की मांग कर रहे हैं। इस बात को गंभीरता से लेते हुए प्रो वर्मा ने ग्रामीणों को कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा रेलवे लाइन के किनारे में सड़क निर्माण कराने के लिए कटिबद्ध है। हम लोग मुख्यमंत्री से लेकर के रेल मंत्री भारत सरकार तक ज्ञापन देंगे।

जरूरत पड़ने पर धरना प्रदर्शन भी करेंगे, हर हाल में रोड का निर्माण हो यह प्रयास झारखंड मुक्ति मोर्चा करेगी।

मौके पर जयनगर प्रखंड अध्यक्ष अशोक सिंह, जयनगर २० सूत्री अध्यक्ष इस्लाम अंसारी, मरकच्चो प्रखंड अध्यक्ष दिवाकर तिवारी, कोडरमा जिला अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष खलील अंसारी, अनिल राय, युवा मोर्चा प्रखंड सुजीत यादव, सुदामा दास, गोविंद बिहारी, अरविंद राणा, रामकुमार सिंह, विनय भदानी, सागर दास, रामदेव पासवान, श्रीकांत यादव के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

**कुडू :** कुडू बीडीओ मनोरंजन कुमार की अध्यक्षता में जन्म मृत्यु पंजीकरण हेतु प्रखण्ड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक कार्यालयकक्ष में शनिवार को आयोजित की गई। बीडीओ श्री कुमार ने कार्य में तेजी लाने का निर्देश देते हुए कहा कि शत-प्रतिशत जन्म-मृत्यु निबंधन का निबंधन हर हाल में किया जाय। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुलामी होरो, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जयमंगल लोहार, प्रखंड बाल विकास पदाधिकारी,जेएसएस, बीपीआरओ सरोजिनी केरकेट्टा,प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षकउपस्थितथे।

## जयनगर में पागल कुत्तों का आतंक

राष्ट्रीय खबर



**जयनगर:** प्रखंड में इन दिनों पागल कुत्तों का आतंक बढ़ चुका है जिसके कारण जनजीवन प्रभावित है। पिछले कई दिनों से प्रखंड के किसी न किसी गांव में पागल कुत्ते लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। वे जहां बकरियों पर हमला करते हैं तो कहीं मनुष्यों को काटने की कोशिश करते हैं। हर गांव में पागल कुत्तों का आतंक बढ़ रहा है। शनिवार को जयनगर के विभिन्न मुहल्लों में एक पागल कुत्ते ने दर्जनों लोगों को काट कर घायल कर दिया। इन पागल कुत्तों के प्रति विभाग का उदासीन रवैया कहीं ना कहीं प्रश्न लगाता है। बताते चलें कि जयनगर निवासी कंचन देवी, सावित्री देवी, चंदन कुमार, जलील खान, जैनुल खान सहित कई लोगों को पागल कुत्तों ने अपना शिकार बनाया जिनका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयनगर में किया गया। लोगों ने यथाशीघ्र इन कुत्तों के आतंक से बचाने की गुहार लगायी है।

## डीएवी पब्लिक स्कूल में वन महोत्सव कार्यक्रम आयोजित

राष्ट्रीय खबर



**कोडरमा:** शनिवार को डीएवी पब्लिक स्कूल झुमरीतिलैया में वन महोत्सव के अवसर पर बच्चों ने विविध कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए वन और पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाया। वन महोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि वन प्रमंडल अधिकारी सूरज कुमार सिंह, गेस्ट ऑफ ऑनर दिलीप कुमार सिंह, मुख्य प्रबंधक, डीवीसी बांझेडीह उपस्थित थे। विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि सूरज कुमार सिंह एवं गेस्ट ऑफ ऑनर दिलीप कुमार सिंह को पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर हुआ। प्राचार्य ने मुख्य अतिथि एवं गेस्ट ऑफ ऑनर के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज बड़े सौभाग्य की बात है कि इस वन महोत्सव कार्यक्रम में इनका सानिध्य प्राप्त हुआ है। कार्यक्रम में उपेंद्र सोनू आदि समूह ने अतिथियों के स्वागतार्थ स्वागत गीत प्रस्तुत किया। अंग्रेजी में जिज्ञासा ने एवं हिंदी में कुमारी कल्पना ने वन महोत्सव पर अपना वक्तव्य दिया। सातवीं कक्षा की लाडली आदि ग्रुप ने 'आओ दोस्तों तुमको बताएं', चौथी कक्षा की अनुष्का आदि ग्रुप ने 'आओ पेड़-पौधे लगाएं,' अंकिता आदि समूह ने 'मेघा आए - मेघा आए, छठीं कक्षा की समृद्धि आदि समूह ने 'ना काटो मुझे दुखता है' पर सुन्दर समूह नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। सारा खान आदि ग्रुप ने पेड़ लगाओ -पेड़ लगाओ पर सुंदर गीत प्रस्तुत किया। पल्लवी आदि समूह ने हिंदी में आत्मसात एवं शुभम आदि समूह ने हिंदी में 'चिपको आंदोलन' पर सुंदर नाटक प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि सूरज कुमार सिंह एवं गेस्ट ऑफ ऑनर दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि आज बच्चों ने अपने विविध कार्यक्रम की प्रस्तुति द्वारा सबको वन संरक्षण के प्रति सचेष्ट किया। वन संपदा को नष्ट करना जीवन को नष्ट करना है। हमें इसी तरह से जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करना चाहिए। उन्होंने बच्चों की प्रस्तुति की भूरि -भूरि सराहना की। उन्होंने कहा कि पेड़- पौधे हमें जीवन देते हैं एवं हमारे जीवन को सुखमय बनाते हैं। वे हमें प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा प्रदान कर हमारा भविष्य संवारते हैं। कार्यक्रममें मुख्य अतिथि, गेस्ट ऑफ ऑनर, प्राचार्य एवं शिक्षकों ने वृक्षारोपण कर धरती को हरा-भरा बनाने का दृढ़ संकल्प लिया। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय की सुपरवाइजरी हेड मौसुमी मल्लिक ने किया। मंच संचालन तेजस्वी सिंह एवं यशी जयसवाल ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सी सी ए इंचार्ज श्वेता सिंह, अनुराधा निषाद,महजबी प्रबीन, सुपरवाइजरी हेड अमीता सिन्हा एवं अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं ने भूमिकाएं निभाई।

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर कार्यशाला का आयोजन

राष्ट्रीय खबर

**झुमरीतिलैया:** सेक्रेड हार्ट स्कूल ने शनिवार को शिक्षकों और छात्रों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर अलग-अलग कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला ने रिसोर्स पर्सन रूप में बीएमएल मुंजाल यूनिवर्सिटी गुरुग्राम के प्रोफेसर अनंत राव थे। उनके साथ बीएमएल मुंजाल यूनिवर्सिटी गुरुग्राम के एडमिशन कौंसलर अभिजीत भट्टाचार्य मौजूद थे। विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार और प्राचार्य नवीन कुमार ने बुके देकर उनका स्वागत किया। यह कार्यशाला स्कूल के एकेडमिक डायेक्टर प्रमोद शर्मा की देख-रेख में हुआ। रिसोर्स पर्सन श्री राव का परिचय एकेडमिक कोर्डिनेटर प्रवीण कुमार ने दिया। रिसोर्स पर्सन अनंत राव ने हमारे जीवन मे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की उपयोगिता की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने हमारे जीवन को सरल और आसान बना दिया है।

## शांति समिति की बैठक आयोजित



राष्ट्रीय खबर

**पेटरवार :** पेटरवार थाना के सभागार में शनिवार को मुहर्रम त्योहार को लेकर शांति समिति की एक बैठक की गई। बैठक में पेटरवार प्रखंड के उप प्रमुख सीमा देवी, जिप सदस्य प्रह्लाद महतो, बेरमो अनुमंडल के पुलिस उपाधीक्षक सतीशचंद्र झा, प्रखंड विकास पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार चौरसिया, अंचल अधिकारी ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव, थाना प्रभारी विनय कुमार व सांसद प्रतिनिधि सह शांति समिति के अध्यक्ष सुधीर कुमार सिन्हा ने अपनी- अपनी बातों को रखते हुए आपसी भाईचारे के साथ शहादत का त्योहार मुहर्रम मनाने की अपील की। पुलिस उपाधीक्षक सतीशचंद्र झा ने कहा कि त्योहार में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पेटरवार के लोगो ने हमेशा पुलिस-प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चला है और हम आशा करते है कि आपलोगो का सहयोग हमेशा पुलिस- प्रशासन को मिलता रहेगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार चौरसिया ने कहा कि मुहर्रम त्योहार को लेकर जो रूट लाइसेंस धारियों को दिया गया है उस रूट पर ही ताजिये का जुलूस निकालने का अनुरोध किया और यह भी कहा कि किसी भी परिस्थिति में नया रूट नही दिया जाएगा। अंचल अधिकारी ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि गांवो में जाकर क्षेत्र का भ्रमण किया जाएगा। उन्होंने लाइसेंस धारी लोगो से सीसीटीवी लगाने का निर्देश भी दिया। थाना प्रभारी विनय कुमार ने कहा कि सभी लाइसेंस धारी अपना लाइसेंस थाना में अविलंब जमा कर दे ताकि उसका नवीनीकरण कराया जा सके।

## मुख्यमंत्री सारथी योजना का ऑनलाइन शुभारंभ

राष्ट्रीय खबर

**सतगावां:** प्रखंड के प्रखंड परिसर स्थित सांस्कृतिक भवन में शनिवार को मुख्यमंत्री सारथी योजना का शुभारंभ ऑनलाइन किया गया। झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी श्रम योजना प्रशिक्षण के तहत केंद्र का संचालन किया जाएगा जिसमें 18 वर्ष से 35 वर्ष तक पुरुष व महिला सिलाई, कंप्यूटर का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। ऑनलाइन शुभारंभ के बाद प्रशिक्षण दिया जाएगा। सुदूरवर्ती व उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र में यह पहला प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया है। प्रशिक्षण प्राप्त छात्र-छात्राओं को श्रम नियोजन के द्वारा रोजगार मुहैया कराने का प्रावधान है जिन युवाओं व युवतियों को नियोजन के द्वारा रोजगार से वंचित रहेंगे उन्हें एक वर्ष के लिए 1500 रुपये डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया जाएगा। मौके पर बीडीओ बैधनाथ उरांव, प्रमुख ललिता देवी, जिला परिषद सदस्य नीतू कुमारी, बीस सूत्री अध्यक्ष विजय सिंह, बीस सूत्री सदस्य ब्यूटी कुमारी, कौशल विकास योजना में कार्यरत युवाओं के अलावा नामांकन प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं भी शामिल थे। सभी को प्रोजेक्टर के माध्यम से ऑनलाइन उद्घाटन समारोह व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यक्रम को दिखाया गया।

**आक्रोश**

मणिपुर घटना को लेकर कोडरमा क्षेत्र में लोगों में आक्रोश

# भाकपा माले ने निकाला प्रतिवाद मार्च

राष्ट्रीय खबर



**जयनगर:** प्रखंड माले कमेटी की ओर से पिपचो बाजार से पेट्रोल पंप तक प्रतिवाद मार्च व केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का पुतला दहन कार्यक्रम किया गया। इसका नेतृत्व पार्टी के प्रखंड सचिव अशोक यादव, मध्य जोन लोकल कमेटी सचिव असगर अंसारी कर रहे थे। यह मार्च बाजार होते चौक पर सभा मे तब्दील हो गया। सभा को संबोधित करते हुए पार्टी जिला सचिव राजेंद्र मेहता, एक्टू जिला सचिव विजय पासवान ने कहा कि मणिपुर पिछले दो महीने से जल रहा है वहाँ सैकड़ो हत्याएं हो रही है, और ये भाजपा के डबल इंजन की सरकार तमाशबीन बनी हुई है। दो दिन पहले एक ऐसा वीडियो शोशल मीडिया पर वायरल हुआ जिसने पूरे देश को शर्मसार कर दिया।

राज्य कमेटी सदस्य मोहम्मद इब्राहिम, जिला कमेटी सदस्य मुन्ना यादव ने कहा भाजपा के शासन काल मे ऐसे रेपिष्टों और विभत्सक घटनाओं को अंजाम देने वाले तत्त्वों का मन बढ़ा हुआ है।

प्रतिवाद मार्च को चांद अख्तर, कौलेशवर राणा, हकीम खान, इस्लाम अंसारी, शहादत अंसारी, देवानंद सिंह, शंभू नाथ वर्मा, श्रीकांत ठाकुर, रामचंद्र साव ने संबोधित किया। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

## न्यूज फटाफट

### उपायुक्त को जिला परिषद अध्यक्ष ने दी बधाई



**लोहरदगा :** विगत 18 जुलाई 2023को झारखंड राज्य के पश्चिमी छेत्र जिला लोहरदगा उपायुक्त एवं उनके टीम को महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के द्वारा भूमि सम्मान दिया,जिसके बाद लोहरदगा जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी भगत ने उपायुक्त कार्यालय पहुंच कर लोहरदगा उपायुक्त डॉक्टर बाघमारे प्रसाद कृष्ण को पुष्पगुच्छ देकर बधाई दिया कहा लोहरदगा जिला एक छोटा जिला है महामहिम राष्ट्रपति के द्वारा ये सम्मान मिलना काफी गर्व को बात है, उपायुक्त महोदय के द्वारा जिला के सभी वर्ग के लोगों के लिय कई विकास के कार्य किए गए हैं ,मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य पेशरार बिनोद खेरवार,पेशरार प्रमुख सीता देवी, आदिवासी छात्र संघ कुडू प्रखंड अध्यक्ष अवधेश उरांव, कुडू पंचायत उप मुखिया राहुल उरांव, आदि लोग उपस्थित रहे।

### मतदान केंद्रों का एसडीओ ने किया भौतिक सत्यापन



**कुडू :** शुक्रवार 21 जुलाई से आरंभ हुए विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत किए जा रहे डोर टू डोर मतदाता सत्यापन एवं मतदान केंद्र के भौतिक सत्यापन कार्य का शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी अरबिंद कुमार लाल ने निरीक्षण किया। अनुमंडल पदाधिकारी श्री लाल ने कुडू बीडीओ मनोरंजन कुमार के साथ उत्क्रमित मध्य विद्यालय टाटी में बूथ संख्या 130 और 131 का निरीक्षण किया और बीएलओ से प्राप्त हुए आवेदनों की जानकारी ली। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी बूथों के मतदाओं से डोर टू डोर मिले और मतदाताओं को प्रेरित कर अपना मत बनवाने व आवश्यकता अनुसार संशोधन करवाने की कार्रवाई में सहयोग करने की अपील की। गौर तलब है कि मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 के पुनरीक्षण पूर्व गतिविधियों के अंतर्गत बीएलओ द्वारा 21 जुलाई से 21 अगस्त 2023 तक अपने-अपने मतदान केंद्र क्षेत्र अंतर्गत घर-घर जाकर सत्यापन का कार्य किया जाना है।

### कुख्यात अपराधी गिरफ्तार



**जयनगर :** प्रखंड जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय के एसटी -119/21 का वारंटी अभियुक्त संजय कुमार उर्फ बबलू राय पिता नारायण राय, ग्राम कटिया परसाबाद, थाना जयनगर को रांची से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय कोडरमा में उपस्थापन हेतु भेजा गया ।थाना प्रभारी ऋषिकेश सिन्हा ने बताया कि बबलू राय कई मामलों में वारंटी था और कुछ दिनों से फरार चल रहा था। रांची के बरियातू से इसे गिरफ्तार कर लिया गया।

### कुत्ते के हमले से बच्चा गंभीर रूप से घायल

**कोडरमा :** जिले के मरकच्चो प्रखंड के भोजपुर में शनिवार की सुबह कुत्ते के हमले से एक 5 वर्षीय मासूम गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए मरकच्चो प्राथमिक स्वास्थ केंद्र लेकर पहुंचे। जहां प्रारंभिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए बच्चे को सदर अस्पताल कोडरमा रेफर किया गया। बच्चे की पहचान सोहेल (उम्र 5 वर्ष, पिता मोहम्मद शोएब) के रूप में हुई है। घर के बाहर खेलने के दौरान बच्चे कुत्ते के हमले से गंभीर रूप से घायल हो गया।

### थाना प्रभारी भगाओ, जयनगर बचाओ प्रतिवाद मार्च कल

**जयनगर :** संयुक्त विपक्षी मोर्चा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि थाना प्रभारी के तानाशाही और आतंकी रवैया के खिलाफ संयुक्त विपक्षी मोर्चा के बैनर तले 24 जुलाई को 11 बजे दिन से जयनगर में प्रतिवाद मार्च एवं सभा का आयोजन किया जाएगा। आम आदमी पार्टी नेता और बरकट्ठा विधानसभा अध्यक्ष महेश यादव ने बताया कि प्रतिवाद मार्च एवं सभा पूरे लोकतांत्रिक तरीके से शांति व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा। अगर किसी प्रकार का अशांति फैलती है एवं अप्रिय घटना घटती है तो उसकी सारी जिम्मेवारी जिला प्रशासन की होगी। कार्यक्रम का उद्देश्य है थाना प्रभारी भगाओ, जयनगर बचाओ। उन्होंने कहा कि जयनगर थाना में पदस्थापित थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा के तानाशाही और आतंकी रवैया से जयनगर वासियों का थाना प्रभारी का नाम सुनते ही रूह कांप जाता है । जयनगर थाना प्रभारी के रवैया से जयनगर के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, गरीब, मजदूर, किसान, छात्र, नौजवान एवं महिलाएं सभी परेशान हैं। थाना प्रभारी दिन प्रतिदिन किसी ना किसी के साथ बेवजह का मारपीट, गाली-गलौज एवं प्राथमिकी दर्ज करने की धमकी देते रहते हैं। जयनगर के तमाम लोग अभी सहमे हुए हैं, लोगों को अभी जितना चोर-डकैत से डर नहीं लग रहा है उससे ज्यादा कहीं थाना प्रभारी के तानाशाही रवैया से डरे हुए हैं। लोगों में चर्चा हो रहा है कि थाना प्रभारी लोगों को भयमुक्त करने के लिए होता है या भय ग्रस्त करने के लिए। संयुक्त विपक्षी मोर्चा के लोगों ने जयनगर के लोगों से निवेदन किया कि इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनावें।

### एक महीने बाद प्रेमी जोड़े को बरामद किया

**कोडरमा :** लगभग एक महीने पहले फरार हुए प्रेमी जोड़े को बरामद कर लिया गया है। तिलैया थाना क्षेत्र के भादोडीह का युवक और नरेश नगर की युवती दोनों अलग- अलग समुदाय से है। लड़की के परिवार वालों ने तिलैया थाना में लड़की के गुमशुदगी मामला दर्ज कराया था। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस उनदोनो को आसनसोल दुगार्पुर से लायी और लड़की के परिवार वाले को सौप दिया। अब लड़की को 164 के बयान के लिए न्यायालय में भेजा जाएगा। लड़का से पूछताछ करने पर उसने बताया कि दोनों पिछले पांच सालों से एक दूसरे को जानते हैं। साथ ही बताया कि हमलोग घर से भागकर अजमेर चले गये थे, जहाँ दोनों ने शादी भी कर लिया है। वहीं लड़की के परिवार वालों ने बताया कि जिस दिन लड़की घर से भागी थी उस समय उसकी शादी की तैयारियां चल रही थी। उसकी शादी कहीं और तय हो गयी थी।

### एसपी ने तिलैया थाना का किया निरीक्षण

**कोडरमा :** पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने तिलैया थाना निरीक्षण किया। इस दौरान कई दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि तिलैया थाना का निरिक्षण के दौरान निर्देश दिया गया कि पब्लिक के जो भी याचिका आते हैं उस पर तुरंत ध्यान दें और जाँच करें। अगर एफआईआर करने की आवश्यकता हो तो एफआईआर दर्ज करें। साथ ही कहा कि कोई भी आवेदन आता है तो उसका रिसीविंग दें।

## न्यूज फटाफट

### कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान करना चाहते है 2034 फीफा विश्व कप की सह-मेजबानी



**अस्ताना :** कजाकिस्तान फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष एडलेट बार्मेनकुलोव ने प्रस्ताव दिया है कि कजाकिस्तान और उज्बेकिस्तान 2034 फीफा विश्व कप की सह-मेजबानी के लिए संयुक्त बोली पेश करने के इच्छुक है। उज़्बेक फुटबॉल समाचार पोर्टल चैंपियनैटडॉटएशिया ने शुक्रवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि श्री बर्मेनकुलोव ने किर्गिस्तान में आयोजित मध्य एशियाई तुर्किक भाषी राज्य फुटबॉल महासंघों के नेताओं की बैठक के दौरान यह प्रस्ताव रखा। मीडिया ने श्री बर्मेनकुलोव के हवाले से कहा कि हाल के वर्षों में कजाकिस्तान और उज्बेकिस्तान के फुटबॉल महासंघों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध एक नए स्तर पर पहुंच गए हैं। इस दौरान राष्ट्रीय टीमों और क्लबों के बीच मैत्रीपूर्ण मैच आयोजित किए जा रहे हैं।

### रोमांचक जीत के साथ फाइनल में पहुंचे सात्विक-चिराग



**योसू :** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने अपने विजय रथ को आगे बढ़ाते हुए शनिवार को कोरिया ओपन 2023 के फाइनल में कदम रखा। विश्व की नंबर तीन भारतीय जोड़ी ने रोमांचक सेमीफाइनल में अपने से बेहतर रैंकिंग वाले चीन के लियांग वेई केंग और वांग चैंग को मात्र 40 मिनट में 21-15, 24-22 से मात दी। यह शानदार फॉर्म में चल रहे सात्विक-चिराग की लियांग-चैंग के विरुद्ध तीन मुकाबलों में पहली जीत थी। इस साल इंडोनेशिया ओपन और स्विस ओपन के खिताब जीतने वाले सात्विक-चिराग फाइनल में इंडोनेशिया के शीर्ष वरीयता प्राप्त फजर अल्फियान और मुहम्मद रियान अर्दियांतो से भिड़ेंगे। दूसरी वरीयता प्राप्त चीनी युगल इससे पहले सात्विक-चिराग को दो बार हरा चुका था, लेकिन इस बार दोनों जोड़ियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। पहले गेम में भारतीय जोड़ी की जीत के बाद दूसरे गेम में दोनों पक्षों ने एक के बाद एक अंक अपनी झोली में डाले। मुकाबला 8-8 की बराबरी पर पहुंचते ही चीनी युगल की ओर से थोड़ी अनुशासनहीनता देखने को मिली जिसका फायदा उठाकर सात्विक-चिराग ब्रेक तक तीन पॉइंट की बढ़त लेने में कामयाब रहे। भारतीय युगल ने जब 14-12 की बढ़त बना ली तब उनके चीनी प्रतिद्वंदियों ने मुकाबले में वापसी का प्रयास किया। लियांग-चैंग इस गलाकाट प्रतियोगिता में 15-17 से पीछे थे जब लियांग ने ज़ोरदार स्मैश मारकर एक अंक अर्जित किया। कुछ देर बाद भारतीय जोड़ी के कमज़ोर शॉट पर लियांग ने एक और स्मैश मारकर स्कोर 18-18 से बराबर कर दिया। लियांग और चिराग की एक-एक अप्रत्याशित गलती से स्कोर 19-19 पर बराबर हुआ। चिराग ने इस बार स्मैश मारकर मैच पॉइंट हासिल किया, लेकिन सात्विक की खराब सर्विस ने मुकाबले को 20-20 की बराबरी पर ला खड़ा किया। स्कोर जब 22-22 पर बराबर था तब भारत ने अपना चौथा मैच पॉइंट अर्जित किया। सात्विक के शॉट ने एक बार फिर नेट को छुआ, लेकिन इस बार वह चीनी खेमे में जा गिरा जिससे भारतीय युगल ने फाइनल का टिकट कटाया। इससे पूर्व, शुरुआती गेम में दोनों पक्षों ने करारे प्रहार किये जिसके अंत में सात्विक-चिराग 11-8 की बढ़त बनाने में सफल रहे। नेट पर चीनी जोड़ी के खराब खेल के कारण सात्विक-चिराग 14-8 से आगे हो गये। सात्विक ने इसे बाद अपने मज़बूत स्मैश से दो अंक अर्जित किये, जबकि नेट पर लियांग की गलती से भारतीय जोड़ी 17-11 की बढ़त बनाने में सफल रही। पहला गेम के आखिरी क्षणों में लियांग-चैंग की ओर से थोड़ा अनुशासन देखने को मिला, हालांकि भारतीय युगल 21-15 से गेम जीत गये।

**उपलब्धि** भारत ने वेस्ट इंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट की पहली पारी में

# विराट कोहली का शतक, भारत 352 रन से आगे

- कोहली ने शुक्रवार को मैच के दूसरे दिन 206 गेंद पर 121 रन बनाये
- सचिन तेंदुलकर (100) से सिर्फ 24 शतक दूर हैं कोहली



**एजेंसियां**

**पोर्ट ऑफ स्पेनः** विराट कोहली (121) के 76वें अंतरराष्ट्रीय शतक और रवींद्र जडेजा (61) एवं रविचंद्रन अश्विन (56) के अर्द्धशतकों की मदद से भारत ने वेस्ट इंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट के की पहली पारी में 438 रन बनाये हैं। वेस्ट इंडीज़ ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने से पहले एक विकेट के नुकसान पर 86 रन बना लिये हैं और वह भारत के 352 रन पीछे है।

टेस्ट क्रिकेट में 29वीं बार सैकड़ा जड़ने वाले कोहली ने शुक्रवार को मैच के दूसरे दिन 206 गेंद पर 121 रन बनाये, जिसमें 11 चौके शामिल रहे। कोहली अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक शतक बनाने वाले बल्लेबाजों में सचिन तेंदुलकर (100) से सिर्फ 24 शतक दूर हैं। कोहली (28) विदेशी सरज़मीन पर सर्वाधिक सैकड़े जड़ने के मामले में भी सचिन (29) को पछाड़ने की कगार पर हैं। कोहली अपने 500वें अंतरराष्ट्रीय मैच में शतक बनाने वाले पहले बल्लेबाज़ भी बन गये।

उन्होंने दूसरे दिन अपना स्कोर 87 रन से आगे बढ़ाते हुए ज्यादा समय व्यर्थ नहीं किया और दिन के चौथे ओवर में केमार रोच को चौका लगाकर हाथ खोले। उन्होंने कुछ देर बाद शैनन गैब्रियल की गेंद पर स्क्वेयर ड्राइव खेलकर चौके के साथ 180 गेंद में शतक पूरा किया। कुछ देर बाद रवींद्र जडेजा ने भी 105 गेंद पर अपना पचासा पूरा किया। कोहली ने शतक पूरा होने के बाद बेझिझक खेलना शुरू किया और जल्द ही जडेजा के साथ 150 रन की साझेदारी पूरी की।

कोहली की लय को देखते हुए उन्हें आउट करना मुश्किल लग रहा था, लेकिन एक दुर्भाग्यपूर्ण रनआउट ने उनकी पारी का अंत किया। कुछ देर बाद जडेजा भी विकेटकीपर जोशुआ डा सिल्वा को कैच देकर पवेलियन लौट गये। उन्होंने 152 गेंद पर 61 रन बनाये, जिसमें पांच चौके शामिल रहे। सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे ईशान किशन ने तीन चौकों के साथ पारी का आगाज़ किया, हालांकि लंच के बाद उनकी रफ्तार धीमी पड़ गयी। किशन (25) 37 गेंदें खेलकर जेसन होल्डर का शिकार हो गये। जयदेव उनाडकट (सात) और मोहम्मद सिराज (शून्य) रनों में बड़ा योगदान नहीं दे सके, लेकिन उनके साथ खड़े रहने के कारण अश्विन को टेस्ट क्रिकेट में 14वां अर्द्धशतक बनाने में मदद मिली। मुकेश कुमार के रूप में भारत के आखिरी बल्लेबाज के पिच पर उतरने के बाद अश्विन रोच को दो चौके लगाकर अपने अर्द्धशतक तक पहुंचे, हालांकि तीसरा चौका लगाने के बाद वह रोच का शिकार हुए।

अश्विन ने 78 गेंदें खेलकर चार चौकों की मदद से 56 रन बनाये। विडीज के लिये रोच और जोमेल वारिकन ने तीन-तीन विकेट लिये। होल्डर ने दो और गैब्रियल ने एक सफलता हासिल की। भारत की विशाल बढ़त के बावजूद विंडीज़ ने दिन का अंत मज़बूत स्थिति में किया। कप्तान क्रेग ब्रैथवेट और तेजनारायण चंद्रपॉल ने पहले विकेट के लिये 71 रन की साझेदारी की। चंद्रपॉल हालांकि जडेजा की एक गेंद पर संयम खो बैठे और आक्रामक शॉट खेलने की कोशिश में अश्विन को कैच थमा दिया। उन्होंने 95 गेंद की पारी में चार चौकों के साथ 33 रन बनाये। दिन का खेल समाप्त होने पर ब्रैथवेट 37 रन जबकि कर्क मेकेंज़ी 14 रन बनाकर नाबाद रहे।

## खेल जगत अपडेट्स »

### यूटीटी सीजन-4 में पुनेरी पल्टन ने दबंग दिल्ली को हराया



**पुणे :** युवा भारतीय सितारे मानुष शाह और अर्चना कामथ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कल यहां शिव छत्रपति स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, महालुंगे-बालेवाड़ी में खेल जा रहे अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) सीजन-4 में पुनेरी पल्टन ने दबंग दिल्ली टीटीसी पर 8-7 से रोमांचक जीत दर्ज की। टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया (टीटीएफआई) के तत्वावधान में नीरज बजाज और वीटा दानी प्रोत्साहन द्वारा फ्रेंचाइजी-आधारित लीग, 2017 में अपनी स्थापना के बाद से भारतीय टेबल टेनिस के लिए गेम-चेंजर साबित हुई है। मानुष ने मैच की शुरुआत से ही जॉन पर्सन के खिलाफ 2-1 से जीत हासिल कर अपनी फ्रेंचाइजी को आगे की राह दिखाई। वडोदरा के युवा खिलाड़ी ने गेम प्वाइंट के जरिए पहला गेम अपने नाम किया। दूसरे गेम में पर्सन ने अपनी स्पिन सर्विस से मानुष को परेशानी में डाल दिया। मानुष को टेनिस बॉल को पर्सन के पाले में भेजने और अंक हासिल करने में कड़ी मेहनत करनी पड़ रही थी। पर्सन ने दूसरा गेम 11-8 से जीता, इससे पहले भारतीय ने अपने प्रतिद्वंद्वी पर बढ़त हासिल करने के लिए पैतरा बला और तीसरा गेम 11-4 से जीतकर मैच अपने नाम कर लिया।

## वुड, बेयरस्टो के दम पर इंग्लैंड मजबूत, ऑस्ट्रेलिया बैकफुट पर

**एजेंसियां**

**मैनचेस्टरः** इंग्लैंड ने जॉनी बेयरस्टो की 99 रन की नाबाद पारी के बाद तेज गेंदबाज मार्क वुड के तीन विकेटों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट में अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक दूसरी पारी में 113 रन पर चार विकेट गंवा दिये हैं, लेकिन इंग्लैंड के पहली पारी के 592 रनों के विशाल स्कोर के कारण वह काफी पीछे चल रही है। आस्ट्रेलिया को पारी की हार से बचने के लिये अभी भी 162 रन बनाने हैं। मार्नस लाबुशेन 44 रन बनाकर जबकि मिचेल मार्श एक



रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। इंग्लैड के डरहम एक्सप्रेस वुड ने केवल सात ओवर में 17 रन देकर तीन विकट अपने नाम किये टेस्ट क्रिकेट में 100वां विकेट भी लिया। इंग्लैंड तीन मैचों के बाद शृंखला में 2-1 से पीछे चल रही है और अगर उसे एशेज दोबारा जीतनी है तो मैनचेस्टर में जीत हासिल करनी होगी। इससे पूर्व, इंग्लैड के विकेटकीपर बेयरस्टो ने 81 गेंदों की तूफानी पारी खेलते हुए 10 चौके और चार छक्कों की मदद से नाबाद 99 बन बनाये थे। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पारी की शुरुआत में वुड की गेंद पर उस्मान ख्वाजा (18) को खो दिया। दूसरे वामहस्त सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर लंबे समय से प्रतिद्वंद्वी रहे स्टुअर्ट ब्रॉड के सामने टिके रहे लेकिन क्रिस वोक्स की गेंद पर 28 रन पर आउट हो गये। वुड ने अपना 100वां टेस्ट विकेट तब लिया जब ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ केवल 17 रन पर विकेटकीपर बेयरस्टो को अपना कैच थमा बैठे।

## भारत-बंगलादेश के बीच वनडे सीरीज टाई

**एजेंसियां**

**ढाका:** भारत और बंगलादेश के बीच शनिवार को खेला गया रोमांचक तीसरा महिला एकदिवसीय मुकाबला टाई रहा। बंगलादेश ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 225 रन बनाये। भारतीय टीम 41 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 191 रन बना चुकी थी, लेकिन निचले क्रम की निराशाजनक बल्लेबाजी के कारण पूरी टीम 49.3 ओवर में 225 रन पर ऑलआउट हो गयी। बंगलादेश के लिये महिला एकदिवसीय क्रिकेट में पहला शतक जड़ते हुए फर्गना हक़ ने 160 गेंद पर सात चौकों की सहायता से 107 रन बनाये। भारत की ओर से मंधाना और हरलीन ने अर्द्धशतक जड़े, जबकि छह अन्य बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सके। इस टाई के साथ भारत और बंगलादेश के बीच तीन मैचों की महिला एकदिवसीय शृंखला भी 1-1 पर समाप्त हुई। भारत ने इससे पहले टी20 सीरीज 2-1 से जीती थी। लक्ष्य का पीछा करते



हुए सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा और यास्तिका भाटिया के विकेट जल्दी गिरने के बाद मंधाना-हरलीन ने तीसरे विकेट के लिये 107 रन की साझेदारी की। मंधाना ने 85 गेंद पर पांच चौकों की सहायता से 59 रन बनाये, जबकि हरलीन ने 108 गेंद पर 77 रन की पारी खेली। मंधाना और हरलीन के विकेटों के बीच कप्तान हरमनप्रीत कौर भी आउट हुईं, जिसे लेकर वह खुश नहीं थीं।

नशे में धुत लड़कों ने एक्ट्रेस के लिए बोली गंदी बात

## उर्फी जावेद के साथ फ्लाइट में हुई छेड़छाड़



**एजेंसियां**

**मुंबइः** अपनी शानदार आउटफिट के लिए मशहूर उर्फी जावेद को फ्लाइट में उत्पीड़न का सामना करना पड़ा। इकोनॉमी क्लास में गोवा की यात्रा कर रही इंटरनेट सनसनी ने फ्लाइट में कुछ 'नशे में धुत' लोगों द्वारा उत्पीड़न की घटना को साझा किया।उर्फी जावेद को 20 जुलाई की रात को हवाई अड्डे पर एक बिल्कुल नए लुक के साथ क्लिक किया गया था, जब उन्होंने गोवा जाने से पहले अपने बालों को गुलाबी रंग में रंग लिया था। उनकी छुट्टियां शुरू होने से पहले, एक परेशान करने वाली घटना घटी जहाँ उन्हें लड़कों के एक समूह द्वारा परेशान किया गया।उर्फी ने अपनी इंस्टाग्राम कहानियों पर घटना के बारे में बताया। उन्होंने ग्रुप की एक क्लिप पोस्ट करते हुए कहा कि वह 'सार्वजनिक संपत्ति' नहीं हैं।यात्रा के दौरान हुई अप्रिय घटना से पता चला कि कैसे वह लड़कों द्वारा छेड़छाड़ और अन्य प्रकार के उत्पीड़न का शिकार थी, जिसने उन्हें इसके खिलाफ बोलने के लिए प्रेरित किया। इस घटना के बारे में बात करते हुए, अभिनेत्री ने लिखा, ह्नकल एक फ्लाइट में मुंबई से गोवा की यात्रा के दौरान मुझे उत्पीड़न से गुजरना पड़ा, इस वीडियो में पुरुष गंदी बातें कह रहे थे, छेड़छाड़ कर रहे थे और नाम पुकार रहे थे। जब मैंने उनका सामना किया तो उनमें से एक ने कहा कि उनके दोस्त नशे में थे। नशे में होना महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करने का कोई बहाना नहीं है। सार्वजनिक हस्ती हैं, सार्वजनिक संपत्ति नहीं।ऱ्इस घटना से पता चला कि जो पुरुष उर्फी के साथ यात्रा कर रहे थे, वे बहुत बुरे मूड में आ गए और अभिनेत्री का मजाक उड़ाते हुए उनके लिए कठोर टिप्पणियाँ और अयोग्य शब्द कहने लगे। उन्होंने कई बार उसका नाम चिल्लाया और नशे में थे, जबकि उन्होंने उर्फी जावेद के बारे में शर्मनाक बातें कीं और उसके साथ दुर्व्यवहार किया।

अपने फैशन विकल्पों के लिए जानी जाने वाली उर्फी जावेद ने इंस्टाग्राम पर बिना मेकअप के एक स्पष्ट तस्वीर पोस्ट की। साथ के कैप्शन में, उन्होंने बताया कि कैसे अपने काले घेरों के लिए ट्रोलिंग का सामना करने के कारण उन्होंने अंडर-आई फिलर्स का सहारा लिया था। हालाँकि, उसने स्वीकार किया कि प्रक्रिया के परिणाम ने उसे निराश कर दिया।

## वरुण धवन ने फिल्म बवाल पसंद करने वाले फैंस का शुक्रिया अदा किया



**एजेंसियां**

**मुंबईः** बॉलीवुड अभिनेता वरूण धवन ने अपनी फिल्म बवाल को पसंद करने वाले फैंस का शुक्रिया अदा किया है। नितेश तिवारी के निर्देशन में बनी फिल्म बवाल में वरूण धवन और जाह्नवी कपूर ने मुख्य भूमिका निभायी है। साजिद नाडियाडवाला निर्मित फिल्म बवाल प्राइम वीडियो पर रिलीज हो गयी है। बवाल की रिलीज के बाद लोगों को वरुण-जाह्नवी की एक्टिंग पसंद आई है। वरुण धवन ने इसके लिये फैंस को शुक्रिया अदा किया है।

वरुण धवन ने इंस्टाग्राम पर 'बवाल' को पसंद करने वाले सभी लोगों के लिए थैंक्यू मेसेज लिखा। उन्होंने लिखा, 'अज्जू भैया ने माहौल बना दिया। बवाल को अपने दिल में जगह देने के लिए शुक्रिया। मुझे कभी भी मेरी किसी फिल्म के लिए इतने कॉल्स नहीं आए। इस फिल्म का लोगों पर जो प्रभाव पड़ा है, वह काबिलेतारीफ है। यह फेक इमेज को बदलने के लिए कॉन्वर्जेशन स्टाटर वाली बात है। अज्जू और उसकी फैमिली को देखने और एंजॉय करने के लिए शुक्रिया।

### प्रदीप पांडेय चिंटू की फिल्म भारत भाग्य विधाता का ट्रेलर रिलीज

**एजेंसियां**



**मुंबईः** बी4यू भोजपुरी प्रस्तुत प्रदीप पांडेय चिंटू की भोजपुरी फिल्म भारत भाग्य विधाता का ट्रेलर रिलीज हो गया है। भारत भाग्य विधाता के ट्रेलर को बी4यू के वाइस प्रेसिडेंट संदीप सिंह ने तगड़ा बताया है और कहा कि कई अवॉर्ड शो में बेस्ट एक्टर रह चुके प्रदीप पांडेय चिंटू का रंग फिल्म के ट्रेलर में खूब चढ़ा है। फिल्म की कहानी में बेहद फिट भी नजर आए हैं। फिल्म भारत भाग्य विधाता को लेकर प्रदीप पांडेय चिंटू ने कहा कि यह फिल्म बिहार और यूपी के एक पुलिस वाले के जीवन पर आधारित है। मैंने फिल्म में पुलिस का किरदार निभाया है। इससे पहले भी कई फिल्मों में पुलिस का किरदार निभा चुका हूं, लेकिन यह उन सबसे अलग है। आपने यदि ट्रेलर देखा है तो आपको अंदाजा हो गया होगा कि फिल्म कितनी बड़ी और व्यापक बनी है।

### इंडियन मोशन पिक्चर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन ने अनुराग सिंह ठाकुर का जताया आभार

**मुंबई :** भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में वेब सीरीज के लिए पुरस्कार ससमय शामिल करने और साहसिक निर्णय लेने के लिए इंडियन मोशन पिक्चर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अभय सिन्हा ने भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर का आभार व्यक्त किया है। अभय सिन्हा ने अनुराग सिंह ठाकुर का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि हम वाकई इस फैसले की सराहना करते हैं क्योंकि आज की तारीख और समय में वेब सीरीज लाखों लोगों से जुड़ने का नया माध्यम बन गई है।

## सपना चौधरी का पैपी हरियाणवी नंबर नंदी के बीर रिलीज



**एजेंसियां**

**मुंबईः** टी सीरीज ने सपना चौधरी का पैपी हरियाणवी नंबर नंदी के बीर रिलीज किया है। टी सीरीज ने एक हरियाणवी अपबीट सॉन्ग लॉन्च किया है जिसका टाइटल ह्यनंदी के बीयरह्न है, जिसमे बिगबॉस 3 फेम सपना चौधरी नज़र आ रही हैं और उनके साथ विवेक राघव दिख रहे हैं। यह एक पैपी रोमांटिक नंबर है। नंदी के बीर को नोनू राणा ने गाया है और वीडियो का निर्देशन मणि शेरगिल ने किया है। राजू गुढ़ा द्वारा लिखित यह गाना एक जोड़े के बीच की मजेदार केमिस्ट्री को दर्शाने वाला एक खूबसूरत गाना है।यह गाना अब टी सीरीज के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध है।

## प्रदेश >> अपडेट

### मकान में घुसा ट्रक, तीन मरे

**प्रतापगढ़** : उत्तर प्रदेश में प्रतापगढ़ जिले के नगर कोतवाली क्षेत्र में एक ट्रक के मकान में घुसने से गहरी नींद में सो रहे एक परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गयी है। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि वाराणसी-लखनऊ राजमार्ग पर बीती रात यह हादसा उस समय हुआ जब सराय बहेलिया गावँ के एक मकान में बेकाबू ट्रक के घुस जाने से मकान के अंदर सो रहे रहे पिता पुत्री समेत तीन लोगों की कुचल कर मृत्यु हो गयी।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### तेलंगाना: निवेश धोखाधड़ी का भंडाफोड़, नौ गिरफ्तार

**हैदराबाद**: तेलंगाना में हैदरबाद शहर की साइबर अपराध इकाई ने नौ आरोपियों को गिरफ्तार कर 712 करोड़ रुपये के निवेश धोखाधड़ी का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने शनिवार को यहां कहा कि आरोपियों को निवेश धोखाधड़ी में दुबई और चीनी धोखेबाजों के साथ संबंध रखने के आरोप में मुंबई, लखनऊ, गुजरात और हैदराबाद से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों को लोगों को उनके निवेश पर ज्यादा रिटर्न दिलाने के वादे के साथ धोखा देने के आरोप में गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के पास से मोबाइल फोन, लैपटॉप और डेबिट कार्ड जब्त किए हैं।

### ईडी ने छत्तीसगढ़ में वरिष्ठ आईएएस अधिकारी को किया गिरफ्तार

**रायपुर** : की टीम ने छत्तीसगढ़ की भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की अधिकारी रानू साहू को कथित रूप से कोयला वसूली मामले में आज गिरफ्तार कर लिया है। ईडी की टीम ने कल उनके राजधानी स्थित शासकीय आवास पर छापे की कार्रवाई की थी,उनसे लगातार पूछताछ के बाद आज गिरफ्तार कर लिया और ईडी की विशेष अदालत में पेश किया है।ईडी द्वारा उन्हे रिमांड पर मांगे जाने की संभावना है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### जौनपुर में मणिपुर की अमानवीय घटना के खिलाफ कांग्रेसियों का प्रदर्शन

**जौनपुर**: मणिपुर में महिलाओं के साथ हुई अमानवीय घटना के विरोध में शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में जुलूस निकाल कर प्रदर्शन किया। जौनपुर कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष फैसल हसन तबरेज और शहर अध्यक्ष विशाल सिंह हुकुम एडवोकेट की अगुवाई में कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए और केंद्र व मणिपुर सरकार के खिलाफ जबरदस्त नारेबाजी की। कांग्रेसियों ने मणिपुर सरकार की बर्खास्तगी और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग का ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। तबरेज ने कहा कि मणिपुर कि घटना ने सभी भारत वासियों के दिलों को झकझोर कर रख दिया है, इसके बावजूद केंद्र की भाजपा सरकार और मणिपुर की भाजपा सरकार हाथ पे हाथ रखे बैठी है। राष्ट्रपति से हम मांग करते हैं कि तत्काल प्रभाव से मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगा कर शांति स्थापित करें।

### सहारनपुर में बारिश के चलते शाकुंभरी मंदिर में बाढ़ के हालात

**सहारनपुर** : शिवालिक पर्वत श्रृखंला में शुक्रवार रात से हो रही बारिश से सहारनपुर स्थित शाकुम्भरी देवी मन्दिर के आसपास बाढ की स्थिति बनी हुई है। अपर पुलिस अधीक्षक सागर जैन ने बताया कि श्रद्धालुओ को शाकुम्भरी देवी दर्शन को टालने की अपील की जा रही है। उधर हथनीकुन्ड बैराज से शनिवार दोपहर तक दो लाख 51 हजार 587 क्यूसेक पानी छोडे जाने के कारण बरसाती नदियां उफान पर हैं। मिर्जापुर थाना क्षेत्र प्रभारी ने बताया कि मिर्जापुर व बेहट क्षेत्र की कल रात से हो रही पहाड़ी व मैदानी क्षेत्रो में बारिश से बरसाती नदियों में व हथनिकुण्ड से पानी छोडे जाने से भी बादशाही बाग नदी उफान पर है।

**आरोप** | मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भाजपा पर झूठ बोलने और राज्य सरकार को बदनाम करने का लगाया आरोप

# कांग्रेस सरकार के काम से बने माहौल से बौखलाई भाजपा: गहलोत

- भाजपा ने निकम्मापन दिखाया है
- अब भाजपा को नहीं सहेगी राजस्थान की जनता



राष्ट्रीय ख़बर

**जयपुर** : राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर झूठ बोलकर राज्य की कांग्रेस सरकार को बदनाम करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि वह राज्यसरकारकी लोककल्याणकारी योजनाओं एवं उसके फैसलों से प्रदेश में बने माहौल से घबराई गई है और जनता को गुमराह करने में लगी है। श्री गहलोत न्यूनतम आय गारंटी विधेयक के विधानसभा में पारित होने एवं सामाजिक सुरक्षा के लिए ऐसा कानून बनाने वाला राजस्थान देश का पहला राज्य बनने के उपलक्ष्य में शनिवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में यह बात कही। उन्होंने कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार जिस तरह से एक के बाद एक ऐतिहासिक योजनाएं लाकर लोगों को लाभांवित कर अपनी छाप छोड़ रही हैं और प्रदेश में जो माहौल बना हैं उससे भाजपा के लोग बौखला गये है। उन्होंने कहा कि इस कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा सहित भाजपा नेता बार बार राजस्थान आ रहे हैं और झूठ बोलकर जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे है। उन्होंने कहा कि भाजपा के अभियान नहीं सहेगा राजस्थान का जिक्र करते हुए कहा कि अब भाजपा को नहीं सहेगी राजस्थान की जनता, क्योंकि उन्होंने निकम्मापन दिखाया है और उसने जनता के लिए कुछ नहीं किया है। उन्होंने कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार द्वारा प्रदेश में इतनी योजनाएं लाई गई हैं जिसकी पूरे देश में सराहना हो रही है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में योजनाओं की घोषणाएं ही नहीं हुई बल्कि इन्हें धरातल पर उतारकर लोगों को फायदा भी पहुंचाया गया हैं और इस कारण प्रदेश में सरकार के पक्ष में माहौल बना हैं जिससे भाजपा के लोग घबरा गये। उन्होंने कहा कि उनके पास कहने को कुछ नहीं हैं इस कारण वे बौखलाकर राज्य सरकार पर धावा बोला है और रटी-रटाई बातें बोलते हैं। उन्होंने कहा कि हर राज्य में विपक्ष बोलता है कि भ्रष्टाचार बढ़ गया है। महिलाओं पर अत्याचार बढ़ गए हैं। इस तरह ये लोग रटी-रटाई बातें कर रहे हैं। यहां के नेताओं को प्रधानमंत्री और श्री शाह को जवाब देना पड़ता है कि सरकार के खिलाफ मुद्दा क्यों नहीं बनाया। इसलिए भाजपा के नेता बार बार राजस्थान में कानून व्यवस्था को लेकर मुद्दा उठा रहे है लेकिन इसका जनता पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। कितने ही झूठ बोलो, लेकिन भाजपा का जनता में असर ही नहीं है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाते कहा कि भाजपा राजस्थान में सभी थानों में एफआईआर अनिवार्य करने से अपराध के बढ़े आंकड़ों का दुरुपयोग करने लगी है और कह रही है कि प्रदेश में अपराध बढ़ रहा हैं लेकिन ऐसा नहीं है। वह सरकार के खिलाफ गलत माहौल बना रही है। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर राजस्थान की स्थिति अच्छी है और राजस्थान में अनिवार्य एफआईआर लागू करने का इंपेक्ट पूरे देश के अंदर है। उन्होंने कहा कि हमारे नवाचारों की वजह से तफ्तीश का समय कम हो गया।

## आप ने की पानी की दरों में वृद्धि वापस लेने की मांग



एजेंसियां

**चंडीगढ़**: हरियाणा आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता एवं किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज राठी ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा पानी की कीमतों में की गई वृद्धि की कड़ी निंदा करने के साथ ही इसे जनता की जेब पर आर्थिक बोझ बताते हुए तुरंत वापस लेने की मांग की है। राठी ने शनिवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि जनता पहले ही महंगाई का दंश झेल रही है और प्राधिकरण ने पानी की दरों में 25 प्रतिशत तक वृद्धि कर जले पर नमक छिड़कने का काम किया है। उन्होंने कहा कि राज्य में भारी बारिश और बाढ़ के कारण जलभराव होने से लोगों को खाने-पीने के सामान से लेकर बिजली-पानी और मवेशियों के चारे तक की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। राज्य में लाखों एकड़ फसल पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है।

जब भी मोदी सरकार डरती है, अपने मंत्रियों को बिल से बाहर निकालती है

## मणिपुर की हिंसा पर सदन में आकर जवाब दें मोदी : कांग्रेस

एजेंसियां

**नयी दिल्ली**: कांग्रेस ने कहा है कि मणिपुर को लेकर मोदी सरकार राजनीति कर रही है और इस मुद्दे पर विपक्ष के सवालों से भाग रही है इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संसद में मणिपुर को लेकर जवाब देने से बच रहे हैं। कांग्रेस नेता मती रंजीत रंजन ने शनिवार को यहां पत्रकारों से कहा कि लगभग तीन महीने से मणिपुर जल रहा है। महिलाओं के साथ अत्याचार हो रहे हैं और शर्मनाक घटनाएं वहां हुई है लेकिन मोदी ने संसद की बजाय संसद के बहार इस मुद्दे पर बयान दिया है और उसमें भी राजस्थान तथा छत्तीसगढ़ जैसे



कांग्रेस शासित राज्यों का नाम लेकर राजनीति की है। सरकार सदन के भीतर नहीं बल्कि बाहर बोलती है और अब बाल विकास तथा महिला कल्याण मंत्री ने इस पर बयान दिया है। केंद्रीय मंत्री को घेरते हुए उन्होंने कहा,जब भी मोदी सरकार डरती है, अपने मंत्रियों को बिल से बाहर निकालती है। ये एक भगोड़ी सरकार है जो विपक्ष से डरती है, सदन में आने से डरती है और सवालों से बचती है। हम चाहते हैं कि मोदी सदन में आएं और मणिपुर में हो रही हिंसा पर चर्चा हो। उन्होंने कहा,ह्यमणिपुर के मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि वायरल वीडियो में जिस तरह महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार हुआ है, वैसी राज्य में सैकड़ों घटनाएं हुई हैं और कई प्राथमिकताएँ दर्ज हैं। क्या इसकी जानकारी प्रधानमंत्री को नहीं होगी। जहां हिंसा हो रही है, वह अंतरराष्ट्रीय सीमा वाला इलाका है, तो क्या सरकार को सदन में इस बारे में जवाब नहीं देना चाहिए। इस बीच राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा, मुझे अफसोस है।

## अमरनाथ यात्रा: जम्मू आधार शिविर से 3,472 तीर्थयात्रियों का जत्था रवाना



एजेंसियां

**जम्मू**: जम्मू कश्मीर के भगवती नगर आधार शिविर से 'बम बम भोले' का जयकारा करते हुए 3,472 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था शनिवार को दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित पवित्र श्री अमरनाथ गुफा के दर्शन के लिए रवाना हुआ।

एक अधिकारी ने बताया कि 3,472 तीर्थयात्री 132 वाहनों के काफिले में आधार शिविर से रवाना हुए। उन्होंने बताया कि 2515 तीर्थयात्रियों के समूह में 2042 पुरुष, 395 महिलाएं, 12 बच्चे, 63 साधु और तीन साध्वियां शामिल है जो 93 वाहनों के काफिले में पहलगाम के लिए रवाना हुए।

इसी तरह बालटाल के लिए 957 श्रद्धालु रवाना हुए जिनमें 689 पुरुष और 268 महिलाएं शामिल है। सभी श्रद्धालु कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 39 वाहनों के काफिले में रवाना हुए। गौरतलब है बाबा बर्फानी के पवित्र गुफा के दर्शन के लिए वार्षिक यात्रा एक जुलाई को शुरू हुई और यह 31 अगस्त को समाप्त होगी।

## भाजपा में शामिल होंगे साहब सिंह सैनी

एजेंसियां

**सहारनपुर**: पश्चिम की राजनीति में खासा दखल रखने वाले समाजवादी पार्टी (सपा) नेता और पूर्व मंत्री साहब सिंह सैनी सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो सकते हैं। सैनी ने शनिवार शाम पत्रकारों को बताया कि वह सोमवार को लखनऊ में भाजपा के शीर्ष नेताओं की मौजूदगी में भाजपा में शामिल होंगे। उन्होंने पार्टी में शामिल होने की कोई शर्त नहीं रखी है। जो भी पार्टी का आदेश-निर्देश होगा वह उन्हें सिरोद्धार्य होगा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सहारनपुर और मुरादाबाद मंडलों में सैनी बिरादरी के मतदाताओं की अच्छी-खासी संख्या है। इस बिरादरी की सोच कट्टर हिंदूवादी और राष्ट्रवादी है। सभी दलों ने इस बिरादरी को समय-समय पर भरपूर भागीदारी दी है। पांच दिसंबर 2022 को सहारनपुर मंड़ल की खतौली विधान सभा सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार राजकुमारी सैनी (पूर्व प्रधान कवाल) पत्नी पूर्व विधायक विक्रम सैनी सपा समर्थित रालोद उम्मीदवार गुर्जर बिरादरी के मदन भैय्या से 22 हजार वोटों से भारी अंतर से चुनाव हार गई थी। भाजपा की सारी रणनीति और उसके सारे स्टार प्रचारक भाजपा को खतौली सीट पर जीत नहीं दिला पाए थे। तभी से भाजपा के रणनीतिकार इस बिरादरी के दूसरे दलों में स्थापित नेताओं को भाजपा में लाने को जुट गए थे।

**पड़ताल** | सिरप में जहरीले प्रदूषक डायथिलीन ग्लाइकोल का स्तर बहुत अधिक था

# जहरीले सिरप मामले में डब्ल्यूएचओ ने भारत से मांगी मदद

- अन्य देशों से भी संपर्क किया गया है
- 2022 में, गाम्बिया, उज्बेकिस्तान और इंडोनेशिया में 300 से अधिक बच्चों की मौत से दवाओं को जोड़ा गया था



राष्ट्रीय ख़बर

**नईदिल्ली**: विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने भारतीय अधिकारियों से दूषित कफ सिरप की उत्पत्ति का पता लगाने में मदद मांगी है, जिसे कैमरून में बच्चों की मौत से जोड़ा गया है। संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने बुधवार को नेचरकोल्ड नाम के एक सिरप के बारे में चेतावनी जारी की, जो कैमरून में बेचा गया था और वहां के अधिकारियों ने इसे कम से कम छह बच्चों की मौत से जोड़ा था। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि सिरप में जहरीले प्रदूषक डायथिलीन ग्लाइकोल का स्तर बहुत अधिक था। नेचरकोल्ड के निमार्ता को पैकेट पर फ्रैकेन इंटरनेशनल (इंग्लैंड) के रूप में सूचीबद्ध किया गया है, लेकिन यूके नियामक ने डब्ल्यूएचओ को बताया कि ऐसी कोई कंपनी मौजूद नहीं है। एक प्रवक्ता ने बताया कि बुधवार को अलर्ट जारी होते ही डब्ल्यूएचओ ने भारत के नियामक को पत्र लिखकर इसमें शामिल हो सकने वाली भारतीय कंपनियों तक पहुंचने में मदद मांगी। उन्होंने कहा कि अन्य देशों से भी संपर्क किया गया है। नेचरकोल्ड के बारे में चेतावनी दुनिया भर में बिकने वाले दूषित कफ सिरप के बारे में हाल के महीनों में जारी की गई कई समान चेतावनियों में से नवीनतम है। 2022 में, गाम्बिया, उज्बेकिस्तान और इंडोनेशिया में 300 से अधिक बच्चों की मौत से दवाओं को जोड़ा गया था। इस साल की शुरूआत में एक अन्य चेतावनी में यह भी कहा गया था कि मार्शल द्वीप और माइक्रोनेशिया में दूषित दवाएं पाई गई थीं, लेकिन वहां कोई मौत की सूचना नहीं मिली है।

डब्ल्यूएचओ ने कहा है कि खतरा बरकरार है। सभी सिरप अलग-अलग भारतीय निमार्ताओं द्वारा बनाए गए हैं, हालांकि चार में से तीन घटनाओं में, वे भारतीय निर्मित हैं। इंडोनेशिया में मौतें घरेलू स्तर पर बने सिरप से जुड़ी थीं। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि इस पैटर्न का मतलब है कि कैमरून में हुई घटना के बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए भारत के साथ काम करना एक उच्च प्राथमिकता है। इसने पहले कहा था कि कफ सिरप की घटनाओं और इसमें शामिल आपूर्ति श्रृंखलाओं के बारे में अधिक जानने के प्रयास भारतीय अधिकारियों और दवा निमार्ताओं की ओर से जानकारी की कमी के कारण बाधित हुए थे। भारत और कैमरून के अधिकारियों ने इस बारे में आधिकारिक तौर पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

## न्यूज फटाफट

### अमेरिका के ओहोनुआ में 5.5 तीव्रता का भूकंप

**न्यूयॉर्क**: अमेरिकी में शुक्रवार को शाम सात बजकर एक मिनट (जीएमटी) पर टोंगा से 144 किमी दक्षिण मेंओहोनुआ में 5.5 तीव्रता का भूकंप आया। अमेरिकी भूगर्भीय सर्सेक्षण विभाग ने यह जानकारी दी। भूकम्प को क्षेत्र 11.5 किलोमीटर गहराई पर था और शुरू में 22.64 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 175.04 डिग्री पश्चिम देशांतर पर निर्धारित किया गया।

### अमेरिकी अलास्का एयरलाइंस के विमान में खराबी आने के कारण दो बार उतरा

**सैन फ्रांसिस्को**: अमेरिकी लॉस एंजिल्स से सिएटल जाने वाली अलास्का एयरलाइंस की एक वाणिज्यिक उड़ान को गुरुवार दोपहर तकनीकी खराबी आने के कारण उडान को उत्तरी कैलिफोर्निया में डायवर्ट किया और सैक्रामेंटो अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विमान को उतारा गया। एयरलाइन अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एंकरेज डेली न्यूज ने शुक्रवार को एक रिपोर्ट में कहा कि उड़ान एएस1219 ने सैक्रामेंटो से सिएटल के लिए उड़ान भरी, लेकिन फिर से तकनीकी खराबी होने के बाद विमान को एक बार फिर से सैक्रामेंटो उतरा गया। अधिकारियों ने बताया कि बोइंग 737-990 विमान को लॉस एंजिल्स अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से सिएटल-टैकोमा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे तक जाना था। यह विमान 2003 से अलास्का एयरलाइंस की सेवा में है। अलास्का एयरलाइंस ने एक बयान में कहा, चालक दल को तकनीकी खराबी का संकेतक मिलते ही और एसएमएफ (सैक्रामेंटो अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे) की ओर डाइवर्ट (मोड़ने) के लिए मानक प्रक्रियाओं का पालन किया।

### मेक्सिको में बस और ट्रक की भिडंत में छह लोगों की मौत, 53 घायल

**मेक्सिको सिटी**: मैक्सिको के पश्चिमी प्रांत मिचोआकेन में एक बस और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और अन्य 53 घायल हो गए। स्थानीय अटॉर्नी जनरल के कार्यालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कार्यालय के अनुसार यह दुर्घटना स्थानीय समयानुसार देर रात एक बजे के करीब युरेकुआरो शहर के पास ला पिएदाद-विस्टा हरमोसा राजमार्ग पर हुई। उन्होंने कहा, 'सैन क्विंटिन, बाजा कैलिफ़ोर्निया से ओक्साका ले जा रही बस की किराने के सामान से भरे ट्रक से टक्कर हो गयी। जिससे बस में आग लग गयी। दोनों वाहनों के चालक सहित छह लोगों की मौत हो गई और घायलों को पैरामेडिक्स द्वारा सहायता प्रदान की गई और विभिन्न अस्पतालों में ले जाया गया। शवों की पहचान करने के लिए फोरेंसिक केंद्र ले जाया गया।

### जापान के इबाराकी में भूकंप के झटके महसूस किए गए

**टोक्यो**: जापान के टोक्यो के उत्तर-पूर्व इबाराकी प्रान्त के कुछ हिस्सों में भूकंप के मध्यम झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 4.8 मापी गयी। मौसम एजेंसी ने शनिवार को यह जानकारी दी। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) के अनुसार भूकंप के झटके स्थानीय समयानुसार सुबह 10:52 बजे महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र इबाराकी के पास 36.5 डिग्री उत्तर अक्षांश और 140.8 डिग्री पूर्व देशांतर पर सतह से 50 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। एजेंसी ने सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की है।

### नासा का मार्स हेलीकॉप्टर मंगल ग्रह पर नई उड़ान भरेगा

**लॉस एंजिल्स**: नासा के मार्स हेलीकॉप्टर की शनिवार को मंगल ग्रह (रेड प्लानेट) पर एक नई उड़ान भरने की उम्मीद है। एजेंसी ने यह जानकारी दी है। नासा एजेंसी के अनुसार हेलीकॉप्टर को अपनी नई उड़ान में 10 मीटर की ऊंचाई तक पहुंचने और 203 मीटर की यात्रा करने के लिए लगभग 137 सेकंड लेने की उम्मीद है। जो मंगल ग्रह पर यह 53वीं उड़ान है। इनजेन्युटी मार्स हेलीकॉप्टर 18 फरवरी, 2021 को मंगल ग्रह के जेज़ेरो क्रेटर पर पहुंचा, जो नासा के पर्सविरंस रोवर से जुड़ा हुआ था। यह हेलीकॉप्टर पहली बार किसी अन्य ग्रह पर संचालित उड़ान का परीक्षण करने के लिए टेक्नोलॉजी प्रदर्शन पर जा रहा है। नासा के अनुसार हेलीकॉप्टर को एक बार में लगभग 300 मीटर की दूरी और सतह से लगभग तीन से 4.5 मीटर की दूरी 90 सेकंड में उड़ान भरने के लिए डिज़ाइन किया गया था।

### इज़रायली सैनिकों ने की फिलिस्तीनी युवक की हत्या

**रामल्लाह** : फलिस्तीन में वेस्ट बैंक के नब्लस शहर में इज़रायली सैनिकों ने एक फ़िलिस्तीनी की हत्या कर दी। यहां के चिकित्सकों और प्रत्यक्षदर्शियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। नब्लस में रेड क्रिसेंट सोसाइटी में एम्बुलेंस और आपातकालीन विभाग के प्रमुख अहमद जिब्रील ने बताया कि इजरायली सैनिकों ने सेबस्टिया शहर में एक युवा फिलिस्तीनी की हत्या कर दी और एक अन्य को घायल कर दिया।

### आज का इतिहास

- 1903 : फोर्ड मोटर कंपनी ने अपनी पहली कार बेची।
- 1905 : अल्फ्रेड डीकीन दूसरी बार ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री बने।
- 1914 : आस्ट्रिया-हंगरी ने सर्बिया को आर्चड्यूक फ्रांज फर्डिनेंड की हत्या की जांच करने के लिए एक अल्टीमेटम के साथ प्रस्तुत किया।
- 1927 : इंग्लैंड और यॉर्कशायर के विल्फ्रेड रोड्स 1,000 प्रथम श्रेणी क्रिकेट मैचों में एकमात्र व्यक्ति बन गए।
- 1940 : अमेरिका के अंडर सेक्रेटरी ऑफ स्टेट सुमेर वेल्स ने एक घोषणा पत्र जारी किया कि अमेरिका सोवियत संघ के ब्रेटल राज्यों की घोषणा को मान्यता नहीं देगा।
- 1942 : होलोकास्ट-द गैस चैंबर्स ट्रेब्लिका एक्सट्रिमिनेशन कैंपबेगन ऑपरेशन में, युद्ध से निकाले गए 6,500 यहूदियों को घेट्टो में एक दिन पहले देखा गया था।
- 1952 : यूरोपीय कोयला और इस्पात समुदाय की स्थापना की गयी।
- 1960 : यूसुफ बिन इशक ने सिंगापुर में सेंट जॉन एम्बुलेंस का मुख्यालय का उद्घाटन किया।
- 1970 : कबूस ने अपने पिता सैद बिन तैमूर को उखाड़ फेंका जो सुल्तान ऑफ़ ओमान बन गया।
- 1972 : संयुक्त राज्य अमेरिका ने लैंडसैट १, की शुरूआत की जो की पहला पृथ्वी-संसाधन उपग्रह है।
- 1974 : ग्रीस के सैन्य शासक को ग्रीस में सात साल के सैन्य शासन के समापन के बाद नागरिक सरकार द्वारा प्रतिस्थापित किया गया।
- 1983 : लंका के गृह युद्ध की शुरुआत तब हुई जब तमिल ईलम के लिबरेशन टाइगर्स के सदस्यों ने लंका के सेना के सैनिकों के एक काफिले पर हमला कर दिया।
- 1983 : एयर कनाडा फ़्लाइट 143 ने चालक दल द्वारा विमान को पूरी तरह से ईंधन से बाहर निकालने के लिए मजबूर करने के बाद बिना किसी नुकसान के, जीवन की हानि के बिना कनाडा के गिमली, मानिटोबा में एक आपातकालीन लैंडिंग की।
- 1983 : जापान के पश्चिमी शिमन प्रान्त में भारी बारिश से 117 लोग मरे।
- 1983 : तमिल टाइगर्स के नाम से विख्यात एलटीटीई विद्रोहियों और लंका सरकार के बीच पहला युद्ध शुरू हुआ।
- 1984 : पहली अफ्रीकी-अमेरिकी मिस अमेरिका वैनेसा विलियम्स ने पेंटहाउस मैगजीन की नग्न तस्वीरें प्रकाशित होने के बाद घोटाले में इस्तीफा दे दिया, जो दो साल पहले ली गई थीं।
- 1984 : वनेसा विलियम्स ह्यमिस अमेरिकाह्न के इतिहास में अपना खिताब छोड़ने वाली पहली महिला बनी। एक नग्न तस्वीर के कारण उन्हें खिताब छोड़ने को मजबूर किया गया।
- 1985 : कमोडोर ने न्यूयॉर्क के लिंकन सेंटर में अमिगा निजी कंप्यूटर की शुरुआत की।

## 12 नव प्रोन्नत अधीक्षण अभियंता की पोस्टिंग

**रांची:** पथ निर्माण विभाग ने 12 नव प्रोन्नत अधीक्षण अभियंता को पदस्थापित किया है। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गयी है। इनमें छह इंजीनियरों को ग्रामीण कार्य विभाग, तीन को नगर विकास विभाग, तीन को भवन निर्माण व तीन अभियंताओं की सेवा अधीक्षण अभियंता के पद के लिए दी गयी है।राकेश कुमार-नगर विकास विभाग,राजीव लोचन-सेवा ग्रामीण कार्य, उपेंद्र शर्मा-सेवा ग्रामीण कार्य, प्रमोद कुमार- सेवा ग्रामीण कार्य, लाल दीपकनाथ शाहदेव- सेवा ग्रामीण कार्य विभाग, सेवा ग्रामीण कार्य विभाग, जय प्रकाश सिंह- सेवा भवन निर्माण विभाग, प्रसुन्न कुमार सेवा नगर विकास विभाग।

**योजना** सीएम सारथी योजना की शुरूआत, 80 प्रखंडों में शुरू हुआ बिरसा प्रशिक्षण केंद

# प्रतिभाशाली युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ना लक्ष्य : मुख्यमंत्री





राष्ट्रीय खबर

**रांची:** सीएम हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत बिरसा योजना एवं रोजगार प्रोत्साहन भत्ता व परिवहन भत्ता वितरण कार्यक्रम की शुरूआत की। मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार मुख्यमंत्री ने इस योजना का विधिवत शुभारंभ किया। मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव के दौरान हमने जो वादे किये थे कि राज्य के युवाओं को सरकार हुनरमंद बनायेगी और प्रोत्साहन भत्ता भी देगी। सरकार ने उन वादों में एक ये वादा यह भी पूरा कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की मंशा है कि राज्य के नौजवानों को हुनरमंद बनाने का काम करेगी, ताकि भविष्य में कहीं भी रोजगार पाने में उन्हें मुश्किलों का सामना न करना पड़े। कई विभागों द्वारा लगातार युवाओं को जो पढ़े-लिखे हैं या पढ़े-लिखे नहीं हैं उन्हें भी प्रशिक्षित करने का काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने लगभग 20 हजार युवाओं को विभिन्न प्राइवेट कंपनियों में रोजगार दिलाने का काम किया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि स्किल डेवलपमेंट हर इंसान के लिए जरूरी है। अगर आप हुनरमंद हैं तो आप कहीं भी रहेंगे लेकिन भूखे नहीं रहेंगे। कार्यक्रम में ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, श्रममंत्री सत्यानंद भोक्ता, विनय कुमार चौबे के अलावा सचिव राजेश कुमार शर्मा, श्रमायुक्त संजीव बेसरा, अपर सचिव अमित प्रकाश समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे। प्रशिक्षण ले रहे युवाओं से मुख्यमंत्री ने की बात, 1039 लाभुकों के खाते में राशि भेजी गयी।मौके पर मुख्यमंत्री ने पांच सेंटर में प्रशिक्षण ले रहे युवाओं से बातचीत की। इस योजना के तहत विभिन्न सेंटर्स में प्रशिक्षण ले रहे ट्रेनर्स को रोजगार प्रोत्साहन और परिवहन भत्ता



दिया गया। सीएम ने ऑनलाइन माध्यम से सभी के खाते में पैसे हस्तांतरित किए। प्रशिक्षणार्थियों को आगे भी डीबीटी के माध्यम से पैसे दिए जाएंगे। आज सीएम हेमंत सोरेन ने 1039 लाभुकों के खाते में 13,03,500 रुपये बतौर प्रोत्साहन भत्ता भेजे। इनमें 528 छात्राएं और 511 छात्र के खाते में पैसे भेजे गए। वहीं, परिवहन भत्ता के रूप में 2178 लाभुकों के खाते में 11, 87, 840 रुपये भेजे। इसमें छात्र की संख्या 273 और छात्राओं की संख्या 1905 है।तीन माह के अंदर नियोजन नहीं होने की स्थिति में रोजगार प्रोत्साहन भत्ता के रूप में युवकों को 1000/- और युवतियों/दिव्यांग/परलैंगिक को प्रतिमाह 1500/- अधिकतम एक वर्ष के लिए डीबीटी के माध्यम से दी जाएगी। साथ ही, गैर आवासीय प्रशिक्षण के प्रशिक्षणार्थियों को उनके घर से प्रशिक्षण केंद्र तक आने-जाने के लिये प्रतिमाह 1000/- डीबीटी के माध्यम से भेजे जाने का प्रावधान है। अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 1800-123-3444 पर निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण के लिए युवा संपर्क कर सकते हैं।

## ज्यादा कीमत पर शराब बिक्री को लेकर दुकानदार से मारपीट



राष्ट्रीय खबर

**रांची:**झारखंड में शराब बिक्री से अवैध कमाई का गोरखधंधा जोरों पर है। यहां खुलेआम एमआरपी से ज्यादा कीमत पर शराब बिक रही है। ज्यादा एमआरपी पर शराब बेचने को लेकर रांची के हटिया चौक स्थित शराब दुकानदार और ग्राहक के बीच जमकर मारपीट हो गयी। केवल एक दुकान में नहीं बल्कि हर दुकान में शराब एमआरपी से अधिक कीमत पर बेचा जा रहा है। इसको लेकर हर दिन दुकानदार और ग्राहकों के बीच नोकझोंक होती रहती है। आंकड़ों के अनुसार, राज्य में हर दिन औसतन दस करोड़ की शराब बिकती है। यहां एमआरपी से करीब पांच प्रतिशत अधिक कीमत पर शराब की बिक्री होती है। इसका हिसाब निकालें तो पूरे राज्य में शराब बिक्री से हर दिन करीब 50 लाख रुपये की अवैध कमाई हो रही है। लगभग सभी शराब दुकानों में बीयर पर दस रुपये, क्वार्टर पर दस, हाफ पर 20 और फुल पर 40 रुपये अधिक वसूला जा रहा है। ऐसा नहीं की यह चोरी-छिपे हो रहा है। सबकुछ डंके की चोट पर हो रहा है। कहीं नकदी में तो कहीं-कहीं कार्ड या ऑनलाइन भुगतान में भी यह हो रहा है। कुछ जगह पर कार्ड से भुगतान करने के बाद तो ग्राहकों को स्लीप भी नहीं दी जाती है। दुकान के बाहर एमआरपी का बोर्ड तो लगा है, लेकिन उसका अनुपालन नहीं हो रहा है।

### ट्रैफिक और पावर ब्लॉक के कारण कई ट्रेनों के समय में बदलाव

**रांची:** कोटशिला बरबंदा रेलखंड पर विकास कार्य के लिये ट्रैफिक और पावर ब्लॉक लिया जायेगा। इस कारण कुछ ट्रेनों के समय में बदलाव किया गया है, तो कुछ ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। जबकि कुछ के मार्ग में बदलाव किया गया है। रांची रेल मंडल की मानें तो ट्रेन संख्या 18035 और 18036 खड़गपुरहटिया-खड़गपुर एक्सप्रेस ट्रेन का आद्रा-हटिया-आद्रा के बीच परिचालन रद्द रहेगा। ट्रेन संख्या 18035/18036 खड़गपुर-हटियाखड़गपुर एक्सप्रेस ट्रेन 25 जुलाई को रद्द रहेगी। ट्रेन संख्या 18601 टाटानगर-हटिया एक्सप्रेस ट्रेन 24 जुलाई से 30 जुलाई तक निर्धारित मार्ग चांडिल, पुरुलिया, कोटशिला एवं मूरी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग चांडिल, गुंडा बिहार तथा मूरी होकर चलेगी। ट्रेन संख्या 18035 खड़गपुर-हटिया एक्सप्रेस ट्रेन 27 जुलाई और 30 जुलाई को अपने निर्धारित प्रस्थान समय के स्थान पर एक घंटे विलंब से प्रस्थान करेगी।

## रांची मेन रोड और हरमू बाईपास रोड में होर्डिंग लगाने के लिए कोई नया स्ट्रक्चर तैयार नहीं करेगा एडवर्टिजमेंट बोर्ड




राष्ट्रीय खबर

**रांची:**रांची मेन रोड में अब किसी तरह का एडवर्टिजमेंट बोर्ड (विज्ञापन पट्ट, होर्डिंग वगैरह) लगाये जाने को किसी तरह का स्ट्रक्चर तैयार नहीं किया जाएगा। साथ ही हरमू बाइपास रोड के लिए भी रांची नगर निगम द्वारा इससे संबंधित आदेश लागू होगा। निगम के अपर प्रशासक की ओर से आम सूचना जारी करते कहा गया है कि रांची नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत अभी ट्रैफिक की गहरी समस्या है। जगह की अनुपलब्धता भी है। ऐसे में महात्मा गांधी रोड (कचहरी चौक से हिनू चौक तक) नये विज्ञापन पट्ट की संरचना तैयार नहीं की जा सकेगी। इसके अलावा हरमू बाइपास रोड (रातू रोड चौक से बिरसा चौक तक) में भी किसी तरह की संरचना तैयार किए जाने पर अगले आदेश तक रोक रहेगी। यदि किसी विज्ञापन एजेंसी एवं अन्य के स्तर से अवैध तरीके से होर्डिंग की संरचना लगाई जाती है तो संबंधित एजेंसी का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया जायेगा। साथ ही झारखंड नगरपालिका अधिनियम-2011 की सुसंगत धाराओं के अधीन कार्रवाई की जायेगी।गौरतलब है कि अभी रांची में कई जगहों पर फ्लाईओवर के निर्माण का कार्य जारी है। इन सबके बीच होर्डिंग लगाने या एडवर्टिजमेंट बोर्ड लगाने को पहले से तैयार की गयी संरचनाओं के चलते समस्याएं आती रही हैं। ट्रैफिक की समस्या और विकट होती रही है। इसे देखते रांची नगर निगम ने फैसला लिया है कि अभी मेन रोड और हरमू बाइपास रोड एरिया में कहीं भी नयी संरचना तैयार नहीं करने दी जायेगी।

डेंगू रोधी माह
(जुलाई 2023)




डेंगू/चिकनगुनिया संक्रमित एडिस मच्छर के काटने से होता है

याद रखें- प्रत्येक रविवार दिन में 10 बजे, 20 मिनट- अपने घर एवं आस पास मच्छरों के प्रजनन को रोकने हेतु आवश्यक उपाय करें।

क्या करें
- डेंगू/चिकनगुनिया फैलाने वाले एडिस मच्छर साफ पानी में ही पनपते है, इसलिए पानी के बर्तनों, पानी की टंकी आदि को ढक कर रखें। घर के आस-पास सफाई रखें।
- जब भी सोयें, मच्छरदानी के अंदर ही सोयें।
- एडिस मच्छर हमेशा दिन के समय काटते है, इसलिए पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें।
- डेंगू/चिकनगुनिया बुखार के उपचार के लिए कोई विशेष दवा नही है। अगर डेंगू/चिकनगुनिया के लक्षण दिखाई दे, तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें।
- मच्छरों से बचाव के लिए घर की खिड़की तथा दरवाजे पर जाली लगवायें

क्या नहीं करें
- घर के आस-पास या छत पर प्रयोग में न आने वाले बर्तन, टायर आदि न रखें एवं घर में कूलर, बाल्टी, फूलदान, फ्रिज ट्रे में पानी जमा नहीं होने दें।
- टूटे हुए बर्तन, प्रयोग में नहीं आने वाली बोतलें, टिन, बेकार के टायरों को जमा न रखें, क्योंकि बारिश के मौसम में इन्हीं में पानी जमा होता है, जिसमें एडिस मच्छर पनपते हैं।
- बिना मच्छरदानी के नहीं सोयें।
- शरीर को पूरी तरह न ढकने वाले कपड़ों का प्रयोग नहीं करें।
- बुखार होने पर उसे अनदेखा नहीं करें।
- बगैर जाली लगे खिड़की तथा दरवाजे शाम एवं सुबह में खुले न रखें, क्योंकि इस समय मच्छरों का प्रकोप अधिक रहता है।

तेज बुखार, जोड़ों एवं मांसपेशियों में दर्द को अनदेखा न करें, यह डेंगू/चिकनगुनिया हो सकता है।

ये लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। 104

PR 302954 (Health Med Edu and Family Welfare)23-24

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार